राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 02 अप्रैल 2026

वर्ष 07, अंक 179, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

गैस डिलीवरी मैन की बेटी बनी PCS अधिकारी....3

उपेक्षा की राजनीति के खिलाफ युद्ध की घोषणा...12

# ट्रंप का ऐलान- यूएस जल्द ही युद्ध से हट जाएगा

● देश को संबोधित कर बाकी बातें बताएंगे।



**ब्यूरो प्रयागराज।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका बहुत जल्द ईरान के खिलाफ चल रहे अपने सैन्य अभियान को खत्म कर सकता है। शायद दो से तीन हफ्तों के भीतर। यह बयान ऐसे समय आया है जब पिछले एक महीने से चल रहा यह युद्ध पूरे मिडिल ईस्ट को हिला चुका है और वैश्विक ऊर्जा बाजारों को अस्थिर कर चुका है। हालांकि वॉल स्ट्रीट जनरल ने मंगलवार को ही यह खबर दे दी थी कि ट्रंप को उनके नज़दीकी सलाहकारों ने ईरान युद्ध से जल्द से जल्द बाहर निकलने की सलाह दी है। ट्रंप आज बुधवार 1 अप्रैल को राष्ट्र को संबोधित करने वाले हैं, जिसमें वो सारी बातें साफ करेंगे।

व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, 'हम बहुत जल्द वहां से निकल जाएंगे।' उन्होंने आगे जोड़ा कि यह वापसी 'दो हफ्तों में, शायद दो या तीन हफ्तों में' हो सकती है। यह अब तक का उनका सबसे स्पष्ट संकेत माना जा रहा है कि अमेरिका इस सैन्य अभियान को समेटने की तैयारी कर रहा है। दिलचस्प बात यह रही कि ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया कि इस युद्ध को खत्म करने के लिए ईरान के साथ किसी कूटनीतिक समझौते की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, 'ईरान को कोई डील करने की जरूरत नहीं है... उन्हें मेरे साथ कोई समझौता करने की आवश्यकता नहीं है।

ईरान युद्ध में बुरी तरह फँसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब सहायता नहीं मिलने पर ब्रिटेन जैसे अपने सहयोगी देशों पर बौखला गए हैं। उनको धमकाते हुए उन्होंने चेताया है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से तेल की कमी झेल रहे देशों के पास सिर्फ दो रास्ते हैं- या तो अमेरिका से तेल खरीदें, या खुद जाकर होर्मुज से तेल ले आएं।

ट्रंप ने सीधे अपने सहयोगी देशों से साफ़-साफ़ कह दिया है कि अमेरिका हमेशा उनकी मदद नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि जो देश ईरान के ख़िलाफ़ अमेरिकी अभियान में शामिल नहीं हुए, उन्हें अब खुद लड़ना सीखना होगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा।

होर्मुज बंद होने से यूनाइटेड किंगडम जैसे जिन देशों को जेट फ्यूल नहीं मिल पा रहा है और जिसने ईरान के खिलाफ कार्रवाई में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है, उनको मेरी सलाह है- नंबर 1- अमेरिका से खरीदो, हमारे पास बहुत है। नंबर 2 - थोड़ी हिम्मत जुटाओ, होर्मुज जाओ और बस ले लो। उन्होंने आगे लिखा, 'तुम्हें अब खुद के लिए लड़ना सीखना होगा। अमेरिका अब तुम्हारी मदद नहीं करेगा, जैसा तुम हमारी मदद को नहीं आए थे। ईरान को क़रीब-क़रीब तबाह कर दिया गया है। मुश्किल काम हो गया। अब जाओ और अपना तेल खुद ले आओ!'

अमेरिका और इसराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर सीमित सैन्य कार्रवाई की। इसके जवाब में ईरान ने दुनिया के सबसे अहम जलमार्ग स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज को ब्लॉक कर दिया। यह जलमार्ग दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल का परिवहन करता है।

इस ब्लॉकेड से वैश्विक तेल की कीमतें तेजी से बढ़ गईं और 75 डॉलर प्रति बैरल से 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गई। कई देशों में जेट फ्यूल और पेट्रोल की कमी हो गई है। कहा जा रहा है कि अमेरिका पर भी इसका असर पड़ा है। इस बीच ट्रंप ने पहले सहयोगी देशों से अपील की थी कि वे युद्धपोत भेजकर होर्मुज को सुरक्षित करें। लेकिन ब्रिटेन समेत बड़े मित्र देशों ने साफ़ इनकार कर दिया या ज़्यादा मदद नहीं की। अब ट्रंप नाराज़ हैं और कह रहे हैं कि अमेरिका अकेला सब नहीं संभालेगा।

इस बीच ईरान की संसद की एक अहम समिति ने होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर टोल यानी टैक्स लगाने का प्रस्ताव पास कर दिया है। यह टोल ईरान की अपनी मुद्रा रियाल में लिया जाएगा। योजना में अमेरिका और इसराइल से जुड़े जहाजों पर सख्त पाबंदी लगाई गई है। जो देश ईरान पर एकतरफा प्रतिबंध लगाते हैं, उनके जहाजों को भी रोकने की बात कही गई है। ईरान कह रहा है कि वह होर्मुज पर अपना संप्रभु अधिकार लागू कर रहा है।

# अमरावती को मिली वैधानिक राजधानी की मान्यता, आंध्र प्रदेश पुनर्गठन संशोधन बिल लोकसभा में पास



आंध्र प्रदेश पुनर्गठन से जुड़ा एक अहम विधेयक लोकसभा में पारित हो गया है. इस बिल का मकसद अमरावती को राज्य की वैधानिक राजधानी का दर्जा देना है. सदन में इसे सर्वसम्मति से मंजूरी मिली, हालांकि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (YSRCP) के सांसदों ने इसका विरोध जताया। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन से जुड़े एक महत्वपूर्ण विधेयक को लोकसभा में सर्वसम्मति से पास कर दिया. इस बिल का उद्देश्य अमरावती को राज्य की वैधानिक राजधानी के रूप में स्थापित करना है. इस बिल को सदन में सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया. हालांकि, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (YSRCP) के सांसदों ने इसका विरोध किया. पार्टी के सांसद मिथुन रेड्डी ने बिल के खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज कराई और इसके बाद YSRCP के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। इस मुद्दे पर लोकसभा में करीब डेढ़ घंटे तक चर्चा चली, जिसमें कुल 16 सांसदों ने भाग लिया। लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह के बदले राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आंध्र प्रदेश रीऑर्गेनाइजेशन बिल को इंट्रोड्यूस किया और आखिर में समापन भाषण भी नित्यानंद राय ने ही दिया। चर्चा की शुरुआत करते हुए सबसे विधेयक के समर्थन में कांग्रेस के मणिक्कम टैगोर ने कहा कि किसी राज्य की प्रगति स्थिरता के बिना नहीं हो सकती और शासन व्यवस्था एक निश्चित केंद्र के बिना नहीं चल सकती. उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के तहत हुए विभाजन ने राज्य की आर्थिक संरचना को मौलिक रूप से बदल दिया है।

**वाईएसआर के सदस्यों का सदन से वॉकआउट**

दूसरे वक्ता के रूप में तेलुगु देशम पार्टी के नेता और केंद्रीय मंत्री चंद्र शेखर पेम्मासानी ने कहा कि आंध्र प्रदेश के लोग इस विधेयक और अमरावती को मिले वैधानिक दर्जे से उत्साहित हैं. उन्होंने कहा कि किसानों ने इसे राजधानी बनाने के लिए अपनी जमीनें दी हैं. तेलुगु देशम पार्टी सांसद ने इस कार्य में महिलाओं के योगदान को भी उजागर किया। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पीवी मिथुन रेड्डी ने कहा कि वर्तमान स्थिति में यह विधेयक जनता के लिए किसी काम का नहीं है. उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी अमरावती के खिलाफ नहीं है, बल्कि विधेयक के खिलाफ है. वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट भी किया।

**बहस में 16 सांसदों ने लिया हिस्सा**

बीजेपी सांसद सीएम रमेश ने कहा कि आंध्र प्रदेश को अपनी राजधानी अमरावती मिल रही है, जो जनता की राजधानी और हरित राजधानी होगी। इस बिल पर बहस में समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल कांग्रेस के आर रघुराम रेड्डी और वामसी कृष्ण गद्दाम, निर्दलीय सांसद पप्पू यादव सहित कुल 16 सांसदों ने हिस्सा लिया। अब ये बिल राज्यसभा से पास होने और उसके राजपत्र में शामिल होने के बाद आंध्र प्रदेश की राजधानी के रूप में स्थाई रूप से अमरावती का नाम तय हो जाएगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बाइक की सर्विसिंग अच्छी नहीं की' युवक ने गैरेज मालिक के सिर में मार दी गोली

**कटिहार में बाइक सर्विसिंग को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां एक ग्राहक ने गैरेज संचालक के सिर में गोली मार दी**



बिहार के कटिहार जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक गैरेज संचालक के सिर में गोली मार देने की घटना सामने आई है. बताया जा रहा कि एक व्यक्ति अपने बाइक की सर्विसिंग को लेकर के गैरेज में पहुंचा था. वह अपनी बाइक की सर्विसिंग से संतुष्ट नहीं था. इसी बात को लेकर के विवाद हुआ और उसने गैरेज संचालक के सिर में ही गोली मार दी. गोली लगने के बाद संचालक जिंदगी और मौत के बीच में जूझ रहा है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, कटिहार जिले के अमदाबाद थाना क्षेत्र के पूर्वी करीमुल्लापुर पंचायत में गैरेज संचालक मोहम्मद साबिर की बाइक सर्विसिंग की शॉप है. बताया जा रहा कि बैरिया निवासी जारुल अपने भाई जुलकर के साथ अपनी अपाचे बाइक की क्लच प्लेट को ठीक करने के लिए पहुंचा हुआ था. बाइक की सर्विसिंग के बाद 2,300 रुपए का बिल बना था, जिसमें से जारुल ने दो हजार रुपए दिए और अन्य राशि बाद में देने की बात कही। बताया जा रहा कि थोड़ी ही देर के बाद बाइक में फिर खराबी आ गई. इसके बाद जारूल फिर अपने भाई के साथ गैरेज में पहुंचा. मिली जानकारी के अनुसार, इस दौरान ग्राहक जारुल और गैरेज संचालक के बीच कहासुनी हुई और विवाद हो गया, जिसके बाद जारुल वहां से चला गया। आधे घंटे बाद जारुल गैरेज में वापस आया और उसने संचालक मोहम्मद साबिर के सिर में कट्टा सटाकर गोली मार दी. गोली लगते ही साबिर मौके पर ही गिर पड़ा. इधर, घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए तुरंत गैरेज संचालक को अस्पताल में एडमिट कराया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# किडनी मंडी' में पांच से 10 लाख में खरीदते, एक करोड़ तक में बेचते, विदेशी समेत 50 की किडनी बदली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** अवैध रूप से किडनी की खरीद-फरोख्त कर ट्रांसप्लांट करने वाले गिरोह के तार विदेश तक फैले हैं। गिरोह ने पिछले दो साल में अवैध ढंग से 50 से अधिक मरीजों की किडनी ट्रांसप्लांट की। 3 मार्च को भी आहूजा हॉस्पिटल में दक्षिण अफ्रीका की महिला अरेबिका की अवैध तरीके से किडनी ट्रांसप्लांट की गई थी। इसके बाद पुलिस ने गिरोह में शामिल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) कानपुर की उपाध्यक्ष डॉ. प्रीति आहूजा, उसके पति डॉ. सुरजीत, दलाल शिवम अग्रवाल एवं तीन अस्पताल संचालकों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया।

पुलिस ने 15 आरोपियों के खिलाफ मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। गिरफ्तार आरोपियों में मेडलाइफ हॉस्पिटल का संचालक राजेश कुशवाहा, प्रिया हॉस्पिटल का संचालक नरेंद्र सिंह, आरोही हॉस्पिटल का संचालक राम प्रकाश कुशवाहा शामिल है। किडनी रैकेट का खुलासा करते हुए पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि रावतपुर थाने के दरोगा को अवैध रूप से किडनी ट्रांसप्लांट की सूचना मिली थी। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने काकादेव के नवीन नगर निवासी आरोपी डॉक्टर दंपती के केशवपुरम रोड स्थित आहूजा हॉस्पिटल, कल्याणपुर आवास विकास-एक स्थित प्रिया हॉस्पिटल, पनकी-कल्याणपुर रोड स्थित मेडलाइफ हॉस्पिटल में छापा मारा।

जांच के दायरे में आए तीन अन्य नर्सिंगहोम संचालकों को देर रात पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जांच में पता चला कि दलाल शिवम आठवीं पास है। वह खुद को डॉक्टर बताकर लोगों को फंसाता था। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि ट्रांसप्लांट करने वाले नोएडा निवासी डॉ. रोहित, डॉ. अफजाल, डॉ. वैभव और डॉ. अनुराग की तलाश की जा रही है। डॉ. अफजाल और अन्य आरोपी टेलीग्राम चैनल के माध्यम से एक दूसरे के संपर्क में रहते थे।

जरूरतमंदों से पांच से 10 लाख रुपये में किडनी खरीदते थे और उसे 60 लाख से एक करोड़ रुपये तक में बेच देते थे। काली कमाई का सबसे बड़ा हिस्सा डॉ. रोहित लेता था। दिल्ली एनसीआर के भी कुछ अन्य डॉक्टर गिरोह में शामिल है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें रवाना हो गई हैं। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि ट्रांसप्लांट करने वाले डॉ. रोहित, मरीज पारुल से संपर्क करने वाले नोएडा के अफजाल, वैभव और अनुराग की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि अफजाल और अन्य आरोपी टेलीग्राम चैनल के माध्यम से एक दूसरे के संपर्क में हैं। आरोपी जरूरतमंदों को पैसों का लालच देकर पांच से 10 लाख रुपये में किडनी खरीदते थे। उसे अमीर परिवार के मरीजों को 60 लाख से एक करोड़ रुपये तक में बेच देते थे।

# न्याय नहीं, देरी व दबाव के लिए हो रहे कई मुकदमे', मुकदमों की बढ़ती संख्या पर सुप्रीम कोर्ट



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने देश में बढ़ते मुकदमों को लेकर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि अदालतों में दाखिल हो रहे कई मामले न्याय पाने की वास्तविक इच्छा से कम और कार्यवाही में देरी करने, विरोधियों को परेशान करने तथा न्यायिक समय बर्बाद करने के उद्देश्य से अधिक प्रेरित दिखाई देते हैं। अदालत ने साफ किया कि न्यायिक व्यवस्था का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया का उद्देश्य केवल वास्तविक और गंभीर विवादों का समाधान करना है, न कि बार-बार या बेतुके दावों को बढ़ावा देना।

यदि कोई पक्ष जानबूझकर निरर्थक या परेशान करने वाले मुकदमे दायर करता है, तो अदालत ऐसे मामलों को खारिज करने के साथ-साथ जुर्माना भी लगा सकती है। पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी एक विवाद को अलग-अलग तरीकों से बार-बार उठाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। एक बार जब कोई मामला सक्षम अदालत में पूरी तरह सुना और तय हो जाता है, तो उसी मुद्दे को दोबारा उठाना न्यायिक व्यवस्था के खिलाफ है। इससे न केवल अदालतों पर अनावश्यक बोझ बढ़ता है, बल्कि अन्य मामलों में न्याय मिलने में भी देरी होती है।

देश भर में लगभग 5.5 करोड़ केस लंबित हैं, जिनमें ज्यादातर निचली अदालतों में हैं। सर्वोच्च न्यायालय में 10 वर्ष से ज्यादा समय से 698 से अधिक जनहित याचिकाएं लंबित हैं। वहीं कुल 3500 जनहित याचिकाएं आजतक सुनवाई का इंतजार कर रहीं हैं। जिन्हें पिछले 42 वर्षों में भी नहीं निपटाया जा सका। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक सिविल अपील को खारिज करते हुए की। मामला हैदराबाद के हिमायत नगर स्थित एक संपत्ति विवाद से जुड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा, हालांकि उसके कुछ तर्कों से असहमति भी जताई।

# सात दिवसीय श्री राम कथा धूमधाम से हुआ संपन्न क्षेत्र की बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं किया प्रसाद ग्रहण



**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरैनिया स्थित चतुर्भुज मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। जनहित सहयोग से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कथा का श्रवण किया। कथावाचक गौरव शास्त्री जी एवं ऊदौ महाराज द्वारा किया गया, जिन्होंने भगवान श्रीराम के चरित्र एवं आदर्शों का विस्तार से वर्णन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।सात दिवसीय कथा के समापन अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्य सोनू पाण्डेय, अमरेश शुक्ला, आषुतोष पाण्डेय, शिवसरन पाण्डेय, राजकुमार शुक्ल, राम गोविंद मिश्रा, रज्जन शुक्ला एवं श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ संपन्न।

# 18 टन LPG लेकर नेपाल जा रहे टैंकर में लीकेज, लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर हादसा; लगा भीषण जाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बाराबंकी जिले के सबसे व्यस्त लखनऊ-अयोध्या नेशनल हाईवे पर बुधवार की देर शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब गैस से लदे एक टैंकर में अचानक रिसाव शुरू हो गया. नगर कोतवाली क्षेत्र के असैनी मोड़ के पास हुई इस घटना से राहगीरों में दहशत फैल गई. सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम ने सुरक्षा के मद्देनजर हाईवे की दोनों लेन को रोक कर रूट डायवर्ट कर दिया, जिससे शहर के भीतर भीषण जाम की स्थिति पैदा हो गईं।

**18 टन LPG लेकर जा रहा था नेपाल**

जानकारी के अनुसार, टैंकर चालक गुरप्रीत मथुरा से करीब 18 टन LPG लादकर नेपाल जा रहा था. बुधवार शाम करीब 6:45 बजे जैसे ही वह असैनी मोड़ के पास पहुंचा, टैंकर के ऊपरी हिस्से में लगे वाल्व से अचानक गैस का रिसाव होने लगा. चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को किनारे रोका और पुलिस को सूचना दी।

**गाड़ियों को हाईवे पर रोका गया**

ज्वलनशील गैस के रिसाव की खबर मिलते ही पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया. मौके पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस और यातायात प्रभारी ने सुरक्षा के लिहाज से बाराबंकी शहर से असैनी मोड़ की ओर जाने वाले वाहनों को रोक दिया. वहीं लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर दोनों ओर से कई किलोमीटर लंबी लाइन लग गई है. कई एंबुलेंस भी जाम में फांस हुई हैं. मौके पर बाराबंकी पुलिस के जवान मौजूद हैं।

**फायर ब्रिगेड की टीम गैस रिसाव रोकने में जुटी**

एहतियात के तौर पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों को भी मौके पर बुला लिया गया. रूट डायवर्जन के कारण शहर के मुख्य चौराहों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई. प्रशासनिक टीम देर शाम तक गैस रिसाव को पूरी तरह बंद करने के प्रयास में जुटी रही. एहतियात के तौर पर आसपास की दुकानों को भी बंद करा दिया गया, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

# असम में प्रियंका गांधी का भाजपा पर बड़ा हमला, दो इंजन सरकार नहीं, ये दोहरी गुलामी की सरकार

असम में प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा की 'दो इंजन सरकार' को 'दोहरी गुलामी' करार देते हुए तीखी आलोचना की, जिसमें उन्होंने पीएम मोदी और सीएम हिमंत सरमा पर जनता को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने गायक जुबीन गर्ग को न्याय, चाय बागान श्रमिकों के लिए बेहतर मजदूरी और 10 लाख निवासियों को स्थायी भूमि विलेख देने का वादा करते हुए कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने 31 जनवरी को असम के नाजिरा में एक रैली के दौरान राज्य और केंद्र सरकारों की तीखी आलोचना करते हुए लोगों से उस सरकार को खारिज करने का आग्रह किया जिसे उन्होंने 'दोहरी गुलामी की सरकार' बताया और जन कल्याण को प्राथमिकता देने वाले कांग्रेस के नेतृत्व वाले प्रशासन के लिए वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन ऐसा नहीं किया; वे संघर्ष कर रहे हैं।

# देश को महंगाई का झटका, कमर्शियल LPG की कीमतों में 195.5 की बढ़ोतरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 1 अप्रैल से बढ़ोतरी की गई है, जिससे प्रमुख शहरों में व्यावसायिक और छोटे सिलेंडरों की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। दिल्ली में, 19 किलो के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 195.50 रुपये बढ़कर 2,078.50 रुपये हो गई है। वहीं, 5 किलो के एफटीएल सिलेंडर की कीमत अब 51 रुपये की वृद्धि के साथ 549 रुपये प्रति रिफिल हो गई है। वहीं दूसरी ओर, घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी की दरें, जिनमें 7 मार्च को 14.2 किलो के सिलेंडर पर 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी, अभी और नहीं बढ़ाई गई हैं। दिल्ली में 14.2 किलो के सिलेंडर की कीमत 913 रुपये है। एलपीजी के हर तरह के सिलेंडरों की ब्लैक जारी है। सरकार उस पर कोई नियंत्रण नहीं कर पा रही है। सरकारी तेल कंपनियों की आंखे बंद हैं, सरकार बहाने बना रही है। छोटे सिलेंडर पर 51 रुपये की बढ़ोतरी सीधे मज़दूर वर्ग पर हमला है। आमतौर पर महानगरों में रहने वाला मज़दूर तबका इसी छोटे सिलेंडर से काम चलाता है। क्योंकि बड़े सिलेंडर के लिए उसे आधार, पता और अन्य दस्तावेज देने पड़ते हैं। लेकिन छोटे सिलेंडर आमतौर पर उपलब्ध रहते हैं। जिनमें वो एलपीजी भरवाकर अपना काम चलाता है।

यह बदलाव पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें अमेरिका, इसराइल और ईरान शामिल हैं, जिसके कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी हो गई है, जो कच्चे तेल और ऊर्जा आपूर्ति के लिए एक महत्वपूर्ण वैश्विक मार्ग है।

1 अप्रैल, 2026 से प्रमुख महानगरों में विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में भी वृद्धि की गई है। दिल्ली में एटीएफ की कीमत अब 2,07,341.22 रुपये प्रति किलोलीटर है, जबकि कोलकाता में यह 2,05,953.33 रुपये प्रति किलोलीटर है। मुंबई में एटीएफ की कीमत 1,94,968.67 रुपये प्रति किलोलीटर और चेन्नई में 2,14,597.66 रुपये प्रति किलोलीटर दर्ज की गई है। यह वृद्धि वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के अनुरूप है, जो एयरलाइन संचालन और हवाई यात्रा की कुल लागत को प्रभावित कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोसेवा आयोग उपाध्यक्ष महेश शुक्ल ने किया श्री आटो मोबाइल्स पेट्रोल पम्प का उद्घाटन



बस्ती। बस्ती जिले में गोसेवा आयोग उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री महेश शुक्ल ने बड़े वन के निकट श्री आटो मोबाइल्स पेट्रोल पम्प का विधि विधान से उद्घाटन किया। कहा कि युद्ध को लेकर ऊर्जा संकट के दौर में एक और पेट्रोल खुल जाने से लोगों को सुविधा होगी। पेट्रोल पम्प के प्रबंधक ओम नारायण पाण्डेय ने बताया कि इस पेट्रोल पम्प से लोगों को बेहतर सेवा देना हमारी प्राथमिकता है। गुणवत्ता और नाप से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से विधायक राजेन्द्र चौधरी, पुरूषोत्तम पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, डा. आशीष नारायण त्रिपाठी, राकेश पाण्डेय, अजय पाण्डेय, मो. सईद, मो. आलम, विवेक गिरोत्रा, चन्द्रशेखर मुन्ना, मनमोहन श्रीवास्तव 'काजू', विजय पाल, राकेश गुप्ता, अमित गुप्ता, अनिल कुमार मिश्र, सन्तोष पाण्डेय, अशोक सिंह, संजय सिंह, सुधांशु चौधरी, इण्डियन आयल के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### दरोगा का घूस मांगने का ऑडियो हुआ वायरल



**ऑडियो पर कार्रवाई एसआई साबिर अली निलंबित जांच शुरू**

**अमेठी।** जनपद के बाजार शुक्ल थाना में तैनात उपनिरीक्षक (एसआई) साबिर अली का कथित घूस मांगने से जुड़ा एक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में एसआई द्वारा एक दर्ज मुकदमे में नाम हटवाने के एवज में पैसे की मांग किए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि इस ऑडियो की सत्यता की पुष्टि (जांच) पुलिस कर रही है, स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र आडियो के सही और गलत होने की पुष्टि नहीं कर रहा है।मामले की गंभीरता को देखते हुए अमेठी पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ङ्ग) पर आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी की। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वायरल ऑडियो का संज्ञान लेते हुए संबंधित उपनिरीक्षक साबिर अली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच क्षेत्राधिकारी गौरीगंज को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।फिलहाल, पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले में पारदर्शिता बरती जा रही है और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### थाना को0 नगर बलरामपुर मे चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलरामपुर।** दिनांक 30.03.2026 को आवेदक श्रीमती रामावती पत्नी स्व0 राजकुमार गुप्ता नि0 पुरानी मस्जिद गोविन्दबाग थाना को0 नगर जनपद बलरामपुर द्वारा गई तहरीरी सूचना के आधार पर थाना को0 नगर पर मु0अ0सं0 73/2026 धारा 305(ए) बीएनएस बनाम 1. मो0 शफीक पुत्र धाकड़ नि0मो0 नगर पालिका के सामने गली थाना को0 नगर बलरामपुर पंजीकृत कर विवेचना एवम् अन्य विधिक कार्यवाही हेतु उ0नि0 नौशाद खाँ को दिया गया था । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमारज्ञ के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती ज्योति के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह थाना को0 नगर एवं टीम के कुशल नेतृत्व में- आज दिनांक 01.04.26 को थाना कोतवाली नगर जनपद बलरामपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 73/2026 धारा 305(ए),317(2),3(5) बीएनएस से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्तों 1.मो0 शफीक पुत्र धाकड़ उर्फ मो0हुसैन 2. हर्षित पुत्र राजकुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन पायल सफेद धातु की, एक पीली धातु की चेन, दो झुमके सोने के, व दो कील पीलीधातु की, एक अँगूठी पीली धातु की बरामद कर मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है । चोरी गये माल की बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2),3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर माननीय न्यायालय रवाना किया जा रहा है ।

# गैस संकट में घिरा बस्ती: डीएसओ की निष्क्रियता से उपभोक्ता परेशान, एजेंसियों की मनमानी चरम पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत ने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। शहर से लेकर गांव तक उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए भटक रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारी जैसे हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। सबसे ज्यादा सवाल जिला पूर्ति अधिकारी (DSO) की कार्यशैली पर उठ रहे हैं, जिनकी निष्क्रियता के कारण गैस एजेंसियों की मनमानी बेलगाम हो गई है।आरोप है कि जहां एक ओर जिलाधिकारी, आयुक्त और एडीएम स्तर पर प्रशासन सक्रिय दिखाई देता है, वहीं डीएसओ की भूमिका पूरी तरह से निष्क्रिय नजर आ रही है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि उपभोक्ताओं को दिन में गैस नहीं मिल रही, लेकिन रात के अंधेरे में सिलेंडर बंटने की चर्चा खुलेआम हो रही है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर रात 12 बजे गैस कैसे और किसके इशारे पर वितरित की जा रही है?जनता का कहना है कि अगर दिन में पारदर्शी तरीके से गैस वितरण हो तो रात में चोरी-छिपे सिलेंडर बांटने की नौबत ही क्यों आए। एजेंसियों पर आरोप है कि वे मनमाने ढंग से गैस वितरण कर रही हैं, जिससे कालाबाजारी की आशंका भी बढ़ गई है। लेकिन पूर्ति विभाग की ओर से न तो कोई ठोस कार्रवाई दिख रही है और न ही कोई सख्त निगरानी।

बस्ती के लोगों का कहना है कि जिले के इतिहास में इतना ढीला और निष्क्रिय डीएसओ शायद ही कभी देखा गया हो। जब पूरे प्रशासनिक अमले की सक्रियता के बावजूद पूर्ति विभाग की जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारी ही घर बैठ जाएं, तो व्यवस्था चरमराना स्वाभाविक है।अब बड़ा सवाल यह है कि क्या जिलाधिकारी इस गंभीर स्थिति का संज्ञान लेकर पूर्ति विभाग की कार्यशैली की जांच कराएंगे?और अगर रात के अंधेरे में गैस वितरण हो रहा है तो उसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी तय होगी? फिलहाल बस्ती की जनता गैस संकट से जूझ रही है और जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब मांग रही है। अगर समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो यह संकट और भी गहराता दिखाई दे रहा है।

## अंक पत्र पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे



**सिद्धार्थनगर ।** जिले के बर्डपुर ब्लाक के कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय काशीपुर में बुधवार को वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह तथा नवारम्भ उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र/छात्राओं को अंक पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया, इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अब्दुल अजीज ने बच्चों को वार्षिक परीक्षा अंक पत्र एवं पुरस्कार देते हुए बच्चों व अभिभावकों से कहा कि अगर आप चाहते है बच्चा अच्छी पढ़ाई लिखाई करके कुछ बन जायें तो वे बच्चों के आगे कक्षा की पढ़ाई जरूर जारी रखें। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को समाज में शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी साझा किया। इस अवसर पर एआरपी बर्डपुर विवेक कुमार एवं संदीप द्विवेदी व प्रधानाध्यापक अब्दुल अजीज एवं शमसुल हक, लक्ष्मी यादव, नागेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र कुमार चौधरी, भनावती, एवं सुशीला आदि उपस्थित रहे।

## भारत रत्न पं. अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृहमे विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान माह का मुख्य विकास अधिकारीफीता काटकरकिया शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, विधायक सदर महेन्द्रनाथ यादव एवं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा वर्मा ने भारत रत्न पं. अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह परिसर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान माह का फीता काटकर शुभारम्भ करते हुए जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली संचारी रोगों से बचाव/रोकथाम के लिए आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गयी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित लोगों को बुखार के समुचित इलाज की शपथ भी दिलाया। उन्होने कहा कि दिमागी बुखार जानलेवा हो सकता है या रोग के बाद शारीरिक और मानसिक विकलांगता भी ला सकता है। इसलिए बुखार होने पर तत्काल नजदीक के सरकारी अस्पताल में ले जाये। जनपद के प्रत्येक सीएचसी/पीएचसी पर बुखार के समुचित इलाज की व्यवस्था है। इस अवसर पर सभी ने अपने गॉव, ब्लाक, जनपद और प्रदेश को दिमागी बुखारमुक्त करने के लिए संकल्प लिया। उन्होने इसकी प्रतिबद्धता दोहराई कि शौचालय का प्रयोग करेंगे और अन्य लोगों को भी प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे, अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखेंगे। यदि कोई बच्चा बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर सीएमओ डा. राजीव निगम, डा. जिला मलेरिया अधिकारी राजेश चौबे, जिला समन्वयक सचिन चौरसिया तथा विभागीय चिकित्साधिकारीगण उपस्थित रहें।

## बस की टक्कर से युवक की मौत, लखनऊ में इलाज के दौरान तोड़ा दम

**●चाचा को देखकर अस्पताल से घर लौटते समय हादसा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुलतानपुर** – एक अज्ञात रोडवेज बस की टक्कर से 32 वर्षीय युवक रवि कुमार शर्मा की मौत हो गई। वह अपने चाचा को अस्पताल में देखकर घर लौट रहे थे। गंभीर रूप से घायल रवि को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, जहां सोमवार शाम इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। यह घटना शनिवार शाम को हुई थी। रवि कुमार शर्मा कोतवाली देहात के किरता का पूरा पाल्हनपुर के निवासी थे। वह अपने बीमार चाचा को देखने सुल्तानपुर जिला मेडिकल कॉलेज गए थे, जो पिछले तीन दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। चाचा से मिलकर रवि पैदल ही घर लौट रहे थे। शहर के भीतर एक रोडवेज बस ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद रवि गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोटें आई। घायल रवि को तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए, उसी रात उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। लखनऊ में उनके सिर का ऑपरेशन भी किया गया, लेकिन सोमवार शाम को उनकी मृत्यु हो गई। मृतक रवि कुमार शर्मा की दो साल की एक बेटी है। उनके पिता और पत्नी लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उनके साथ थे। परिजनों ने बताया कि उन्होंने सुल्तानपुर लौटकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। नगर कोतवाल संदीप राय ने पुष्टि की कि घटना के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है। अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# मानसी सिंह बनी डिप्टी जेलर कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान के प्रबंधक ने किया सम्मानित

**●ए.एच.इंटरकालेज जगदीशपुर के प्रधानाचार्य मानसिंह राठौर की सुपुत्री हैं मानसी सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जगदीशपुर अमेठी।** अपने कठिन परिश्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा से सामाजिक कार्यो मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले ए.एच.इंटरकालेज जगदीशपुर के प्रधानाचार्य मानसिंह राठौर एवं इंटरकालेज कालिकन की प्रबंधक मनोरमा सिंह की होनहार सुपुत्री मानसी सिंह ने यूपीपीसीएस परीक्षा क्वालीफाई कर डिप्टी जेलर पद पर नियुक्ति पाकर परिवार एवं जनपद अमेठी का नाम रोशन किया है निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के निकट उनके आवास पर प्रथम आगमन पर जगदीशपुर चौराहे से ही काफी संख्या मे लोगों ने गाजे बाजे के साथ मानसी सिंह का भव्य स्वागत किया उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है दूर सुदूर से लोग उनके आवास पर पहुंचकर मानसी सिंह को शुभकामनाएं दे रहे हैं वहीं सामाजिक कार्यो के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने उनके आवास पर पहुंचकर प्रबुद्धजनो एवं मानसी सिंह के पिता मानसिंह राठौर की उपस्थिति मे बतौर संस्था प्रबंधक मानसी सिंह को सम्मान पत्र एवं डायरी एवं पेन भेंटकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की वहीं उपस्थिति लोगों ने मानसी सिंह को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह विशिष्ट उपलब्धि जनपद के लिए गौरवपूर्ण है,मानसी सिंह ने उपस्थित सभी प्रबुद्धजनो का आभार व्यक्त किया एवं प्रिंसीपल मानसिंह राठौर ने सभी आगंतुकों का मुह मीठा कर धन्यवाद किया।

## सत्र के पहले दिन नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक पाकर बच्चों के खिले चेहरे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बर्डपुर के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी में शासन के मंशानुरूप नए सत्र 2026-27 के पहले दिन1 अप्रैल 2026 को उपस्थित सभी छात्र - छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित किया गया। नए सत्र के पहले ही दिन नई पाठ्य पुस्तकों के मिलने से छात्र -छात्राओं ने खुशी का इज़हार किया। प्रधानाध्यापक कलीमुल्लाह ने बताया कि बीआरसी बर्डपुर द्वारा सत्र 2025-26 की समाप्ति के अन्तिम दिन 30 मार्च को ही नए सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6 की नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक अक्षरा, विज्ञान भारती, कृषि विज्ञान, गृह शिल्प, महान व्यक्तित्व, हमारा इतिहास और नागरिक जीवन, कक्षा 7 की दीक्षा, विज्ञान भारती, भारत की महान विभूतियां, इंग्लिश रीडर, संस्कृत, गृह कौशल, हमारा इतिहास नागरिक जीवन, कृषि विज्ञान तथा कक्षा 8 की प्रज्ञा, विज्ञान भारती, इंग्लिश रीडर, कृषि विज्ञान, गृह दर्शिका, भारत संसाधन एवं विकास, संस्कृत भारती, हमारे आदर्श आदि पुस्तकें गत सत्र की छात्र संख्या के आधार पर विद्यालय में पहुंचा दी गई थीं, जिसे 1 अप्रैल को सभी छात्र - छात्राओं को कक्षोंन्नति के साथ नए सत्र की किताबें भी प्रदान की गई। नए सत्र के पहले ही दिन किताबें पाकर बच्चे काफी खुश नजर आए।

# निर्माण के 9 वर्षमें किसानों के 1.22 लाख गन्ना किसानों को मिला बड़ा आर्थिक संबल

**● 5,44,362.42 लाख रुपये किसानों के खातों में ट्रांसफर किसानों की आय में वृद्धि, खेती को मिली मजबूती ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली नई रफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती में प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पूर्ण होने के अवसर पर बस्ती जनपद में किसानों के हित में किए गए कार्यों की बड़ी उपलब्धि सामने आई है। सरकार की किसान हितैषी नीतियों के तहत जनपद के 1,22,776 गन्ना किसानों को 5,44,362.42 लाख रुपये का सीधा भुगतान उनके बैंक खातों में किया गया है। सीधे खातों में भुगतान से पारदर्शिता बढ़ी है और किसानों को समय पर उनकी उपज का उचित मूल्य मिला है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और वे आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज तथा कृषि यंत्रों का उपयोग कर खेती को और अधिक लाभकारी बना रहे हैं। समय पर भुगतान से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आई है। किसानों के पास धन पहुंचने से स्थानीय बाजारों में खरीदारी बढ़ी है, जिससे छोटे व्यापारियों और ग्रामीण रोजगार को भी बढ़ावा मिला है। किसानों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समय पर भुगतान से उनकी आर्थिक परेशानियां कम हुई हैं और वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। 'नव निर्माण के 9 वर्ष' में किसानों के हित में किए गए ये प्रयास बस्ती जनपद में विकास की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं और भविष्य में कृषि क्षेत्र को और मजबूत करने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

## नपं अध्यक्ष ने बच्चों में बांटा बैग



**सिद्धार्थनगर ।** नगर पंचायत बिस्कोहर के परशुराम नगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव, परीक्षा फल वितरण व प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता ने मेधावियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कक्षा 8 में अनामिका कश्यप प्रथम, आलोक व राम बहादुर द्वितीय और सीमा, रेशमी व सर्वेश तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 6 में प्रीति व कक्षा 7 में कन्हैया ने प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष राकेश मिश्रा व सभासद प्रतिनिधि रवि सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाध्यापक उमाकांत गुप्ता ने नए नामांकित बच्चों को बैग प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने 'स्कूल चलो' व 'संचारी रोग नियंत्रण' रैली निकाल कर लोगों कों जागरूकता किया । इस दौरान राम नरेश पासवान, बच्चाराम पांडेय सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

# भाजपा स्थापना दिवस को लेकर बस्ती में व्यापक तैयारी, संगठनात्मक मजबूती पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस (06 अप्रैल 2026) को लेकर मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय, बस्ती पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष श्री विवेकानन्द मिश्र ने विस्तृत योजना पर चर्चा करते हुए सभी कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से आयोजित करने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि 'यह हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी अपना स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाता है। देशभर में करोड़ों कार्यकर्ता इस दिवस को उत्साह और सेवा भाव के साथ मनाते हुए 'राष्ट्र प्रथम' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हैं।' उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व, सरकार की उपलब्धियों एवं कार्यकर्ताओं के समर्पण के कारण भाजपा को समाज के प्रत्येक वर्ग का व्यापक समर्थन मिल रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण का एक सशक्त विचार है। 'भाजपा का अर्थ है मिशन, सेवा, सशक्तिकरण और नए भारत का निर्माण,' उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा। बैठक में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इसके अंतर्गत 5 से 7 अप्रैल तक पार्टी कार्यालयों को सजाने, 6 अप्रैल को ध्वजारोहण एवं मिष्ठान वितरण, बूथ स्तर पर कार्यक्रम, घर-घर ध्वज लगाकर सोशल मीडिया पर प्रसार, तथा 8 अप्रैल को जिला स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

इसके साथ ही 7 से 12 अप्रैल तक ग्राम एवं बस्ती संपर्क अभियान चलाकर स्वच्छता कार्यक्रम, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, बुद्धिजीवियों से संवाद एवं सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया जाएगा। बैठक में अभियान संयोजक दिलीप पाण्डेय ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर राजेश पाल चौधरी, चंद्रशेखर मुन्ना, दयाराम चौधरी, रवि सोनकर सहित जिले के पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# जीआरपी ने चोर पकड़ा, 27 हजार का मोबाइल बरामद

**●नशे की लत पूरी करने के लिए करता था ट्रेनों में चोरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सुलतानपुर** – राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने बुधवार को चेकिंग के दौरान एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का एक कीमती मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ, रोहित मिश्रा के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की सघन तलाशी का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष भोला शंकर के नेतृत्व में जीआरपी टीम ने 01 अप्रैल को प्लेटफॉर्म नंबर 01 के वाराणसी छोर पर स्थित माल गोदाम के पास से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान सूरज मिश्रा (उम्र 32 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मिश्रा का पुरवा लोकीपुर, थाना कूड़ेभार, जनपद सुलतानपुर का निवासी है। उसके पास से एक काले रंग का रियलमी (Realme) टचस्क्रीन मोबाइल फोन बरामद हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 27,000 रुपये बताई गई है। अभियुक्त सूरज मिश्रा के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह नशे का आदी है। अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए पैसों का इंतजाम करने हेतु वह रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में छोटी-मोटी चोरियां करता था। इस सफल कार्रवाई में उप-निरीक्षक दीवान चन्द रावत, कांस्टेबल नितिन कुमार, सूर्यप्रकाश सरोज और आरपीएफ पोस्ट के रामबहादुर यादव शामिल रहे। अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# अमेठी में 'स्कूल चलो अभियान' का आगाज, बच्चों को स्कूल से जोड़ने पर जोर

**●डीएम ने दिखाई हरी झंडी, शिक्षा जागरूकता वाहन हुआ रवाना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** जनपद में शैक्षिक सत्र 2026-27 के तहत 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारम्भ बुधवार को जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर परिसर में भव्य समारोह के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजय चौहान एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय पचेहरी के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरीगंज प्रथम एवं प्राथमिक विद्यालय पहाड़पुर के बच्चों ने 'स्कूल चलो अभियान' पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। जिलाधिकारी संजय चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि बेसिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव होती है। इसलिए प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में बच्चों को खेल-खेल में सीखने के अवसर उपलब्ध कराए जाएं, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में वृद्धि हो सके। उन्होंने 'ऑपरेशन कायाकल्प' के माध्यम से बेसिक शिक्षा में हो रहे सकारात्मक बदलावों की सराहना करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के संयोजक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग के छात्र राष्ट्रीय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति, नवोदय विद्यालय एवं विद्याज्ञान जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में चयनित हो रहे हैं, जो शिक्षा में सुधार का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने शिक्षकों को अभिभावकों से सतत संपर्क बनाए रखने तथा अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। साथ ही उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से अपने नजदीकी विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन कराने की अपील की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 'स्कूल चलो अभियान' का प्रथम चरण 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक तथा द्वितीय चरण 01 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान शिक्षक घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराएंगे। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी द्वारा अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही नवप्रवेशी बच्चों को स्कूल बैग, पुस्तकें, कॉपियां एवं पेन वितरित कर सम्मानित किया गया। शैक्षिक सत्र 2025-26 में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले शिक्षकों को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बच्चों एवं शिक्षकों से संवाद कर पठन-पाठन की स्थिति की जानकारी भी ली। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज अर्जुन सिंह, सिंहपुर से हरिओम तिवारी, जिला समन्वयक (सामुदायिक सहभागिता) प्रवीण कुमार सिंह, ईएमआईएस इंचार्ज मनीष मिश्रा, जिला समन्वयक प्रशिक्षण गोविन्द शुक्ल, निपुण भारत के जिला समन्वयक आशुतोष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में एसआरजी अमिता मिश्रा, एआरपी प्रमोद कुमार तिवारी, बद्री विशाल सिंह, हरिकेश यादव, कार्यालय सहायक सत्येंद्र यादव एवं विकासखंड गौरीगंज के समस्त एआरपी एवं शिक्षक संकुल का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन यूपीएस विद्यालय के शिक्षक एवं प्रखर वक्ता डॉ रमेश सिंह द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी में रबी फसलों की खरीद का नया नियम लागू, 80:20 फॉर्मूले के साथ 2 एजेंसियां हो गई फाइनल



**लखनऊ।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत तूर (अरहर), चना, मसूर और लाही-सरसों की सरकारी खरीद सात अप्रैल से शुरू की जाएगी। इस बार खरीद का लक्ष्य केंद्रीय एजेंसियों के बीच 80:20 के अनुपात में बांटा है। इसके तहत एनएफईडी (भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ) को 55 जिलों और एनसीसीएफ (नेशनल कोआपरेटिव कंज्यूमर्स आफ इंडिया लिमिटेड) को 20 जिलों में खरीद का जिम्मा है। सभी क्रय एजेंसियां अपने-अपने आवंटित जिलों में ही खरीद करेंगी। कृषि भवन में बुधवार समीक्षा बैठक कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने स्पष्ट किया कि बिना फार्मर रजिस्ट्री के किसी भी किसान से खरीद नहीं की जाएगी, इसलिए सभी किसान जल्द से जल्द अपना पंजीकरण पूरा कर लें। बैठक में खरीद की पूरी रणनीति, एजेंसियों के बीच लक्ष्य का बंटवारा और क्रय केंद्रों की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई। इससे पहले उन्होंने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई वर्चुअल बैठक में किसान आइडी, उर्वरकों के संतुलित उपयोग, विकसित कृषि संकल्प अभियान और रबी खरीद रणनीति पर चर्चा की।

### यूपी के स्कूलों में बड़ा बदलाव, पांचवीं और आठवीं पास बच्चों के एडमिशन को लेकर नया फरमान जारी



**लखनऊ।** नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के तहत प्रदेश में 15 अप्रैल तक चल रहे स्कूल चलो अभियान में कक्षा पांच और आठ पास सभी छात्र-छात्राओं का अगली कक्षा में नामांकन अनिवार्य किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे, खासकर वंचित वर्ग, बालिकाएं, दिव्यांग और कामकाजी बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए। विभाग ने बताया कि हर साल कक्षा पांच से छह और आठ से नौ में प्रवेश लेने वाले बच्चों की संख्या में अंतर पाया जाता है, जिसे खत्म करने के लिए प्रेरणा पोर्टल पर नया माड्यूल शुरू किया गया है। प्रधानाध्यापक पोर्टल पर लागिन कर पास आउट स्टूडेंट एनालिटिक्स में जाकर छात्रों के नए स्कूल का यू-डायस कोड भरकर विवरण अपडेट करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी इसकी नियमित समीक्षा करेंगे, जबकि प्रदेश स्तर पर साप्ताहिक निगरानी होगी। तकनीकी समस्या पर विद्या समीक्षा केंद्र से संपर्क किया जा सकता है।

### लखनऊ में महिला सिपाही से प्लाट के नाम पर 7.50 लाख की ठगी, चार पर केस

लखनऊ। कानपुर की बर्रा निवासी महिला सिपाही निकिता सिंह से जालसाजों ने प्लाट दिलाने के नाम पर 7.50 लाख रुपये ठग लिए। कन्नौज में तैनात निकिता ने बताया कि 2023 में उनकी मुलाकात लखनऊ में प्रांशू दीक्षित से हुई थी। प्रांशू ने दरोगा खेड़ा में मजेस्टिक्स इंफ्रा डेवलपर्स कम्पनी की प्लाटिंग में 14.38 लाख रुपये में 1250 स्क्वायर फीट प्लाट दरोगा खेड़ा में दिलाने का झांसा दिया। उसने कंपनी की डायरेक्टर सुमिता मिश्रा, साक्षी धवन और नीलम दीक्षित से मुलाकात कराई। सौदा तय हो गया फिर प्रांशू ने निकिता के रिश्तेदार अतुल स्वरुप सिंह, भाई विजय सिंह से प्लाट के बदले 7.50 लाख रुपये ले लिए। इसके बावजूद रजिस्ट्री नहीं की। निकिता और उनके पति ने रजिस्ट्री की बात कही तो टालमटोल करते रहते। रकम वापस मांगने पर पीड़िता और उसके परिवार को धमकी दी गई। पीड़िता ने सुमिता, साक्षी, नीलम और प्रांशू के खिलाफ बंथरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

# गैस डिलीवरी मैन की बेटी बनी PCS अधिकारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**







उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) की ओर से घोषित क्क्स -2024 के परिणाम में राजधानी के होनहारों ने परचम लहराया ह। इस बार के नतीजों में न केवल प्रतिभा का दबदबा दिखा बल्कि संघर्ष और अटूट इरादों की ऐसी कहानियां सामने आयी है जो आने वाली पीढ़ी के लिए नज़ीर बनेंगी और उनको भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेंगी।

**कठिन प्ररिश्रम की दम पर पायी सफलता।**

इन्ही सफल युवाओं में से एक है लखनऊ के पारा क्षेत्र की राम विहार कॉलोनी में रहने वाले महेश गैस एजेंसी के गैस डिलीवरी मैन उमराय प्रसाद गौतम की बेटी प्रीती गौतम, प्रीती ने अपने कठिन परिश्रम की बदौलत पीसीएस परीक्षा में 146 रैंक पाकर असिस्टेंट कमिश्नर कमर्शियल टैक्स अधिकारी का पद प्राप्त किया है, प्रीती अपनी सफलता का श्रेय अपने माता गुड्डी देवी पिता उमराय प्रसाद और मामाजी दिरगज प्रसाद को देती है कुय्की उनकी ही प्रेरणा और सहयोग से वह इस सफलता को प्राप्त कर पायी है।

**होनहार बिरवान के होत चिकने पात**

प्रीती बचपन से ही मेधावी और परिश्रमी थी, उनकी प्रारंभिक शिक्षा कॉलोनी के ही स्वर्णिम पब्लिक स्कूल में हुयी जिसमे दसवीं और बाहरवीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने के बाद अवध गर्ल्स कॉलेज से प्रथम श्रेणी में स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की, उसके पश्चात् अपने दोस्तों और सीनियर छात्रों के मनोबल बढ़ने से प्रीती ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविधालय दिल्ली से पोलिटिकल साइंस में परास्नातक की डिग्री प्रथम श्रेणी में प्राप्त की और दोस्तों एवं परिवार के लोगों द्वारा लगातार मनोबल बढ़ाने से प्रीती ने UPPCS की परीक्षा में प्रतिभाग किया और सफलता प्राप्त की।

**स्थानीय निवासिओं, माता पिता एवं परिजनों द्वारा भव्य स्वागत**

कल शाम दिल्ली से लौटने पर प्रीती का उनके मित्रों माता पिता एवं परिजनों द्वारा ढोल नगाड़े बजाकर एवं फूल मालाओं से प्रीती का भव्य स्वागत किया एवं पूजा अर्चना की, प्रीती को बधाई देने वालों में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक राजेंद्र वर्मा, दिरगज प्रसाद, गौरव वर्मा, शिवनंदन, हिमांशु, संतोष, राजबीर राजपूत आदि थे। स्वतंत्र प्रभात की टीम प्रीती के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

### राहुल गांधी ने लालगंज स्टेशन की समस्याओं पर दिखाई गंभीरता

**मांग पत्र के सुझाव किए शामिल**

**लालगंज (रायबरेली)।** लालगंज रेलवे स्टेशन से जुड़ी जनसमस्याओं को लेकर एक सकारात्मक पहल सामने आई है। कांग्रेस जिला प्रवक्ता सिद्धार्थ त्रिवेदी की और से उठाए गए सुझावों को सांसद राहुल गांधी ने गंभीरता से लिया है। सिद्धार्थ त्रिवेदी ने जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के माध्यम से सांसद को पत्र भेजा था। इसमें स्टेशन की अव्यवस्थाओं और यात्रियों की परेशानियों का उल्लेख किया गया था। साथ ही जनहित से जुड़े कई सुझाव भी रखे गए थे। सांसद राहुल गांधी ने इन सुझावों को अपने पत्र में शामिल करते हुए उत्तर रेलवे के डीआरएम को अवगत कराया है। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है। इस पहल से क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि यदि समस्याओं का समाधान होता है तो उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। लोगों ने इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया है। अब सभी की निगाहें रेलवे प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## मौत को दावत देता झुका पेड़: मलिहाबाद में बिजली लाइन पर लटका खतरा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

मलिहाबाद मलिहाबाद क्षेत्र में लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां माल रोड स्थित रमेश नर्सरी के पास एक सूखा और झुका हुआ पेड़ बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। यह पेड़ खतरनाक स्थिति में बिजली की लाइन पर टिका हुआ है, जिससे कभी भी बड़ा नुकसान हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह पेड़ काफी समय से इसी हालत में है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। पेड़ के बिजली तारों पर टिके होने के कारण न सिर्फ बिजली आपूर्ति बाधित होने का खतरा है, बल्कि किसी भी समय पेड़ गिरने से राहगीरों को गंभीर चोट लग सकती है।

माल रोड पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवाजाही करते हैं। ऐसे में यह झुका हुआ पेड़ लगातार खतरा बना हुआ है। राहगीरों का कहना है कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि इस सूखे पेड़ को जल्द से जल्द हटाया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। फिलहाल, लोगों में डर और नाराजगी दोनों का माहौल बना हुआ है।

## ग्राम सभा अखरी पोस्ट कसेरुवा में आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित सातवीं श्रीमद्भागवत कथा का हो रहा भव्य आयोजन

**● कलश को सिर पर धारण करने से आत्मा पवित्र हो जाती है- कथा व्यास**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महराजगंज/रायबरेली।** अखरी पोस्ट कसेरुवा जिला फतेहपुर में बुधवार को श्रीमद्भागवत कथा के प्रारंभ से पूर्व बाजे-गाजे व डीजे.के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों व बच्चों ने भाग लिया। सभी ने सिर पर कलश रखकर गांव सहित आस पास के मुख्य मार्गो से होते हुए 500 मीटर की दूरी पर गंगा के घाट पर पहुंची और फिर कइ देवालयों में पहुंची जहां सभी ने मत्था टेका। विदित हो कि क्षेत्र के ग्राम सभा जिहवा के रहने वाले आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित सातवीं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन ग्राम सभा अखरी पोस्ट कसेरुवा में यजमान शिव सिंह, पत्नी किरन सिंह के यहां प्रथम दिन बुधवार को श्रीधाम अयोध्या से पधारे कथा व्यास चंद्रेश कृष्ण शास्त्री ने भागवत कथा में माहात्म और धुंधकारी महाराज की विविध कथाओं का वर्णन कर कथा पडांल में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

इस मौके पर यज्ञ शाला के मुख्य आचार्य पंडित सीताराम शास्त्री, यज्ञाचार्य सुबोध शास्त्री, उपयज्ञाचार्य योगेंद्र नाथ त्रिपाठी, व्यवस्थापक शीतला बखूश सिंह, श्रवण मिश्रा, शेर सिंह, विजय बहादुर सिंह, राजा सिंह चौहान, अक्षत सिंह, शुभम सिंह, मोनू सिंह, विक्रम सिंह, हर्षित सिंह, निखिल सिंह, रंग बहादुर सिंह, धीरेंद्र सिंह एवं समस्त मित्रगण सहित आदि भक्त उपस्थित रहे।

### लंदन में यूपी के बासमती चावल को मिली वैश्विक पहचान, यूके से लेकर फ्रांस तक के व्यापारियों ने दिखाई रूचि



**लखनऊ।** लंदन में आयोजित इंटरनेशनल फूड एंड ड्रिंक इवेंट (आइएफई) 2026 में प्रदेश ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए वैश्विक स्तर पर पहचान हासिल की है। 30 मार्च से एक अप्रैल तक एक्ससेल लंदन में आयोजित इस प्रदर्शनी में बरेली के गाडसन आर्गेनिक फार्म द्वारा पेश किए गए झुमका बासमती, हंसराज बासमती और तिलक चंदन जैसी सुगंधित धान की किस्मों ने विदेशी खरीदारों का ध्यान आकर्षित किया। यूके, फ्रांस, पोलैंड, चीन और अमेरिका के व्यापारियों ने इन किस्मों में विशेष रुचि दिखाई। फार्च्यून राइस को भी यूरोपीय बाजार से बासमती चावल के लिए व्यावसायिक प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। कृषि विभाग के सचिव एवं मंडी निदेशक इंद्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों व निर्यातकों ने प्रदर्शनी में हिस्सा लिया।

## नेशनल गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक उत्सव का स्कूल के प्रबंधक सलाउद्दीन अंसारी द्वारा किया गया भव्य आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतापुर** जनपद के पुराने सीतापुर के नेशनल गर्ल्स कॉलेज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव (एनुअल फंक्शन) का भव्य आयोजन स्कूल के प्रबंधक सलाहुद्दीन अंसारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला कार्यक्रम की शुरुआत नात ओर गीत के साथ की गई इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई छात्राओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए देशभक्ति, लोक संस्कृति और आधुनिक थीम पर आधारित प्रस्तुतियां सभी को खूब पसंद आई सिंगिंग परफॉर्मेंस ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया कई छात्राओं ने अपनी मधुर आवाज से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया नाट्य प्रस्तुति ने समाजिक संदेश भी दिया कार्यक्रम में अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया अभिभावक और अतिथि कार्यक्रम का भरपूर आनंद लेते नजर आए कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों का उत्साह देखने लायक था छात्राओं की मेहनत और तैयारी साफ झलक रही थी विद्यालय प्रशासन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई शिक्षकों का सहयोग भी सराहनीय रहा कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया इस दौरान छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी अतिथियों ने भी विजेताओं की सराहना की कार्यक्रम में आए सभी मुख्य अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे संजय पुरी संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष राजस्व सुरक्षा सेवा दल ने छात्राओं को प्रेरित किया। शिवनाथ मिश्र, एडवोकेट बार एसोसिएशन सीतापुर भी मौजूद रहे।

अभय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना की। हरीश गौड़ ने छात्राओं के प्रयासों को सराहा। यासीन इब्ने उमर ने भी अपने विचार साझा किए। मंजर रिजवी ने आयोजन को सफल बताया। नाहिद नाज की उपस्थिति भी कार्यक्रम में रही। एजाज अहमद ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। रिजवान सिद्दीकी ने आयोजन की प्रशंसा की। यशवी चौरसिया ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया। राकेश मिश्रा की उपस्थिति कार्यक्रम में रही। अध्यापक सुशील राठौर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

सभी अतिथियों ने विद्यालय की



व्यवस्थाओं की तारीफ की कार्यक्रम ने सभी को एकजुट करने का कार्य किया छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला विद्यालय परिवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ छात्राओं के प्रदर्शन ने सभी का दिल जीत लिया अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की सराहना की यह आयोजन शिक्षा के साथ संस्कृति का सुंदर संगम बना छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने का यह अच्छा अवसर रहा विद्यालय ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की कार्यक्रम यादगार बन गया सभी के चेहरे पर खुशी और संतोष नजर आया ऐसे आयोजन भविष्य में भी होते रहने की उम्मीद जताई गई।

## मर्सी हॉस्पिटल लीजेंड क्रिकेट टूर्नामेंट के फ़ाइनल मुकाबले में एमएस खान जुगनू टी प्वाइंट की टीम ने एस के प्लाईवुड की टीम को 16 रन से हराया

**● अपने शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन की बदौलत मेन ऑफ द मैच व मेन ऑफ द सीरीज बने नितिन वर्मा**

**सफ़ल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बधाई के पात्र हैं अम्मार नोमानी**







**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**तम्बौर सीतापुर** गाजर इण्टर कॉलेज के मैदान पर पांच दिवसीय लीजेंड क्रिकेट टूर्नामेंट का सफ़ल समापन किया गया। सीतापुर जिले के तंबौर कस्बे में पहली बार लीजेंड क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन मर्सी हॉस्पिटल की तरफ़ से अम्मार नोमानी के द्वारा किया गया जिसमें क्षेत्र की कई टीमों ने भाग लिया। फ़ाइनल मुकाबला एमएस खान जुगनू टी प्वाइंट व एस के प्लाईवुड के बीच खेला गया जिसमें एसके प्लाईवुड की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया 8 ओवर के फाइनल मुकाबले में एमएस खान जुगनू टी प्वाइंट की टीम ने 119 रन बनाए जिसमें नितिन वर्मा के 44 रन तारिक सब्बू बेग के 33 रन व अरकम बेग 21 रन बनाए। एसके प्लाईवुड की तरफ़ से अहमद खान ने सर्वाधिक चार विकेट लिए जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसके प्लाईवुड की टीम ने 8 ओवर में सिर्फ़ 103 रन ही बना पाई जिसमें अरबाज खान के 27 रन आमिर खान 17 रन , कप्तान शाहबाज खान 17 रन व शोएब आलम जीनियस ने 15 रन बनाए जिसकी बदौलत एसके प्लाईवुड की टीम ने 8 ओवर में 103 रन बनाए और 16 से हार का सामना करना पड़ा। नितिन वर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने दो ओवर के स्पेल में मात्र 20 रन देकर तीन महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को आउट किया शाहनवाज लखनऊ ब्यूटी ने दो ओवर की गेंदबाजी में 13 रन देकर एक विकेट लिया वहीं कप्तान तारिक सब्बू बेग को एक विकेट मिला खिताब की प्रबल दावेदार रही एमएस खान जुगनू टी प्वाइंट टीम को ट्राफी के साथ 30,000/- का नकद पुरस्कार भी दिया गया वहीं उपविजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी के साथ 15000/- रूपये पुरस्कार के तौर पर दिए गए वहीं अंपायरिंग का जिम्मा संभाले सीनियर क्रिकेट खिलाड़ी फहीम अय्यूबी, मुन्ना गौरी, सुल्तान टीपू, उस्मान खान, व कॉमेंटेटर के तौर पर दिलशाद खान, शाहनवाज ब्यूटी, उस्मान गौरी जन्नत फैशन हाउस सहयोगी गढ़ मुन्ना रफी क्रिकेटर, बदरे आलम, सब्बू, शादाब टाइगर, मुन्नू पठान आदि को सम्मानित किया गया। विजेता टीम के कप्तान तारिक सब्बू बेग व उपविजेता टीम के कप्तान शाहबाज खान ने मर्सी हॉस्पिटल व सफल टूर्नामेंट कराने के लिए अम्मार नोमानी का हृदय की गहराई से धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर मर्सी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर अब्दुल कवी, पूर्व चेयरमैन नसीम नेता, पूर्व चेयरमैन झब्बन बेग, उस्मान खान, दिलशाद खान, मशरूर अंसारी, सुल्तान सलाहुद्दीन टीपू, रिंकू आलम, आदि लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय मरसंडा के प्रधानाध्यापक संतोष सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**तंबौर सीतापुर** शिक्षा के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान समाज की उन्नति का प्रतीक है। इसी क्रम में, तंबौर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय मरसंडा में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह को उनकी लंबी और निष्कलंक सेवा के बाद ससम्मान विदाई दी गई।कार्यक्रम की शोभा मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विभा सचान ने बढ़ाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में बेहटा ब्लॉक के प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार पटेल और संरक्षक धीरेंद्र विक्रम सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री चंद्रिका प्रसाद द्वारा किया गया।विदाई की बेला में उपस्थित शिक्षकों और अतिथियों ने संतोष कुमार सिंह के प्रति अपना स्नेह व्यक्त किया।खंड शिक्षा अधिकारी विभा सचान ने संतोष सिंह द्वारा शिक्षा जगत में किए गए सुधारों और उनके योगदान की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।अध्यक्ष सिद्धार्थ पटेल ने कहा कि संतोष सिंह ने सदैव शिक्षक हित और बच्चों के भविष्य को सर्वोपरि रखा।उन्हें पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।

साथ ही, मरसंडा विद्यालय के शिक्षकों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी और शिक्षक संघ के पदाधिकारियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।समारोह में ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षकों ने हिस्सा लिया। मुख्य रूप से रमेश चंद्र, मनोज मिश्रा, अनिल अवस्थी, राम लोटन मिश्रा, अरुण मिश्रा, बसंत शुक्ला, अशोक वर्मा, आनंद वर्मा, वफाउल्लाह खान, तुफैल खान, राहुल श्रीवास्तव, सौरभ गुप्ता, सत्येंद्र वर्मा, महेंद्र वर्मा, विपिन यादव, रुकैय्या बानो, अखिलेश प्रताप सिंह, अमित वर्मा और पवन गिरी (प्रधान प्रतिनिधि) सहित भारी संख्या में शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्कूल चलो अभियान का भव्य आगाज, शिक्षा व स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर

**● संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान भी शुरू, जनप्रतिनिधियों ने दिखाई हरी झंडी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलरामपुर।** जनपद में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई ऊर्जा भरते हुए बुधवार को 'स्कूल चलो अभियान' के साथ-साथ विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उच्च प्राथमिक विद्यालय खगईजोत से हुई, जहां से यह अभियान पूरे जनपद के विद्यालयों और गांवों तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बलरामपुर सदर पलटूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और जनभागीदारी का माहौल देखने को मिला।

विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की गई, जिससे नए शैक्षिक सत्र की सकारात्मक शुरुआत हो सके। साथ ही, स्कूल चलो अभियान के तहत उत्कृष्ट नामांकन कराने वाले पांच शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। अभियान के अंतर्गत निकाली गई स्कूल चलो रैली एवं संचारी रोग नियंत्रण रैली को जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा।

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने कहा कि यह अभियान केवल नामांकन तक सीमित नहीं है, बल्कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने का संकल्प है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि जनपद का कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। वहीं, विधायक पलटूराम ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। मिशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं में सुधार हुआ है और परिषदीय विद्यालय अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के केंद्र बन रहे हैं। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 6 महीने 20 दिन बाद खुला कलवारी टांडा पुल, 1 अप्रैल से बड़े वाहनों के लिए भी आवागमन शुरू

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** बस्ती जिले में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कलवारी टांडा पुल मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद आवागमन के लिए पूरी तरह तैयार हो गया है। करीब 6 महीने 20 दिन तक बंद रहने के बाद यह पुल अब क्षेत्रवासियों के लिए राहत लेकर आया है। मिली जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल से इस पुल को बड़े वाहनों के लिए भी खोल दिया जाएगा।पुल के दोनों तरफ सुरक्षा के दृष्टिकोण से रखी गई मिट्टी, जिससे वाहनों का आवागमन रोका गया था, उसे मंगलवार देर शाम हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा पुल को पूरी तरह चालू करने की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। बताया जा रहा है कि इस पुल के चालू हो जाने से आजमगढ़, अंबेडकरनगर और वाराणसी की ओर जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। अब लोगों को लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और दूरी भी काफी कम हो जाएगी, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। गौरतलब है कि पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण 11 सितंबर 2025 से इसे पूरी तरह बंद कर दिया गया था। करीब तीन महीने बाद इसे छोटे चार पहिया वाहनों के लिए खोला गया था, लेकिन अधूरी मरम्मत के चलते एक दिन बाद ही फिर से आवागमन बंद करना पड़ा।

इस दौरान दोपहिया वाहन किसी तरह पुल से गुजरते रहे, जबकि कभी-कभार छोटे चार पहिया वाहनों का सीमित आवागमन भी होता रहा। अब मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद पुल को पूरी तरह सुरक्षित घोषित किया गया है और 1 अप्रैल से बड़े वाहनों के लिए भी आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। इससे क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है और यातायात व्यवस्था भी सुचारू रूप से बहाल हो सकेगी।

# कुसंगति त्यागें धर्मबुद्धि जागे जीवन बने उज्ज्वल और संस्कारित

मनुष्य का जीवन संगति से निर्मित होता है। जैसा वातावरण मिलता है वैसा ही मनुष्य का स्वभाव बनता जाता है। प्राचीन नीतिकारों ने स्पष्ट कहा है कि अच्छे और बुरे लोगों का प्रभाव मन पर अवश्य पड़ता है। आम और नीम के उदाहरण से यह बात समझाई गई है कि यदि दोनों के मूल एक साथ जुड़े हों तो मीठा आम भी कड़वाहट ग्रहण कर लेता है। यही स्थिति मनुष्य जीवन में भी देखी जाती है। कुसंगति का प्रभाव धीरे धीरे व्यक्ति के विचारों और आचरण को बदल देता है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि मनुष्य अपनी संगति को लेकर सजग रहे और सदैव उत्तम मार्ग का चयन करे।

यह प्रश्न स्वाभाविक है कि बुरे लोगों का प्रभाव जल्दी क्यों पड़ता है और अच्छे लोगों का प्रभाव उतनी तीव्रता से क्यों नहीं पड़ता। इसका कारण मनुष्य की प्रवृत्ति में छिपा हुआ है। बुराई आकर्षक प्रतीत होती है और वह सरल मार्ग का भ्रम देती है। जबकि अच्छाई में अनुशासन और संयम की आवश्यकता होती है। सज्जन का हृदय कोमल होता है इसलिए वह दूसरों के प्रभाव में जल्दी आ सकता है जबकि दुर्जन कठोर होता है और अपने स्वभाव को नहीं छोड़ता। यही कारण है कि सज्जन व्यक्ति को विशेष सावधानी रखनी चाहिए।

मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु उसका अविवेक है। बाहरी शत्रु उतना नुकसान नहीं पहुंचाता जितना कि गलत निर्णय और गलत संगति पहुंचा देती है। परिवार में भी यदि माता पिता विवेकशील नहीं हैं तो वे अपनी संतान को सही दिशा नहीं दे पाते। आज के समय में यह देखा जा रहा है कि माता पिता अपने बच्चों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने पर तो ध्यान देते हैं लेकिन उनके नैतिक और आध्यात्मिक विकास की ओर उतना ध्यान नहीं देते। परिणामस्वरूप बच्चे भटक जाते हैं और जीवन के सही मार्ग से दूर हो जाते हैं।

संस्कारों का निर्माण बचपन से ही होता है। बालक का मन अत्यंत कोमल होता है। वह जैसा देखता है वैसा ही सीखता है। इसलिए यह आवश्यक है कि उसे अच्छा वातावरण दिया जाए। आज के युग में मनोरंजन के साधनों ने बच्चों के मन पर गहरा प्रभाव डाला है। यदि इन साधनों का उपयोग सावधानी से नहीं किया गया तो यह बच्चों को गलत दिशा में ले जा सकते हैं। इसलिए माता पिता का यह कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों के व्यवहार पर ध्यान दें और उन्हें सही मार्ग दिखाएं।

एक प्रेरक प्रसंग इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक व्यक्ति जो स्वयं सुन नहीं सकता था वह प्रतिदिन अपने बच्चों को लेकर संतों के प्रवचन में जाता था। जब लोगों ने उससे पूछा कि उसे तो कुछ सुनाई नहीं देता फिर वह क्यों आता है तो उसने उत्तर दिया कि वह अपने बच्चों के संस्कारों के लिए आता है। उसका मानना था कि यदि बच्चे अच्छे संस्कारों से युक्त होंगे तो वे जीवन में सही निर्णय लेंगे और धन का सदुपयोग करेंगे। यह दृष्टिकोण हर माता पिता के लिए प्रेरणादायक है।

परंपराओं का संरक्षण भी अत्यंत आवश्यक है। यदि हम अपनी अच्छी परंपराओं को नहीं बचाएंगे तो समाज में नैतिकता का पतन हो जाएगा। नई पीढ़ी को आधुनिकता के साथ साथ संस्कारों का भी ज्ञान होना चाहिए। केवल भौतिक उन्नति से जीवन सफल नहीं होता। नैतिक मूल्यों और धर्मबुद्धि के बिना जीवन अधूरा रह जाता है।

वर्तमान समय में बुराइयों का प्रभाव बढ़ता हुआ दिखाई देता है लेकिन यह सत्य है कि अंततः विजय सत्य की ही होती है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि असत्य और अधर्म अधिक समय तक टिक नहीं सकते। इसलिए हमें निराश होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि सजग रहकर समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए।

संगति का प्रभाव इतना गहरा होता है कि वह मनुष्य के जीवन की दिशा बदल सकता है। यदि व्यक्ति बुरे लोगों के संपर्क में रहता है तो वह धीरे धीरे उनके जैसा बनने लगता है। प्रारंभ में यह प्रभाव छोटा होता है लेकिन समय के साथ यह गहरा हो जाता है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम अपने मित्रों और परिचितों का चयन सोच समझकर करें।

एक हास्य प्रसंग के माध्यम से भी यह समझाया गया है कि बुरी आदतें धीरे धीरे विकसित होती हैं। प्रारंभ में वे छोटी लगती हैं लेकिन बाद में वे गंभीर रूप ले लेती हैं। इसी प्रकार यदि किसी व्यक्ति को गलत आदत लग जाए तो उसे छोड़ना कठिन हो जाता है। इसलिए शुरुआत में ही सावधानी बरतनी चाहिए।

एक अन्य उदाहरण में बताया गया है कि एक व्यक्ति ने शेर का पालन किया। वह उसे शाकाहारी बनाना चाहता था लेकिन अंततः शेर ने अपने स्वभाव को नहीं छोड़ा। यह उदाहरण स्पष्ट करता है कि स्वभाव और संगति का प्रभाव कितना गहरा होता है। इसलिए हमें यह समझना चाहिए कि बुरे तत्वों के साथ रहकर अच्छा बने रहना अत्यंत कठिन है।

महापुरुषों ने हमेशा कुसंगति से दूर रहने की शिक्षा दी है। उन्होंने कहा है कि बुरे मित्र से अच्छा है कि व्यक्ति अकेला रहे। काजल की कोठरी में जाने से दाग लगना निश्चित है। इसलिए हमें अपने जीवन को पवित्र बनाए रखने के लिए बुरी संगति से बचना चाहिए।

जीवन का प्रत्येक क्षण मूल्यवान है। यदि हम इसे अच्छे कार्यों में लगाते हैं तो हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। लेकिन यदि हम इसे व्यर्थ में गंवाते हैं तो यह हमें गलत दिशा में ले जा सकता है। खाली मन में नकारात्मक विचार जल्दी प्रवेश करते हैं इसलिए हमें सदैव व्यस्त और जागरूक रहना चाहिए।

आत्मावलोकन भी अत्यंत आवश्यक है। यदि हम प्रतिदिन अपने कार्यों और विचारों का विश्लेषण करें तो हम अपनी गलतियों को पहचान सकते हैं और उन्हें सुधार सकते हैं। जो व्यक्ति स्वयं के प्रति सजग होता है वह कभी भी बुराई के प्रभाव में नहीं आता।

अंततः यह कहा जा सकता है कि कुसंगति से बचना और सद्गुणों को अपनाना ही जीवन की सफलता का मूल मंत्र है। हमें स्वयं भी अच्छे मार्ग पर चलना चाहिए और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। जब हम अपने जीवन को प्रकाशमय बनाएंगे तभी समाज और राष्ट्र का कल्याण संभव होगा।

**कांतिलाल मांडोत**

# परंपरा और आधुनिकता के बीच त्रिशंकु बना समाज

वर्तमान समय का मनुष्य एक विचित्र द्वंद्व में जी रहा है। आधुनिकता की अंधी दौड़ में वह इतनी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है कि उसकी अपनी सनातनी परंपराएँ धीरे-धीरे धुंधलाने लगी हैं। परिणामस्वरूप वह न पूर्णतः आधुनिक बन पाया है, न ही अपने संस्कारों से पूर्णतः जुड़ा रह सका है—वह त्रिशंकु की भाँति दो ध्रुवों के बीच झूलता हुआ एक असंतुलित अस्तित्व बन गया है।भारतीय वैदिक और सनातनी संस्कृति हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है, हमें हमारे 'भारतीय' होने का गहन बोध कराती है। यह संस्कृति केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि मनुष्यता, करुणा, सह-अस्तित्व और जीवन के उच्च आदर्शों की वाहक है। 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' जैसे सूत्र केवल वाक्य नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन हैं, जो समस्त विश्व को एक परिवार के रूप में देखने की दृष्टि प्रदान करते हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति को अध्यात्म प्रधान कहा गया है—यह भौतिकता से परे आत्मा के उत्कर्ष की बात करती है किन्तु दूसरी ओर, पाश्चात्य संस्कृति ने मानव जीवन को तार्किकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और व्यावहारिकता का नया आयाम दिया है। उसने मनुष्य को प्रश्न करना सिखाया, प्रमाण और तर्क के आधार पर सत्य को परखने की प्रवृत्ति विकसित की। विज्ञान और तकनीक के अद्भुत विकास ने जीवन को सुविधाजनक, सुगम और व्यापक बना दिया है। आज मानव चंद्रमा से आगे बढ़कर सूर्य के रहस्यों को जानने की चेष्टा कर रहा है, और सृजन के नए आयाम खोजते हुए प्रकृति को चुनौती देने का साहस भी दिखा रहा है।

यहीं से द्वंद्व उत्पन्न होता है। एक ओर अध्यात्म की गहराई है, तो दूसरी ओर भौतिकता की व्यापकता। एक ओर परंपरा की स्थिरता है, तो दूसरी ओर आधुनिकता की गतिशीलता। यदि मनुष्य केवल परंपरा से चिपका रहे, तो वह जड़ता का शिकार हो सकता है; और यदि केवल आधुनिकता को अपनाए, तो वह अपनी पहचान और संवेदनाओं से दूर हो सकता है।

आज की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि हमने पाश्चात्य संस्कृति के सार को नहीं, बल्कि उसके बाह्य आवरण को अपनाया है। परिणामस्वरूप संयुक्त परिवारों का विघटन हो रहा है, संबंधों में ऊष्मा कम होती जा रही है, बुजुर्गों के प्रति सम्मान घट रहा है और जीवन एक यांत्रिक प्रक्रिया बनता जा रहा है। भौतिक सुख-सुविधाओं की अंधी चाह ने मनुष्य को भीतर से रिक्त कर दिया है। परिवारों में अलगाव, अकेलापन और तनाव की स्थितियाँ बढ़ रही हैं।

फिर भी यह एकांगी दृष्टिकोण नहीं होना चाहिए। पाश्चात्य प्रभाव ने समाज में अनेक सकारात्मक परिवर्तन भी किए हैं। स्त्री सशक्तिकरण इसका प्रमुख उदाहरण है। जो महिलाएँ कभी घर की चारदीवारी तक सीमित थीं, आज वे शिक्षा, व्यवसाय और नेतृत्व के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ छू रही हैं। सामाजिक खुलापन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अवसरों की समानता ने समाज को अधिक गतिशील और प्रगतिशील बनाया है।

अतः आवश्यकता इस बात की है कि हम किसी एक ध्रुव के प्रति अंध-आसक्ति न रखें। न तो अतीत की रूढ़ियों में जकड़े रहें, और न ही आधुनिकता के अंधानुकरण में अपनी पहचान खो दें। विवेक का मार्ग ही यहाँ संतुलन प्रदान कर सकता है। जैसा कि एक संतुलित वीणा के तार ही मधुर संगीत उत्पन्न करते हैं। न अत्यधिक कसाव, न अत्यधिक ढील वैसे ही जीवन में भी परंपरा और आधुनिकता का संतुलित समन्वय आवश्यक है।

हमें अपनी संस्कृति के उन मूल्यों को संजोकर रखना होगा, जो मानवता को ऊँचा उठाते हैं, और साथ ही पाश्चात्य विचारधारा की उन विशेषताओं को अपनाना होगा, जो जीवन को तार्किक, वैज्ञानिक और प्रगतिशील बनाती हैं। यही समन्वय हमें त्रिशंकु की स्थिति से निकालकर एक संतुलित, समृद्ध और सार्थक जीवन की ओर ले जा सकता है।

अंततः यही कहा जा सकता है कि जीवन की सफलता न अतीत में पूरी तरह छिपी है, न भविष्य में पूरी तरह निहित है।वह वर्तमान में संतुलन स्थापित करने की कला में निहित है। जो इस संतुलन को साध लेता है, वही सच्चे अर्थों में विकसित और जागरूक मानव बन पाता ।

**संजीव ठाकुर**

# बढ़ती आयु में भी कागज पर लिखते रहें



मैंने फरवरी 2025 में एक लेख लिखा था-'चिट्ठी लिखना बहुत याद आता है'। उस लेख में मैंने पुराने समय की उन भावनाओं को याद किया था, जब हम अपने प्रियजनों को चिट्ठियां लिखते थे और हर शब्द में अपनापन झलकता था। उसी संदर्भ में आज एक दिलचस्प वीडियो देखने को मिला, जिसमें बताया गया कि फाउंटेन पेन उठाकर कागज पर लिखना न केवल एक भावनात्मक अनुभव है, बल्कि हमारे शरीर और विशेष रूप से दिमाग के लिए अत्यंत लाभदायक भी है। एक जानकारी के अनुसार, 2011 से 2019 के बीच जापान के प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. हिरोशी तनाका ने अपने शोध में पाया कि जो बुजुर्ग प्रतिदिन 10-15 मिनट हाथ से लिखते थे, उनमें डिमेंशिया और संज्ञानात्मक गिरावट (ष्थ्द्ठ्ठ्ढ्ढ्1द्ग स्न्द्रष्ध्यद्बठ्ठद्र) के लक्षण बहुत कम या न के बराबर दिखाई दिए। संज्ञानात्मक क्षमता का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है-यह न केवल हमारी याददाश्त को प्रभावित करती है, बल्कि हमारे सीखने, निर्णय लेने और नई परिस्थितियों में ढ़लने की क्षमता को भी निर्धारित करती है। इस शोध का एक और रोचक पहलू यह था कि इसमें शामिल लोगों की जीवनशैली एक जैसी नहीं थी। किसी का खान-पान संतुलित था तो किसी का नहीं; कुछ लोग नियमित रूप से व्यायाम करते थे, जबकि कुछ बिल्कुल भी सक्रिय नहीं थे। उनकी नींद की आदतें भी अलग-अलग थीं। लेकिन इन सब भिन्नताओं के बावजूद एक समानता स्पष्ट रूप से सामने आई-वे सभी हाथ से लिखते थे और टाइपिंग या मोबाइल संदेशों पर निर्भर नहीं थे। डॉ. तनाका के अनुसार, लिखना एक साधारण क्रिया नहीं है। यह एक ऐसा अभ्यास है जिसमें प्रयास, ध्यान और उद्देश्य तीनों का समन्वय आवश्यक होता है। जब हम पेन से कागज पर लिखते हैं, तो हर अक्षर हमारे दिमाग को सक्रिय करता है। हम सोचते हैं, शब्दों का चयन करते हैं, उन्हें आकार देते है-और यही पूरी प्रक्रिया हमारे मस्तिष्क के लिए एक प्रभावी व्यायाम बन जाती है। अपने अध्ययन में उन्होंने प्रतिभागियों को दो समूहों में बांटा-एक समूह जो नियमित रूप से टाइप करता था और दूसरा जो हाथ से लिखता था। छह महीने बाद जब दोनों समूहों का मूल्यांकन किया गया, तो यह पाया गया कि हाथ से लिखने वाले लोगों की याददाश्त अधिक तेज और स्पष्ट थी। ब्रेन स्कैन से यह भी स्पष्ट हुआ कि लिखने के दौरान मस्तिष्क के वे हिस्से सक्रिय होते हैं जो गतिशीलता, स्थानिक समझ, भाषा और स्मृति की गहरी प्रोसेसिंग से जुड़े होते हैं। टाइपिंग में यह गहराई अपेक्षाकृत कम होती है। ऐसे लोग न केवल नाम बेहतर याद रखते थे, बल्कि बोलने में भी अधिक सहज और प्रवाहपूर्ण थे। वे नई जानकारी को जल्दी समझकर उसे अपने जीवन में लागू कर लेते थे। उनकी दिनचर्या अधिक व्यवस्थित और कम भ्रमपूर्ण होती थी।

इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि उम्र के साथ याददाश्त का कम होना अनिवार्य नहीं है। कई बार इसका कारण केवल दिमाग का कम उपयोग होता है। हमारा मस्तिष्क एक मांसपेशी की तरह है-जितना अधिक हम उसका उपयोग करेंगे, वह उतना ही मजबूत और सक्रिय बना रहेगा। कुछ ही महीने पहले मेरी मुलाकात 97 वर्षीय उद्योगपति लक्ष्मी नारायण झुनझुनवाला जी से हुई। इस आयु में भी वे प्रतिदिन सुबह और शाम तीन-तीन घंटे पढ़ते और लिखते हैं। उनकी डायरी को देखकर उनकी सुंदर और सुस्पष्ट लिखावट ने मुझे आश्चर्यचकित कर दिया। वे आज भी समसामयिक विषयों पर पूरी स्पष्टता और आत्मविश्वास के साथ चर्चा करते हैं। हम अपने स्कूल के दिनों को याद करें तो पाएंगे कि जब भी हम किसी शब्द की वर्तनी भूल जाते थे, तो शिक्षक हमें उसे बार-बार लिखने के लिए कहते थे। वास्तव में वही हमारी स्मृति को मजबूत करने का सबसे प्रभावी तरीका था। आज के डिजिटल युग में, जहां मोबाइल और कंप्यूटर ने हमारे जीवन को आसान बना दिया है, वहीं उन्होंने हमारी कुछ अच्छी आदतों को भी पीछे छोड़ दिया है।

आज बच्चे और युवा लिखने की बजाय टाइपिंग पर अधिक निर्भर हो गए हैं। यहां तक कि परीक्षाओं की पद्धति भी धीरे-धीरे बदल रही है। भविष्य में संभव है कि लिखना और भी कम हो जाए। लेकिन इन सबके बीच यह संकल्प लें-रोजाना संकल्प लें-रोजाना आवश्यक है कि हम अपनी लेखनी को कभी बंद न होने दें। तो आइए, आज से ही एक छोटा सा संकल्प लें-रोजाना पेन से कागज पर लिखें।

# नालंदा के शीतला मंदिर की भगदड़ त्रासदी भीड़ प्रबंधन की विफलता और व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न

**बिहार के नालंदा जिले में स्थित शीतला मंदिर नालंदा में मंगलवार को घटी भगदड़ की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। धार्मिक आस्था और श्रद्धा के बीच अचानक मची अफरा तफरी ने आठ महिलाओं की जान ले ली और कई अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। यह घटना केवल एक दुर्घटना नहीं है बल्कि भीड़ प्रबंधन सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही की एक बड़ी विफलता के रूप में सामने आई है।**

**मंदिर परिसर में उस दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग पंद्रह से बीस हजार लोग मंदिर और मेले के क्षेत्र में मौजूद थे। धार्मिक आयोजन के चलते बड़ी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग दर्शन के लिए पहुंचे थे। भीड़ का दबाव इतना अधिक था कि एक समय पर स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई और भगदड़ मच गई। देखते ही देखते लोग एक दूसरे के ऊपर गिरने लगे और चीख पुकार का माहौल बन गया। इस अफरा तफरी में आठ महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया और मंदिर तथा मेला क्षेत्र को बंद कर दिया गया। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना पर देश के शीर्ष नेतृत्व ने भी शोक व्यक्त किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की।**

**यह पहली बार नहीं है जब किसी धार्मिक स्थल पर इस तरह की घटना हुई हो। पिछले पांच वर्षों में देश के विभिन्न मंदिरों में भगदड़ की कई घटनाएं सामने आई हैं जिन्होंने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। वर्ष 2021 में हिमाचल प्रदेश के नैना देवी मंदिर में भीड़ अधिक होने के कारण भगदड़ जैसी स्थिति बनी थी जिसमें कई लोग घायल हुए थे। वर्ष 2022 में जम्मू कश्मीर के वैष्णो देवी मंदिर में नए साल के मौके पर भगदड़ मच गई थी जिसमें कई श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। यह घटना राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी थी और इसके बाद भीड़ नियंत्रण के नए दिशा निर्देश जारी किए गए थे। वर्ष 2023 में मध्य प्रदेश के महाकालेश्वर मंदिर में सावन के दौरान अत्यधिक भीड़ के कारण अफरा तफरी की स्थिति उत्पन्न हुई थी। हालांकि समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया था लेकिन यह स्पष्ट हो गया था कि व्यवस्थाएं अभी भी पर्याप्त नहीं हैं। वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश के काशी विश्वनाथ मंदिर में भी भारी भीड़ के कारण दबाव की स्थिति बनी थी और कई श्रद्धालु घायल हो गए थे। इन सभी घटनाओं में एक समानता रही है और वह है भीड़ का सही तरीके से प्रबंधन न होना। नालंदा की घटना ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि धार्मिक आयोजनों में भीड़ नियंत्रण केवल कागजी योजना तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उसे जमीन पर प्रभावी रूप से लागू करना आवश्यक है। जब लाखों श्रद्धालु एक साथ किसी स्थान पर पहुंचते हैं तो वहां सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात करना बैरिकेडिंग की उचित व्यवस्था करना और भीड़ के प्रवेश और निकास के लिए अलग अलग मार्ग सुनिश्चित करना अनिवार्य है।**

**स्थानीय लोगों ने भी इस घटना को लेकर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे और सुरक्षा व्यवस्था भी कमजोर थी। यदि समय रहते उचित कदम उठाए जाते तो इस तरह की त्रासदी को टाला जा सकता था। यह आरोप केवल नालंदा तक सीमित नहीं है बल्कि हर उस स्थान पर लागू होता है जहां इस तरह की घटनाएं होती हैं।**

**धार्मिक आस्था लोगों को एक स्थान पर एकत्रित करती है और यह हमारे समाज की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। लेकिन जब यही आस्था अव्यवस्था में बदल जाती है तो वह जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि प्रशासन और आयोजन समिति दोनों मिलकर ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाएं। तकनीक का उपयोग भी इस दिशा में सहायक हो सकता है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भीड़ की निगरानी करना ड्रोन के जरिए स्थिति पर नजर रखना और डिजिटल माध्यम से श्रद्धालुओं की संख्या को नियंत्रित करना जैसे उपाय अपनाए जा सकते हैं। इसके साथ ही लोगों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है ताकि वे अनुशासन बनाए रखें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। नालंदा के शीतला मंदिर की यह घटना केवल एक खबर नहीं है बल्कि एक चेतावनी है। यदि अब भी हम नहीं जागे तो भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी और निर्दोष लोगों की जान जाती रहेगी। जरूरत इस बात की है कि हम इस घटना से सबक लें और ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करें जिससे हर श्रद्धालु सुरक्षित तरीके से अपने धार्मिक कर्तव्यों का पालन कर सके। अंततः यह कहना गलत नहीं होगा कि किसी भी समाज की पहचान केवल उसकी आस्था से नहीं बल्कि उसकी व्यवस्था और संवेदनशीलता से भी होती है। यदि हम अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते तो हमारी सारी उपलब्धियां अधूरी हैं। नालंदा की यह त्रासदी हमें यही संदेश देती है कि समय रहते सुधार करना ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।**

**कांतिलाल मांडोत**

# हनुमान जयंती: भक्ति, शक्ति और समर्पण का अद्भुत संगम

हनुमान जयन्ती का पावन पर्व हिंदू धर्मानुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी उत्सव है। यह दिन भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो शक्ति, भक्ति, निष्ठा और त्याग के प्रतीक हैं। यह पर्व हर वर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है, और वर्ष 2026 में यह 2 अप्रैल को है। हनुमान जी का चरित्र अद्भुत है, क्योंकि वे एक ओर असीम बल के स्वामी हैं तो दूसरी ओर विनम्रता की प्रतिमूर्ति। वे शिव के ग्यारहवें रुद्र अवतार माने जाते हैं, जिनका जन्म पवन देव के आशीर्वाद से हुआ, इसलिए वे पवनपुत्र कहलाए। उनके जन्म की कथा अत्यंत प्रेरणादायक है, जिसमें माता अंजना की तपस्या और भगवान शिव का वह अंश समाहित है जो संसार को बुराइयों से मुक्ति दिलाने के लिए अवतरित हुआ। हनुमान जी के बचपन की वह कथा आज भी बच्चों से लेकर वृद्धों तक के मन में रोमांच भर देती है, जब उन्होंने सूर्य देव को एक लाल फल समझकर निगलने का प्रयास किया था। यह घटना उनके उस अदम्य साहस और अलौकिक क्षमता का प्रतीक है, जो सीमाओं से परे है। इंद्र के वज्र प्रहार से उनकी ठुड्डी पर लगी चोट ने उन्हें 'हनुमान' नाम दिया, लेकिन उसी क्षण देवताओं द्वारा मिले वरदानों ने उन्हें अपराजेय बना दिया। ब्रह्मा जी ने उन्हें लंबी आयु का वरदान दिया, तो अग्नि ने उन्हें आग से न जलने का और वरुण ने जल से सुरक्षित रहने का आशीष दिया। ये वरदान केवल व्यक्तिगत सिद्धियाँ नहीं थीं, बल्कि भविष्य में होने वाले धर्म और अधर्म के युद्ध की तैयारी थी। हनुमान जयंती पर जब हम उनके जीवन का स्मरण करते हैं, तो उनकी शिक्षा-दीक्षा का प्रसंग भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने सूर्य देव से वेदों का ज्ञान प्राप्त किया और व्याकरण में इतनी निपुणता हासिल की कि वे 'महाव्याकरण' कहलाए। उनका व्यक्तित्व बल और बुद्धि के विलक्षण समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है।

रामचरितमानस और रामायण में हनुमान जी की भूमिका एक ऐसे सेतु की तरह है, जो विरक्त को अनुराग से और भक्त को भगवान से जोड़ती है। ऋष्यमूक पर्वत पर जब उनकी भेंट श्री राम से हुई, तो वह मिलन इतिहास का सबसे पवित्र मिलन बन गया। एक साधारण वानर के वेश में वे अपने प्रभु के पास गए, लेकिन राम की पारखी नजरों ने पहचान लिया कि यह कोई साधारण जीव नहीं है। इसके बाद हनुमान जी का पूरा जीवन राममय हो गया। हनुमान जयंती के इस अवसर पर उनके द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का विश्लेषण करना आवश्यक है। समुद्र लांघने की उनकी क्षमता हमें सिखाती है कि यदि आत्मविश्वास दृढ़ हो, तो सौ योजन का विशाल सागर भी छोटा पड़ जाता है। लंका में अशोक वाटिका के भीतर माता सीता की खोज करना और उन्हें प्रभु राम की मुद्रिका देना उनके धैर्य और बुद्धिमानी की पराकाष्ठा थी। उन्होंने लंका दहन के माध्यम से रावण के अहंकार की लंका को भस्म किया, जो यह संदेश देता है कि अधर्म कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, सत्य की एक लौ उसे राख करने के लिए पर्याप्त है। हनुमान जी का 'सुंदरकांड' केवल एक अध्याय नहीं है, बल्कि वह जीवन के हर मोड़ पर हार रहे मनुष्य के लिए विजय का मंत्र है। लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा के लिए जब वे द्रोणागिरि पर्वत उठाने गए, तो वे केवल एक जड़ी-बूटी नहीं लाए, बल्कि उन्होंने सिद्ध कर दिया कि श्रद्धा के मार्ग पर असंभव शब्द का कोई स्थान नहीं है। यदि औषधि की पहचान नहीं हो सकी, तो उन्होंने पूरे पर्वत को ही उठा लिया—यह उनके निर्णय लेने की क्षमता और कार्य के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाता है।

हनुमान जयंती की पूजा विधि और इसमें निहित प्रतीकों का भी गहरा आध्यात्मिक अर्थ है। भक्त मंदिरों में जाकर हनुमान जी को सिंदूर अर्पित करते हैं। इसके पीछे वह प्रसिद्ध कथा है जिसमें उन्होंने माता सीता को अपनी मांग में सिंदूर लगाते देखा था और जब उन्हें पता चला कि यह श्री राम की लंबी आयु के लिए है, तो उन्होंने अपने पूरे शरीर पर ही सिंदूर मल लिया। यह निश्छल भक्ति का वह स्वरूप है जहाँ भक्त अपने आराध्य की प्रसन्नता के लिए स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर देता है। हनुमान चालीसा का पाठ, जो गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित है, आज दुनिया के कोने-कोने में गूंजता है। इसकी हर पंक्ति में एक विशेष ऊर्जा है। 'भूत पिशाच निकट नहीं आवै' जैसी पंक्तियाँ मनुष्य को अज्ञात भय से मुक्ति दिलाती हैं। हनुमान जयंती पर भंडारों का आयोजन और 'बूंदी के लड्डू' का भोग सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जहाँ समाज के हर वर्ग के लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि शक्ति का उपयोग सदैव रक्षा और सेवा के लिए होना चाहिए। हनुमान जी चाहते तो स्वयं रावण का वध कर सकते थे, उनमें इतनी सामर्थ्य थी, लेकिन उन्होंने सदैव अपने प्रभु की आज्ञा का पालन किया और खुद को एक सेवक के रूप में ही प्रस्तुत किया। उनकी यह विनम्रता आज के आधुनिक युग के लिए एक बहुत बड़ी सीख है, जहाँ थोड़े से अधिकार मिलते ही मनुष्य अहंकार से भर जाता है।

आधुनिक संदर्भ में हनुमान जयंती की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। आज का मनुष्य मानसिक तनाव, अवसाद और आत्मविश्वास की कमी से जूझ रहा है। हनुमान जी का व्यक्तित्व हमें आत्मविश्वास का पाठ पढ़ाता है। जामवंत जी द्वारा हनुमान जी की सोई हुई शक्ति को याद दिलाना इस बात का प्रतीक है कि हम सबके भीतर अनंत शक्तियाँ छिपी हैं, बस हमें एक सही दिशा और आत्मबोध की आवश्यकता है। हनुमान जयंती पर अखाड़ों में होने वाले आयोजन हमें शारीरिक स्वास्थ्य और अनुशासन के प्रति सचेत करते हैं। वे ब्रह्मचर्य के पालक हैं, जो इंद्रिय निग्रह और मानसिक एकाग्रता का मार्ग है। विद्यार्थी जीवन के लिए हनुमान जी का चरित्र आदर्श है क्योंकि वे एक कुशल वक्ता, चतुर कूटनीतिज्ञ और एकाग्रचित्त साधक हैं। उनकी पूजा करने से व्यक्ति को केवल धार्मिक लाभ नहीं मिलता, बल्कि उसे अनुशासन, समयबद्धता और निष्ठा की भी प्रेरणा मिलती है। हनुमान जी 'अष्टसिद्धि और नवनिधि' के दाता हैं, लेकिन वे ये सिद्धियाँ केवल उसे प्रदान करते हैं जो धर्म के मार्ग पर अडिग रहता है। वे 'चिरंजीवी' हैं, जिसका अर्थ है कि वे हर युग में विद्यमान हैं। ऐसी मान्यता है कि जहाँ भी रामकथा होती है, वहाँ हनुमान जी किसी न किसी रूप में अदृश्य रूप से उपस्थित रहते हैं। यह अटूट विश्वास ही भक्तों को कठिन से कठिन समय में भी संबल प्रदान करता है।

हनुमान जयंती का उत्सव भारत के विभिन्न प्रांतों में अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है, जो देश की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है। उत्तर भारत में जहाँ चैत्र पूर्णिमा का महत्व है, वहीं दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में इसे मार्गशीर्ष माह में मनाया जाता है। तमिलनाडु और केरल में इसे 'हनुमत जयंती' के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। तिथियों के भेद के बावजूद, भाव एक ही है उस महाशक्ति की वंदना करना जिसने मानवता को सेवा का नया अर्थ दिया। इस दिन मंदिरों को भव्य रूप से सजाया जाता है, प्रभात फेरियाँ निकाली जाती हैं और केसरिया ध्वजों से आकाश पट जाता है। 'जय श्री राम' और 'जय हनुमान' के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठता है। यह पर्व केवल हिंदुओं का नहीं, बल्कि उन सभी का है जो वीरता और सदाचार का सम्मान करते हैं। हनुमान जी का चरित्र संकीर्णताओं से ऊपर उठकर है। वे सुग्रीव जैसे मित्र के प्रति वफादार हैं, विभीषण जैसे शरणागत के रक्षक हैं और श्री राम के अनन्य दास हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि रिश्ते कैसे निभाए जाते हैं और संकट के समय अपनों के साथ कैसे खड़ा रहा जाता है।

निष्कर्षतः, हनुमान जयंती का यह पावन अवसर हमें आत्म-मंथन के लिए प्रेरित करता है। क्या हम अपने भीतर के डर को जीत पा रहे हैं? क्या हम समाज की सेवा के लिए तत्पर हैं? क्या हमारी शक्ति दूसरों की भलाई के लिए प्रयुक्त हो रही है? हनुमान जी का पूरा जीवन 'परोपकाराय पुण्याय' का जीवंत दस्तावेज है। उनकी भक्ति में कोई शर्त नहीं थी, कोई मांग नहीं थी। उन्हें जब विदा करते समय कीमती मोतियों की माला दी गई, तो उन्होंने उन्हें दांतों से तोड़कर फेंक दिया क्योंकि उनमें 'राम' नहीं दिख रहे थे। ऐसी अनन्य भक्ति ही मनुष्य को साधारण से असाधारण और जीव से शिव बनाती है। आज के दौर में जब विश्व अनेक चुनौतियों से घिरा है, हनुमान जी का 'बजरंग' रूप हमें साहस देता है और उनका 'शांत' रूप हमें धैर्य। हनुमान जयंती हमें विश्वास दिलाती है कि यदि हम निष्ठापूर्वक अपने मार्ग पर चलते रहें, तो बाधाएँ चाहे कितनी ही विकट क्यों न हों, विजय अंततः हमारी ही होगी। इस दिन हमें केवल दीये नहीं जलाने चाहिए, बल्कि अपने भीतर के अंधकार को मिटाने का संकल्प लेना चाहिए। भगवान हनुमान की कृपा हम सब पर बनी रहे और हम उनके पदचिह्नों पर चलते हुए एक बेहतर समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकें, यही इस जयंती की सच्ची सार्थकता होगी। अंत में यही कहा जा सकता है कि हनुमान जी की महिमा अपार है, वे बुद्धिमानों में अग्रगण्य हैं, बलवानों में श्रेष्ठ हैं और भक्तों के हृदय में सदैव निवास करने वाले प्राणस्वरूप हैं। उनकी जयन्ती हमें उस शाश्वत सत्य की याद दिलाती रहती है कि ईश्वर के प्रति समर्पण ही वह एकमात्र चाबी है जिससे मोक्ष और सांसारिक सफलता दोनों के द्वार खुलते हैं।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पेड़ की टहनियां छांटते समय 11 हजार वोल्ट का लगा झटका, आगरा में करंट से संविदाकर्मी की मौत

**अकोला (आगरा)।** आगरा में बुधवार दोपहर दर्दनाक हादसा हुआ। गर्मियों में आंधी के दौरान बिजली के तारों को बचाए रखने के लिए पेड़ों की छंटाई कर रहे संविदा पर कार्यरत बिजली कर्मचारी की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। अकोला विद्युत केंद्र पर तैनात एक संविदाकर्मी की बुधवार को करंट लगने से दर्दनाक मृत्यु हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 28 वर्षीय पेट्रोलमैन सुशील चाहर पुत्र राजेंद्र सिंह मलपुरा के गांव बरारा के समीप पीपल के पेड़ की टहनियां काट रहे थे। इसी दौरान पास से गुजर रही मलपुरा विद्युत केंद्र की भांडई फीडर की 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह पेड़ से नीचे गिर पड़ा, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भूमि रजिस्ट्री कराने के लिए किसानों ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**सहजनवां /गोरखपुर-** सहजनवां तहसील क्षेत्र के मौजा नरकटहा, चकभोप में औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा कई किसानों की भूमि रजिस्ट्री कराया गया है। शेष किसानों की भूमि बची है। जिनका अभी तक औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा रजिस्ट्री नहीं कराया गया है। जिसको लेकर डेढ़ दर्जन किसानों ने बुधवार को मुख्य कार्यपालक अधिकारी गीडा को ज्ञापन सौंपा। आरोप है कि अधिकतर किसानों की भूमि रजिस्ट्री हो चुकी है।शेष भूमि का अभी तक रजिस्ट्री नहीं कराया गया है। इस संबंध में किसानों ने दो बार शिकायत किया था। जिसमें गीडा कार्यालय में तैनात कर्मचारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया। जोत आकार चकबंदी 41 और 45 की मांग किया गया। जिसको किसानों ने जमा भी कर दिया था।लेकिन अभी तक भूमि की रजिस्ट्री औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा नहीं कराया गया है। रजिस्ट्री न होने से किसानों का कार्य बाधित है। ज्ञापन सौंपने वालो में रामरेखा इंद्रमल सुरेशमेश यादव इंद्रदेव, धर्मपाल लालती,धर्मेंद्र सर्वदेव शिवशंकर वासुदेव कल्पनाथ, मंजू देवी मौजूद थे।

## मदरसा बेबीज़ स्टडी शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी एवं वार्षिक उत्सव का किया गया आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बिसवां(सीतापुर)** मदरसा बेबीज़ स्टडी बिसवां में बुधवार शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मौलाना एख़लाक़ कासमी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद् हाजी असलम उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन रविश अनवर ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर रोशनी डालते हुए अभिभावकों से अपील की वह अपने बच्चों को बेहतर और उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करें। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इमाम मौलाना अख़लाक़ कासमी ने संगोष्ठी में मौजूद शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश और समाज के सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं । उनको हल करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित और जागरूक होना जरूरी है। बिना शिक्षा के इंसान न तो धर्म को समझ सकता है और ना संसार को। शिक्षाविद् हाजी असलम ने अपने संबोधन में कहा की सभी अभिभावक अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक और संवेदनशील रहें। बच्चों की प्राथमिक शिक्षा पूरी तरह से माता-पिता की कोशिशों पर निर्भर है। जो मां-बाप अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान रखते हैं उनके बच्चे मेधावी और होनहार सिद्ध होते हैं। नगर पालिका परिषद बिसवां के पूर्व सभासद डाक्टर अहमद अली अंसारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश और समाज की आधी आबादी महिलाओं की है इसलिए उनका शिक्षित होना ही काफी नहीं है,बल्कि उच्च शिक्षा प्राप्त करना आवश्यक है। क्योंकि जब मां शिक्षित और योग्य होगी तो अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देकर अच्छा नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। संगोष्ठी में शायर डाक्टर कफ़ील बिसवानी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से शिक्षा का महत्व बयान किया। इस मौके पर मो0 रिजवान सिद्दीकी, शिक्षिका अतिया परवीन, रजिया बेगम, सायमा परवीन और कहकशा आदि ने



भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में दो दर्जन से भी अधिक मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अर्श अनवर ने अतिथियों और अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया।

## बर्ड फ्लू को लेकर हुई जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर**-जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स (बर्ड फ्लू) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि बर्ड फ्लू एक संक्रामक एवं गंभीर बीमारी है, जो पक्षियों के माध्यम से फैलती है और कुछ परिस्थितियों में मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरा उत्पन्न कर सकती है। इसलिए इस बीमारी की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभागों को पूर्ण सतर्कता के साथ कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद के सभी पोल्ट्री फार्म, मुर्गी बाजार एवं जलाशयों के आसपास विशेष निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि किसी भी स्थान पर पक्षियों की असामान्य मृत्यु की सूचना मिलने पर तत्काल टीम भेजकर जांच कराई जाए तथा सैंपल लेकर प्रयोगशाला में परीक्षण कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, जैसे आवाजाही पर नियंत्रण एवं संक्रमित पक्षियों का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण, सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने



मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क रहे, जिलाधिकारी ने नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया कि साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए ।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिससे जनपद को बर्ड फ्लू जैसी संभावित महामारी से सुरक्षित रखा जा सके। जनपद में पशु चिकित्साल, नौगढ़ पर बर्डफ्लू की रोकथाम हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका नम्बर 9415637248 है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी गणेश प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजा परीक्षित जन्म कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के छमनीखेड़ा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला। नैमिषारण्य तीर्थ से पधारे कथा व्यास पंडित बृजनंदन शास्त्री ने राजा परीक्षित के जन्म की मार्मिक कथा सुनाई। उनके भावपूर्ण शब्दों ने श्रोताओं को गहराई तक छू लिया। कथा प्रसंग सुनकर कई श्रद्धालुओं की आंखें श्रद्धा से नम हो गईं। कथा व्यास ने महाभारत का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भीष्म पितामह बाणों की शैया पर लेटे थे। उनके शरीर से रक्त बह चुका था। युद्ध समाप्त होने के बाद पांडव उनसे मिलने पहुंचे। भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन से संवाद के बाद भीष्म पितामह ने देह त्याग दी। उसी समय अर्जुन के धनुष से मां गंगा का प्रादुर्भाव हुआ। उन्होंने आगे कहा कि भीष्म पितामह के पंचतत्व में विलीन होने पर पांडव शोक में डूब गए। तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी प्राणी के जाने पर विलाप नहीं करना चाहिए। ऐसे समय में संकीर्तन और गरुड़ पुराण का श्रवण करना चाहिए। यही सच्चा मार्ग है। कथा के दौरान राजा परीक्षित के जन्म का प्रसंग भी



सुनाया गया। महाभारत युद्ध के बाद भगवान श्रीकृष्ण द्वारका लौटे। इसी बीच अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु की पत्नी ने एक बालक को जन्म दिया। पांडवों ने उसका नाम विष्णुरात रखा। बाद में वही बालक परीक्षित के नाम से प्रसिद्ध हुआ। कथा के इस प्रसंग ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान ऋतुराज सिंह, प्रोफेसर आरके सिंह, केशव प्रसाद तिवारी, संजय तिवारी, बच्चू दीक्षित, बेटऊनू भैया, आनंद तिवारी, सत्यम त्रिपाठी, झब्बू भैया, गोलू, शिवम, रज्जन तिवारी, संदीप तिवारी, धनंजय, शंकरजी, लल्लन, बच्चाबाबू, नयन, रतन तिवारी, मदन, रिंकू, राहुल, सूरज तिवारी, दुर्गाशंकर तिवारी, बसंत तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत धमसड़ा वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोण्डा**

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 01/04/2026

**निविदा सूचना**

एदद द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15वा/16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माणः ऑगनबाडी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यों के स्थलों पर मय भाडा निम्न सामग्रियों - प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड ईट, सफेद मोरंग, सीमेंट, लाल मोरंग, टाइल्स, सरिया, ईट की रोड़ी 40 एम.एम., पत्थर गिट्टी 20 एम.एम., स्ट्रीट लाइट, 80 एम.एम. इन्टरलॉकिंग ईट, पेंट, साइन बोर्ड, समोसम, प्राईमर, सफेद सीमेंट, लोकल बालू, ह्यूम पाइप, आर.सी.सी. बेंच, दरवाजा व खिड़की , फ्लोर टाइल्स, वाल टाइल्स, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प , इंडिया मार्का रिबोर, समर सेबुल बोरिंग, सटरिंग, पॉलीथीन सीट , साइनबोर्ड, पी0वी0 सी0पाइप, वाटरकूलर,से सम्बन्धित सामान, ई-रिक्शा व साइकिल रिक्शा, ठेलिया, अन्य निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, वाटर सप्लाई आदि की आपूर्ति वा अन्य वांछित सामग्री व कुर्सी,मेज, स्टेशनरी व अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन दिनांक से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 22.04.2026को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर/निविदा फार्म सील्ड/बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी, ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा/टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह 3:00 बजे प्राप्त टेण्डर/निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा/ टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

प्रधान
ग्राम पंचायत धमसड़ा
वि0 ख0 हलधरमऊ
जिला गोंडा

सचिव
ग्राम पंचायत धमसड़ा
वि0 ख0 हलधरमऊ
जिला गोंडा



**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरी रावत वि0 ख0 हलधरमऊ जिला- गोण्डा**

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 01/04/2026

**निविदा सूचना**

एदद द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माणः ऑगनबाडी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यों के स्थलों पर मय भाडा निम्न सामग्रियों - प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड ईट, सफेद मोरंग, सीमेंट, लाल मोरंग, टाइल्स, सरिया, ईट की रोड़ी 40 एम.एम., पत्थर गि?ट्टी 20 एम.एम., स्ट्रीट लाइट, 80 एम.एम. इन्टरलॉकिंग ईट, पेंट, साइन बोर्ड, समोसम, प्राईमर, सफेद सीमेंट, लोकल बालू, ह्यूम पाइप, आर.सी.सी. बेंच, दरवाजा व खिड़की , फ्लोर टाइल्स, वाल टाइल्स, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प, इंडिया मार्का रिबोर, समर सेबुल बोरिंग, सटरिंग, पॉलीथीन सीट, साइनबोर्ड, पी0वी0सी0पाइप, वाटरकूलर,से सम्बन्धित सामान, ई-रिक्शा व साइकिल रिक्शा, ठेलिया, अन्य निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, वाटर सप्लाई आदि की आपूर्ति वा अन्य वांछित सामग्री व कुर्सी, मेज, स्टेशनरी व अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन दिनांक से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 17.04.2026को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर/निविदा फार्म सील्ड/ बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी, ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा/टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह 3:00 बजे प्राप्त टेण्डर/निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा/ टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

प्रधान
शबाना
ग्राम पंचायत पिपरी रावत
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

सचिव
सर्वेश कुमार
ग्राम पंचायत पिपरी रावत
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा



**कार्यालय ग्राम पंचायत छतौरा विकास खण्ड हलधरमऊ जिला- गोण्डा**

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 01/04/2026

**निविदा सूचना**

एदद द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15वा/16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माणः ऑगनबाडी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यों के स्थलों पर मय भाडा निम्न सामग्रियों - प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड ईट, सफेद मोरंग, सीमेंट, लाल मोरंग, टाइल्स, सरिया, ईट की रोड़ी 40 एम.एम., पत्थर गिट्टी 20 एम.एम., स्ट्रीट लाइट, 80 एम.एम. इन्टरलॉकिंग ईट, पेंट, साइन बोर्ड, समोसम, प्राईमर, सफेद सीमेंट, लोकल बालू ,ह्यूम पाइप, आर.सी.सी. बेंच, दरवाजा व खिड़की , फ्लोर टाइल्स, वाल टाइल्स, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प , इंडिया मार्का रिबोर, समर सेबुल बोरिंग, सटरिंग, पॉलीथीन सीट , साइनबोर्ड, पी0वी0सी0पाइप, वाटरकूलर,से सम्बन्धित सामान, ई-रिक्शा व साइकिल रिक्शा, ठेलिया, अन्य निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, वाटर सप्लाई आदि की आपूर्ति वा अन्य वांछित सामग्री व कुर्सी,मेज, स्टेशनरी व अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन दिनांक से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 22.04.2026को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर/निविदा फार्म सील्ड/ बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी, ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा/टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह 3:00 बजे प्राप्त टेण्डर/निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा/ टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

प्रधान
ग्राम पंचायत छतौरा
वि0 ख0 हलधरमऊ
जिला गोंडा

सचिव
ग्राम पंचायत छतौरा
वि0 ख0 हलधरमऊ
जिला गोंडा



**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरी रावत वि0 ख0 हलधरमऊ जिला- गोण्डा**

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 01/04/2026

**निविदा सूचना**

एदद द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा /16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन / सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माणः ऑगनबाडी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यों के स्थलों पर मय भाडा निम्न सामग्रियों - प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड ईट, सफेद मोरंग, सीमेंट, लाल मोरंग, टाइल्स, सरिया, ईट की रोड़ी 40 एम.एम., पत्थर गि?ट्टी 20 एम.एम., स्ट्रीट लाइट, 80 एम.एम. इन्टरलॉकिंग ईट, पेंट, साइन बोर्ड, समोसम, प्राईमर, सफेद सीमेंट, लोकल बालू ,ह्यूम पाइप, आर.सी.सी. बेंच, दरवाजा व खिड़की, फ्लोर टाइल्स, वाल टाइल्स, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प , इंडिया मार्का रिबोर, समर सेबुल बोरिंग, सटरिंग, पॉलीथीन सीट, साइनबोर्ड, पी0वी0सी0पाइप, वाटरकूलर,से सम्बन्धित सामान, ई-रिक्शा व साइकिल रिक्शा, ठेलिया, अन्य निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, वाटर सप्लाई आदि की आपूर्ति वा अन्य वांछित सामग्री व कुर्सी,मेज, स्टेशनरी व अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन दिनांक से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक17.04.2026को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर/निविदा फार्म सील्ड/ बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी, ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा/टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह 3:00 बजे प्राप्त टेण्डर/निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा/ टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

प्रधान
ग्राम पंचायत पिपरी रावत
वि0 ख0 हलधरमऊ
जिला गोंडा

सचिव
ग्राम पंचायत पिपरी रावत
वि0 ख0 हलधरमऊ
जिला गोंडा



**कार्यालय ग्राम पंचायत दत्तनगर वि0 ख0 हलधरमऊ जिला- गोण्डा**

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 01/04/2026

**निविदा सूचना**

एदद द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वां/16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माणः ऑगनबाडी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यों के स्थलों पर मय भाडा निम्न सामग्रियों - प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड ईट, सफेद मोरंग, सीमेंट, लाल मोरंग, टाइल्स, सरिया, ईट की रोड़ी 40 एम.एम., पत्थर गिट्टी 20 एम.एम., स्ट्रीट लाइट, 80 एम.एम. इन्टरलॉकिंग ईट, पेंट, साइन बोर्ड, समोसम, प्राईमर, सफेद सीमेंट, लोकल बालू, ह्यूम पाइप, आर.सी.सी. बेंच, दरवाजा व खिड़की , फ्लोर टाइल्स, वाल टाइल्स, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प, इंडिया मार्का रिबोर, समर सेबुल बोरिंग, सटरिंग, पॉलीथीन सीट, साइनबोर्ड, पी0वी0सी0पाइप, वाटरकूलर,से सम्बन्धित सामान, ई-रिक्शा व साइकिल रिक्शा, ठेलिया, अन्य निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, वाटर सप्लाई आदि की आपूर्ति वा अन्य वांछित सामग्री व कुर्सी,मेज, स्टेशनरी व अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन दिनांक से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 17.04.2026को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर/निविदा फार्म सील्ड/ बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी, ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा/टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह 3:00 बजे प्राप्त टेण्डर/निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा/ टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

प्रधान
सविता
ग्राम पंचायत दत्तनगर
वि0 ख0 हलधरमऊ
जिला गोंडा

सचिव
सर्वेश कुमार
ग्राम पंचायत दत्तनगर
वि0 ख0 हलधरमऊ
जिला गोंडा



**कार्यालय ग्राम पंचायत पतिसा विकास खण्ड हलधरमऊ जिला- गोण्डा**

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 01/04/2026

**निविदा सूचना**

एदद द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15 वा/16वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माणः ऑगनबाडी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यों के स्थलों पर मय भाडा निम्न सामग्रियों- प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड ईट, सफेद मोरंग, सीमेंट, लाल मोरंग, टाइल्स, सरिया, ईट की रोड़ी 40 एम.एम., पत्थर गिट्टी 20 एम.एम., स्ट्रीट लाइट, 80 एम.एम. इन्टरलॉकिंग ईट, पेंट, साइन बोर्ड, समोसम, प्राईमर, सफेद सीमेंट, लोकल बालू, ह्यूम पाइप, आर.सी.सी. बेंच, दरवाजा व खिड़की, फ्लोर टाइल्स, वाल टाइल्स, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प , इंडिया मार्का रिबोर, समर सेबुल बोरिंग, सटरिंग , पॉलीथीन सीट, साइनबोर्ड, पी0वी0 सी0पाइप, वाटरकूलर,से सम्बन्धित सामान, ई-रिक्शा व साइकिल रिक्शा, ठेलिया, अन्य निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, वाटर सप्लाई आदि की आपूर्ति वा अन्य वांछित सामग्री व कुर्सी, मेज, स्टेशनरी व अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन दिनांक से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 22.04.2026को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर/निविदा फार्म सील्ड/ बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी, ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा/टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह 3:00 बजे प्राप्त टेण्डर/निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा/ टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

प्रधान
ग्राम पंचायत पतिसा
वि0 खण्ड-हलधरमऊ
जिला-गोंडा

सचिव
ग्राम पंचायत पतिसा
वि0 खण्ड-हलधरमऊ
जिला-गोंडा



**कार्यालय ग्राम पंचायत चकसनिया विकास खण्ड- हलधमऊ जिला- गोण्डा**

पत्रांक:मेमो/टेंडर/विविध/2026-27 दिनांक. 01/04/2026

**निविदा सूचना**

एदद द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में VB -G RAM G/ पंचम /षष्ट्म राज्य वित्त आयोग/15वां/16 वां केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन फेस-2 SLWM/आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत कोटा दुकान भवन/सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं पंचायत भवन निर्माणः ऑगनबाडी केन्द्र, स्ट्रीट लाइट और विद्यालय कायाकल्प योजनान्तर्गत कार्य एवं ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले अन्य कार्यों के स्थलों पर मय भाडा निम्न सामग्रियों - प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड ईट, सफेद मोरंग, सीमेंट, लाल मोरंग, टाइल्स, सरिया, ईट की रोड़ी 40 एम.एम., पत्थर गिट्टी 20 एम.एम., स्ट्रीट लाइट, 80 एम.एम. इन्टरलॉकिंग ईट, पेंट, साइन बोर्ड, समोसम, प्राईमर, सफेद सीमेंट, लोकल बालू ,ह्यूम पाइप, आर.सी.सी. बेंच, दरवाजा व खिड़की , फ्लोर टाइल्स, वाल टाइल्स, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प, इंडिया मार्का रिबोर, समर सेबुल बोरिंग, सटरिंग , पॉलीथीन सीट, साइनबोर्ड, पी0वी0 सी0पाइप, वाटरकूलर,से सम्बन्धित सामान, ई-रिक्शा व साइकिल रिक्शा, ठेलिया, अन्य निर्माण सामग्री, इलेक्ट्रानिक उपकरण, वाटर सप्लाई आदि की आपूर्ति वा अन्य वांछित सामग्री व कुर्सी,मेज, स्टेशनरी व अन्य आवश्यक सामग्री इत्यादि की आपूर्ति करने हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं आपूर्ति सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर प्रस्तुत की गयी बिल का भुगतान करना सम्भव न होगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में उसका निपटारा स्थानीय न्यायालय में ही होगा। टेण्डर फार्म विज्ञापन दिनांक से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 22.04.2026को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर/निविदा फार्म सील्ड/बन्द लिफाफे में तीन सदस्यीय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इस समिति के सदस्य अधोहस्ताक्षरी, ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक होंगे। उक्त तिथि पर निविदा/टेण्डर प्राप्त न होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि को अपरान्ह 3:00 बजे प्राप्त टेण्डर/निविदा को समिति एवं प्रस्तुतकर्ता के समक्ष खोलकर न्यूनतम दर एवं अच्छी गुणवत्ता वाली फर्म के निविदा/ टेण्डर की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। साथ ही फर्म को समय-समय पर आपूर्ति आदेश कार्यालय द्वारा जारी होने पर सम्बंधित कार्यप्रभारी से सम्पर्क करके कार्यस्थल पर उसी के निर्देशानुसार सामग्रियां आपूर्ति करना होगा साथ ही टेण्डर/निविदा प्रस्तुत करते समय ईट आदि का नमूना लाना आवश्यक है।

प्रधान
ग्राम पंचायत चकसनिया
वि0 खण्ड-हलधमऊ
जिला-गोंडा

सचिव
ग्राम पंचायत चकसनिया
वि0 खण्ड-हलधमऊ
जिला-गोंडा

## संक्षिप्त खबरें

### बड़ी मशीन के बजाय ट्रैक्टर-ट्रॉली पर छोटी मशीन से कर दी गई बोरिंग

**लखीमपुर-खीरी।** लघु सिंचाई विभाग में मध्यम गहरी व गहरी बोरिंग में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, जिस पर किसानों ने आवाज उठाई है। किसानों का आरोप है कि जिस फर्म हर्षित इंटरप्राइजेज ने बड़ी मशीन (ट्रक पर) दिखाकर टेंडर पास कराया था, उसने इसके विपरीत छोटी या लोकल मशीनों से बोरिंग कराई।कुछ किसानों ने बताया कि कई स्थानों पर बोरिंग खुद किसानों से ही कराई गई, जबकि कुछ जगहों पर बोरिंग निर्धारित गहराई से कम की गई। किसानों का कहना है कि बड़ी मशीन के बजाय ट्रैक्टर-ट्रॉली पर छोटी मशीन से बोरिंग की गई, जिससे पानी की मात्रा कम मिल रही है।किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में मशीनों के खेल के जरिए जीएसटी की चोरी की गई और बोरिंग की गहराई भी कम रखी गई। इस संबंध में कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद विभाग के जेई और सहायक अभियंता ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इससे किसानों में यह आशंका है कि अधिकारियों और ठेकेदार के बीच मिलीभगत है, जिसके तहत कम बोरिंग करके अधिक भुगतान लिया जा रहा है।मामले की जानकारी लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को होने पर उन्होंने तत्काल विकासखंड मितौली का निरीक्षण किया, जिसमें कई कमियां पाई गईं। अधिशासी अभियंता द्वारा जल्द ही जेई और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।लखीमपुर ब्लॉक के रामपुर गोकुल गांव में जांच के दौरान 200 फीट के स्थान पर केवल 150 फीट बोरिंग पाई गई, साथ ही किसान के पास अतिरिक्त पाइप भी बरामद हुआ। बेहजम ब्लॉक में 28 मार्च को हुई जांच में भी कम गहराई की बोरिंग और छोटी मशीनों के उपयोग का मामला सामने आया। इससे पहले मितौली ब्लॉक में भी निरीक्षण के दौरान कई बोरिंग में अनियमितताएं पाई गई थीं।

### गुमशुदा महिला की सात में दिन क्षतिग्रस्त लाश मिली



**बरेली**/क्यों लड़ियां थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीमावर्ती ग्राम बने केशवपुर के वीरेंद्र द्वारा अपनी मां के गायब होने की गुमशुदागी 27 मार्च 2026 को कर्ज कराई गई थी आज गुम हुई शांति देवी पत्नी स्वर्गीय सुमेरमल 75 वर्ष महिला का सब क्षतिग्रस्त अवस्था में गेहूं वी पॉपुलर के बाग से बरामद हुआ अमृत का के पुत्र द्वारा अवगत कराया गया उनकी मां की दिमागी हालत ठीक नहीं थी उनका काफी खोज भी किया गया वह 26 मार्च से गायब हो गई थी आज उनकी क्षतिग्रस्त सब मेरे ही खेत में मिला है इसकी सूचना पर प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक मुकेश कुमार आदि पुलिस बल मौके पर पहुंचा फील्ड यूनिट की टीम को बुलवाने के बाद पुलिस ने सब पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

### बरेली से अमीर नगर गाव नामकरण संस्कार में शामिल होने आए अपने दोस्तों के साथ देवहा नदी में डूब कर युवक की मौत मचा कोरम



**बरेली**/क्योलडिया गांव अमीर नगर सुमेर लाल पुत्र पातीराम के घर में नामकरण संस्कार का प्रोग्राम था जिसमें संजय नगर थाना बारादरी जनपद बरेली के चार दोस्त नामकरण संस्कार में शामिल होने आए थे जिसमें एक लड़का रवि कुमार यादव पुत्र रमेश यादव उम्र करीब 20 वर्ष निवासी सैनिक कॉलोनी संजय नगर बरेली अपने सगे भाई मोनू यादव पुत्र रमेश यादव व अन्य दोस्त सोनू शर्मा पुत्र सुनील शर्मा ,शिवम पुत्र बलवीर निवासी संजय नगर के साथ आया था। गर्मी ज्यादा होने के कारण देवहा नदी में नहाने के लिए जैसे ही घुसा पानी गहरा होने के कारण तथा ना तैर पाने के कारण डूब गया शव की तलाश मैं क्षेत्र के गोताखोरों को बुलाकर तलाश जारी की गई जिला पीलीभीत थाना क्षेत्र बरखेड़ा की गोताखोर अमित कुमार इंद्रपाल रोहित कुमार ने नदी के अंदर घुसकर रवि कुमार को बाहर निकाला परिजनों ने उसको उठाकर अपने साथ ले गए नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपने साथ लेकर गए डॉ ने मृत घोषित किया इस दौरान दुष्यंत प्रताप तहसीलदार लेखपाल धर्मेंद्र कुमार थाना प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह।

# लगातार सात वर्षों से गन्ना परिषद जेबीगंज के सचिव पद की कुर्सी पर जमें हुये है गजेन्द्र कटियार

**● गन्ना विकास परिषद जंगबहादुर गंज में सामान्य निकाय की बैठक हुई संपन्न**

**खिन्नता के चलते समित उपाध्यक्ष उमा देवी व डायरेक्टर अवनीश शुक्ला रहे अनुपस्थित**

**बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया को किया गया अनदेखा समिति मे भ्रष्टाचार को लेकर क्षेत्र में हो रही चर्चा**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** के जंगबहादुर गंज गन्ना विकास परिषद में आज सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन किया गया उक्त मीटिंग में अध्यक्ष सहित गन्ना डायरेक्टर और डेलीगेट सम्मिलित हुए। उक्त मीटिंग में पूर्व की परम्पराओं को अनदेखा करते हुए वर्तमान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ साथ कुछ खास मीडियाकर्मियों छोड़कर मीडिया जगत को उक्त मीटिंग की भनक तक नहीं लगी और उन्हें अनदेखा किया गया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर इस मीटिंग में ऐसा क्या था जो जनप्रतिनिधियों और चुनिंदा मीडिया कर्मियों को छोड़कर सभी क्षेत्रीय मीडिया कर्मियों की अनदेखी की गई। सूत्रों से जानकारी मिली है कि राजनीतिक कृपा से गन्ना विकास परिषद जंगबहादुर गंज में सारे नियमों कानूनों को दरकिनार करके अपने कार्यकाल की लंबी पारी खेल रहे गन्ना विकास परिषद जंगबहादुर गंज के सचिव गजेंद्र कटियार जो कि लगभग 7 वर्षों से जंगबहादुर गंज में गन्ना सचिव पद कार्यरत है, शासन के सरकारी कर्मचारी की 3 वर्ष कार्यकाल की तबादला नीति की धज्जियां उड़ाते हुए जंगबहादुर गंज के गन्ना विकास परिषद के सचिव पद पर जमे हुए है के द्वारा इस प्रकार के कार्यव्यवहार कोई नए नहीं है। मीडिया को जानकारी न देना उसे अनदेखा करना उनकी कार्यशैली बन गई है। अब सवाल यह भी उठता है कि अपने कार्यव्यवहार से जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया की उपेक्षा करने वाले गन्ना विकास परिषद के सचिव पर शासन की तबादला नीति नहीं लागू होती, या फिर सत्ता पक्ष में राजनीतिक रसूख रखने वाले लोगों द्वारा अपने लाभ को लेकर उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है और लगभग 7 वर्ष होने के बाद भी तबादला न होने का अभयदान दिया जा रहा है। अपने राजनीतिक रसूख और अच्छी पैठ के चलते ये गन्ना विकास परिषद जंगबहादुर गंज के सचिव पद पर वर्ष 2018 से कार्यरत सचिव गजेंद्र कटियार शासन की तबादला नीति की धज्जियां उड़ाते हुए अनवरत रूप से गन्ना विकास परिषद जंगबहादुर गंज के सचिव पद पर लंबी पारी खेले जा रहे है। एक लंबी पारी खेलने और राजनीतिक नब्ज पर अपनी पैनी पैठ के चलते क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं मीडिया शायद उनके लिए कोई मायने नहीं रखते और न ही उन्हें बुलाना या जानकारी देना वो उचित समझते है। खैर गन्ना विकास परिषद जंगबहादुर गंज में हुई सामान्य निकाय की बैठक में सर्वांगपुर से डेलीगेट सुबोध कांत अवस्थी के द्वारा सोसाइटी कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप प्रत्यारोप लगाने व डायरेक्टरों व अधिसंख्य डेलीगेटों की अनुपस्थित में संपन्न हुई। गन्ना समित उपाध्यक्ष श्रीमती उमा देवी के द्वारा भी मीटिंग को लेकर खिन्नता व्यक्त की गई उनके द्वारा पिछली मीटिंग में पनई चौराहे के पास स्थित बरम्बाबा के स्थान के पास स्थित मोड पर मिट्टी कार्य के लिए कहा गया उक्त कार्य को शीघ्र कराने का आश्वासन भी दिया गया था परंतु उक्त कार्य होने को लेकर एक वर्ष होने के बाद भी अब तक उक्त कार्य नहीं हुआ है। वही समित के एक अन्य डायरेक्टर अवनीश शुक्ला के द्वारा भी गंभीर आरोप लगाया गया कि गन्ना विकास परिषद की बोर्ड की अथवा सामान्य निकाय की बैठक महज खानापूर्ति है हम लोगों से एजेंडे पर कार्य प्रस्ताव तो जरूर लिया जाता है पर कार्य कोई नहीं करवाया जाता। हम लोग मीटिंग में केवल दस्तखत करने तक सीमित है। कई कार्यों को मीटिंग में रखा पर कोई कार्य नहीं होता है, मन करता है डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दूं। कहकर अपनी पीढ़ा बताई। खैर अब देखना है कि उच्चाधिकारी एवं गन्ना समित अध्यक्ष अपने डायरेक्टरों और डेलीगेटों तथा क्षेत्रीय किसानों की पीड़ा को समझते हुए क्या प्रभावी कदम उठाएंगे ये समय ही बताएगा। वहीं समिति मे भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

## पिपरिया गांव में भीषण आग, घर का सामान जलकर खाक



**मितौली** तहसील के अंतर्गत ग्राम पिपरिया में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते घर में रखा सामान जलकर राख हो गया।बताया जा रहा है कि पीड़ित पुत्तू लाल उस समय घर पर मौजूद नहीं थे, वे रोजगार के सिलसिले में राजस्थान गए हुए हैं। घर में मौजूद परिजनों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## जमीन कब्जे के विवाद में मारपीट, तीन घायल



**● लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से हमला, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही-खीरी।** थाना क्षेत्र के नौरंगाबाद गांव में जमीन कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। मारपीट की इस घटना में तीन लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बुधवार को दी गई तहरीर के अनुसार नौरंगाबाद निवासी सर्वेश कुमार मिश्रा पुत्र कमलाकांत अपने खरीदे गए मकान की साफ-सफाई करने के लिए सुबह करीब 9:30 बजे अपने भतीजे अभिषेक और पुत्र शिवांश के साथ पहुंचे थे। इसी दौरान विपक्षी पक्ष के पुष्पा देवी, कलावती, राममूर्ति, प्रेमा, पिंकी, खूबलाल, सुनीता, अनीता, कैलाश, रमदेई, नन्हकी व ध्रुव कुमार यादव समेत अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और जमीन को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सभी आरोपियों ने एकजुट होकर लाठी-डंडों, धारदार हथियारों, असलहों व ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में सर्वेश मिश्रा और उनके भतीजे अभिषेक के चेहरे पर चोटें आईं, जबकि पुत्र शिवांश का हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद घायलों ने थाना सिंगाही पहुंचकर तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रारंभिक स्तर पर कार्रवाई में सुस्ती देखे जाने पर मामला सीओ निघासन के संज्ञान में लाया गया। सीओ के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया। सीओ निघासन शिवम कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रशासन के आदेश बेअसर, भू माफ़िया ने पूनः किया खलिहान और आबादी की जमीन पर कब्जा

**● तहसील प्रशासन क्यों नहीं लिखवा रहा भू माफ़िया के विरूद्ध एफ आई आर**

**बेखौफ। भू-माफिया ने लेखपाल को खिला पिलाकर लगवा दिए सरकारी जमीन पर धान-आरोप**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** मामला गोला तहसील क्षेत्र के परगना कुकुरा के ग्राम हर दुआ का है जहां पर दबंग हौसले बुलंद भू माफ़िया लालजी उर्फ़ गुड्डू पुत्र दीन दयाल ने शासन प्रशासन के आदेशों को खुली चुनौती देते हुए खलिहान और आबादी की जमीन गाटा संख्या 152 पर अवैध कब्जा करके धान और गन्ना की फसल खड़ी कर तहसील प्रशासन को खुली चुनौती पेश कर दी।इस भू माफ़िया को जिले की तेज तर्रार जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की सख्ती का जरा सा भी खौफ नहीं है शायद। इस खेल में क्षेत्रीय लेखपाल की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि पैमाइश करने गए लेखपाल शैलेन्द्र वर्मा को पैमाइश के दौरान सरकारी जमीन पर लगभग 4,बीघा से ज्यादा जमीन पर अतिक्रमण मिला लकिन सेटिंग के चलते लेखपाल ने उक्त जमीन को खाली कराने की बजाय सड़क के किनारे बने गड्ढों को जुटवाकर शासन प्रशासन की आंख में धूल झोंकने का काम कर अपने चाहते दोस्त लालजी प्रसाद उर्फ़ गुड्डू को संरक्षण प्रदान कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल सहाब इसके बंगले में बैठकर चाय ठंडा तोड़ते हैं इसलिए वह जानबूझकर उक्त भू माफ़िया को संरक्षण दे रहे हैं।

यहां पर सबसे अहम बात यह है कि जब तहसील दार गोला ने इसका अवैध कब्जा जमीन पर खड़ी फसल नष्ट कराकर हटवा दिया था तो फिर इसने किसकी शह पर फिर से कब्जा कर धान की फसल वो दी ?लोगों ने लेखपाल पर मिलीभगत होने के आरोप लगाये हैं।मामले की पूनःशिकायत मिलने पर तहसील दार गोला भीम चंद ने लेखपाल को भेजकर मामले की रिपोर्ट देने के आदेश दिए।मौके का मुआयना और पैमाइश करने गए लेखपाल को नाप के समय खलिहान आबादी की जमीनें पर अवैध कब्जा मिला। सूत्र बताते हैं कि लगभग 4 बीघा ज्यादा जमीन जोत रखी है इस भू माफ़िया लालजी उर्फ़ गुड्डू ने उक्त अवैध कब्जा वाली जमीन पर लालजी उर्फ़ गुड्डू ने धान और गन्ने की फसल उगा रखी है। लेखपाल द्वारा उक्त फसल को बचाने के लिये सड़क के किनारे पडी गड्ढों की जमीन को जोतवा कर भू माफिया को क्लीन चिट दे दी और अपने उच्चाधिकारियों की आँखों में धूल झोंक दी ऐसा आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब लेखपाल और प्रधान मिलकर सरकारी जमीनों पर करवायेंगे अवैध कब्जा तो यह जमीनें कैसे होगी अवैध कब्जा मुक्त इस संबंध में लेखपाल शैलेन्द्र साहब से जानकारी लेने का प्रयास किया तो साहिब के बिगड़े बोल कि मैं ऐसे जानकारी नहीं दे पाऊँगा तहसील आकर बात करो।

तहसील दार गोला भीम चंद ने बताया मामला सज्ञान में आया है और लेखपाल से रिपोर्ट मांगी गई है। दोषी लालजी उर्फ़ गुड्डू पर रिपोर्ट लिखाने की बात पर साहब बोले हर मामले में रिपोर्ट ही विकल्प नहीं है।

# पति के आत्म हत्या करने के पश्चात पत्नी को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



गोला गोकर्णनाथ खीरी, थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में वादी राजकुमार पुत्र हीरालाल नि0ग्रा0 निमचौना थाना महोली जनपद सीतापुर खीरी द्वारा दिये गये प्रा0 पत्र के आधार पर दिनाक 12.11.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 377/2025 धारा 108/352 बी0एन0एस मे आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्तगण 1.पप्पू पुत्र रामेश्वर दयाल उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम नगरासलेमपुर थाना हैदराबाद जिला खीरी 2. नैन्शी पुत्री पप्पू उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम नगरासलेमपुर थाना हैदराबाद जिला खीरी को गिरफ्तार कर न्यायालय खीरी के समक्ष भेजा गया।

राजकुमार के पुत्र प्रदीप कुमार की शादी दिनाँक 13.04.2024 को नैन्सी पुत्री पप्पू नि0ग्रा0 नगरासलेमपुर के साथ हुयी थी, प्रदीप अपनी पत्नी को विदा कराने अपनी ससुराल नगरासलेमपुर गया जहाँ पर अभियुक्तगण 1.पप्पू पुत्र रामेश्वर दयाल उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम नगरासलेमपुर थाना हैदराबाद जिला खीरी 2. नैन्शी पुत्री पप्पू उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम नगरासलेमपुर थाना हैदराबाद जिला खीरी द्वारा प्रदीप को धमकाने व गाली गलौज करते हुए शादी में खर्च हुऐ रूपयों की माँग करने लगे जिससे प्रदीप कुमार ने आहत व भयभीत होकर, धमकाने व शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित होकर ग्राम नगरा सलेमपुर के बाहर 06.09.2025 को आत्म हत्या कर ली, जिसमें अभियुक्तगण 1.पप्पू पुत्र रामेश्वर दयाल उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम नगरासलेमपुर थाना हैदराबाद जिला खीरी 2. नैन्शी पुत्री पप्पू उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम नगरासलेमपुर थाना हैदराबाद जिला खीरी को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय खीरी के समक्ष भेजा गया।

## मेहमानी में आया युवक देवहा नदी में नहाने गया गायब



बरेली/क्यों लड़िया थाना क्षेत्र के सीमावर्ती ग्राम अमीर नगर में नामकरण की दावत में आया 19 वर्षीय रवि यादव देवहा नदी में बच्चों के साथ नहाने गया था परंतु वह बाहर नहीं लौटा इसकी सूचना पर गांव में अपना तकरीर मच गई इसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे नहाने गए युवक के कपड़े नदी के पास पड़े हैं परंतु उसका कोई भी सुराग नहीं लग सका है। बताया जाता है रवि यादव बरेली के संजय नगर का निवासी है वह अमीर नगर में अपने साथियों के साथ नामकरण संस्कार में दावत खाने आया था गर्मी से राहत पाने के लिए वह नदी में नहाने चला गया परंतु पानी से बाहर न आने पर सनसनी फैल गई समाचार लिखे जाने तक उसका कोई भी सुराग नहीं लग सका है। मौके पर प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक मुकेश कुमार दीवान नवीन कुमार राजीव कुमार आदि मौके पर उपस्थित थे।

## राजश्री कालेज के इंजीनियरिंग छात्र-छात्राओं ने किया "यूनिकन्वर्ज टेक्नोलॉजीस, नोएडा" का शैक्षिक भ्रमण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** राजश्री इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टैक्नोलॉजी, बरेली के बी0 टेक0 कम्प्यूटर साइंस, इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी, इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन, इलैक्ट्रिकल एण्ड इलैक्ट्रॉनिक्स पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् छात्र- छात्राओं ने'यूनिकन्वर्ज टेक्नोलॉजीज प्रा0 लि0, नोयडा' का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने कंपनी का संचालन, प्रौद्योगिकियों और नवाचारों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि इंटरनेट ऑफ थिंक्स, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग पर आधारित संस्थान में चल रहे प्रोजेक्ट्स की बारीकियों को सीखने तथा जनरेटिव आर्टिफीशियल इन्टेलिजेन्स और एजेंटिक आर्टिफीशियल इन्टेलिजेन्स पर नवाचार को प्रोजेक्ट्स में लागू करने के लिये यह भ्रमण बेहद लाभकारी है। कम्पनी के निदेशक कौशलेन्द्र सिंह सिसोदिया ने छात्र-छात्राओं को आई0ओ0 टी0 और ए0 आई0 लैब का दौरा कराया ताकि वे वास्तविक कार्य शैली को देख सकें। राजश्री संस्थान में अध्ययनरत वेदान्त चौबे, मोहित यादव, कार्तिक गंगवार, आकाशी गुप्ता एवं स्नेहा भारती छात्र-छात्राओं ने कम्पनी में आयोजित वर्कशॉप में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया।

## परीक्षाफल वितरण, विदाई समारोह हुआ



**बरेली।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवीनगर में बुधवार को आठवीं के छात्र छात्राओं को परीक्षाफल वितरण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रेनू गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।नवीन छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। छात्र -छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। परीक्षाफल के दौरान प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया ।इस मौके पर ग्राम प्रधानपति सलीम शाह,इफ़्फ़त महमूद ,मनोहर लाल सागर, आभा सक्सेना, रिचा सक्सेना, रितु बलवीर सिंह, एसएमसी अध्यक्ष वेसा देवी सहित गवर्नमेंट हाई स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सुल्तानपुर में 'स्कूल चलो अभियान' शुरू

**● 3 साल के बच्चों को भी स्कूलों से जोड़ने का लक्ष्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुल्तानपुर- शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ ही 'स्कूल चलो अभियान' का शंखनाद हो गया है। प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित न रहे। इस वर्ष अभियान में 3 साल के बच्चों को भी बालवाटिका के माध्यम से स्कूलों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह अभियान 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है। इस साल 6 से 14 वर्ष के बच्चों के साथ-साथ बालवाटिका के माध्यम से 3 साल के नन्हें बच्चों को भी स्कूलों से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों के 'ड्रॉपआउट' को रोकना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास पुष्टाहार विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया गया है, ताकि बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने में कोई बाधा न आए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि परिषदीय विद्यालयों का स्वरूप अब बदल रहा है। कायाकल्प योजना के तहत स्कूलों को स्मार्ट बनाया गया है। सरकारी स्कूलों में अब स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और पीएम श्री जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो अभिभावकों को निजी स्कूलों की बजाय सरकारी स्कूलों की ओर आकर्षित कर रही हैं।




बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने यह भी बताया कि दिव्यांग बच्चों और कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं सहित हर वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल और अभ्युदय जैसे नए प्रोजेक्ट्स भी तैयार हो रहे हैं, जिससे इस बार बच्चों का नामांकन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# गौकशी के आरोपियों से मुठभेड़, क के पैर में लगी गोली

**● तीन गिरफ्तार, दो तमंचे बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर-** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात पुलिस ने गौकशी के एक मामले में तीन आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। इस दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर भेजा गया है। पुलिस को मंगलवार रात सूचना मिली थी कि तीन संदिग्ध व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर क्षेत्र से गुजर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम सक्रिय हुई और इटकौली जंगल के पास उनकी घेराबंदी की। पुलिस के अनुसार, घेराबंदी कड़ी होने पर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी की पहचान गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सिरवारा शरीकपुर निवासी अफरोज के रूप में हुई है। अफरोज के साथ पकड़े गए अन्य दो आरोपियों की पहचान गोसाईगंज के सिरवारा निवासी मो. गुलफाम उर्फ मो. इमरान और फतेहपुर संगत निवासी आजाद के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद करने का दावा किया है। मौके से प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी कब्जे में लिया गया है।



अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि ये तीनों आरोपी गौकशी के एक प्रकरण में वांछित थे। अफरोज पर पहले से 11 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि गुलफाम पर भी दो मुकदमे दर्ज हैं। घायल अफरोज का इलाज सीएचसी जयसिंहपुर में जारी है और पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

## गोला के ऐतिहासिक मेला चैती को भव्यता देने के लिए पालिकाध्यक्ष को बधाई, बद्री प्रसाद मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** छोटी काशी के ऐतिहासिक मेला चैती के चतुर्थ दिवस सांस्कृतिक मंच पर सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश के लोक गायको के भजनों एवं लोक नृत्य का हुआ आयोजन। छोटी काशी का ऐतिहासिक मेला चैती के चतुर्थ दिवस सांस्कृतिक मंच पर लोक गायको के भजनों एवं लोक नृत्य द्वारा भजन संध्या में मुख्य अतिथि नगर पंचायत निघासन अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका परिषद सभासद देवीदयाल वर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा प्रभारी गोला दयाशंकर मौर्य, समाजसेवी दिलीप जायसवाल, विजय आनंद, व्यापारी विमलेश गुप्ता, ललित शर्मा, समाजसेवी राजेश तिवारी, चेयरमैन निघासन प्रतिनिधि विपिन मौर्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति के लिये आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत निघासन अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य ने कहा,' छोटी काशी गोला के ऐतिहासिक मेला चैती को भव्यता देने के लिए पालिकाध्यक्ष को बधाई देता हूँ आज का कार्यक्रम भारतीय संस्कृति, सभ्यता,भारतीय शैली के साथ स्वच्छ मनोरंजन देना वाला था। विशिष्ट अतिथि दयाशंकर मौर्य ने कहा,' ऐतिहासिक मेला चैती में आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा,'चैती मेरा भारतीय संस्कृति, हमारी जीवनशैली, और परम्पराओं का है जिसे संयोजने, समारने और सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश के कलाकारों नें कार्यक्रम का शुभारंभ लोकनृत्य, हमार दिसवा सोने की चिरैया ,गीत पर समूह नृत्य। रेलियां बैरन पिया को लिए जाए रे, गीत पर समूह नृत्य। इसके बाद लोकगायक सतीश तिवारी ने ,हे शंभू इच्छा तिहारी, द्वार तुम्हारे आए हैं। गाकर शमा बांध दिया। लोकगायिका निरी मुस्कान ने, सासु पनिया कैसे जाऊ रसीले दोनों नैना, पटना से वायदा बुलाएदा, नजरा ग़ैले गुया। , सैया मिले लरकईया मै का करु।



विशाल एवं काजल कनौजिया ने शिव पार्वती की सुंदर सी झांकी प्रस्तुत की। इसके बाद सेजल साहू, अंशी कश्यप, आरजू शर्मा, नेहा कश्यप, नव्या श्रीवास्तव, अंशिका वर्मा, जाह्नवी मिश्रा ने ,काहू दिन उठी गौ मेरो हाथ बलम तोहे ऐसों मारूंगी, गीत पर लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति दी विशाल ने लोकनृत्य-चाहे बिक जाए हरो रुमाल, बैठूंगी मोटर कार में, अंत में कलाकारों ने शक्ति आराधना-आई गिरि नंदिनी नंद तमेदिनी, से समापन किया। सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने भारतीय संस्कृति, भारतीय परम्परा, भारतीय शैली तथा भारतीय सभ्यता में कार्यक्रमों द्वारा सामाजिक जागरण का संदेश दिया । इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पिपरीस कालीन केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण, बुनकरों से जाना हाल



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने ग्राम पंचायत पिपरीस स्थित कालीन बुनाई केंद्र का निरीक्षण कर बुनकरों से संवाद किया। उन्होंने कार्य की प्रगति, सुविधाओं और समस्याओं के बारे में जानकारी ली। बुनकरों ने बताया कि कालीन तैयार करने में आकार के अनुसार समय लगता है और वर्तमान में कोई विशेष दिक्कत नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भदोही की कालीन उद्योग की पहचान विश्व स्तर पर है, इसलिए गुणवत्ता और समयबद्धता बनाए रखना जरूरी है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि बुनकरों को सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।

### दो निरीक्षक बने पुलिस उपाधीक्षक, एसपी ने लगाए स्टार



**भदोही।** जनपद में तैनात दो निरीक्षकों विश्वज्योति राय एवं सुनील कुमार सिंह को पदोन्नति देकर पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) बनाया गया है। पदोन्नति बोर्ड के आदेश के अनुपालन में बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी एवं क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर प्रभात राय ने दोनों अधिकारियों के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। पदोन्नत अधिकारियों ने विभाग के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को और मजबूत करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को उनके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं सेवा के प्रति समर्पण का सम्मान बताया गया।

### बलिया में नए जिला कारागार को मिली मंजूरी, 1000 कैदियों की क्षमता; जमीन खरीद के लिए 24 करोड़ की पहली किश्त जारी



**बलिया** में लंबे समय से प्रस्तावित नए जिला कारागार के निर्माण की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। शासन ने नारायनापाली क्षेत्र में 62.48 एकड़ भूमि खरीद के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस कारागार की क्षमता 1000 कैदियों की होगी। भूमि खरीद के लिए कुल 38 करोड़ 75 लाख 65 हजार 280 रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है, जिसमें से पहली किश्त के रूप में 24 करोड़ 12 लाख 98 हजार रुपए जारी कर दिए गए हैं। यह धनराशि जिलाधिकारी के डिपोजिट खाते में रखी जाएगी और निर्विवाद भूमि उपलब्ध होते ही जमीन खरीद की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस परियोजना को लेकर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व नगर विधायक दयाशंकर सिंह लंबे समय से प्रयासरत थे। उनकी पहल पर वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन यह स्वीकृति मिली है। प्रशासन द्वारा जमीन चिन्हांकन का कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया है। महानिरीक्षक कारागार की निगरानी में पूरी प्रक्रिया संपन्न होगी। जमीन खरीद के बाद कारागार निर्माण का कार्य भी शीघ्र शुरू किया जाएगा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा

## प्राथमिक विद्यालय बनकट में स्कूल चलो अभियान, पुस्तक वितरण,वार्षिक उत्सव एवं संचारी रोग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही, सुरियावां:** प्राथमिक विद्यालय बनकट, विकास खंड सुरियावां, जिला भदोही में आज दिनांक 1 अप्रैल 2026 को स्कूल चलो अभियान, वार्षिक उत्सव एवं संचारी रोग जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरियावां की सीडीपीओ महोदया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. ओमप्रकाश मिश्रा द्वारा स्वागत एवं संबोधन के साथ किया गया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी अभिभावकों से बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की।

मुख्य अतिथि सीडीपीओ ने अपने संबोधन में संचारी रोगों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा स्वच्छता, टीकाकरण एवं जागरूकता को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने विद्यालय द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक रविकांत दुबे, संतोष कुमार, सहायक अध्यापिका रूपी जायसवाल, शिक्षा मित्र प्रियंका देवी,आंगनवाड़ी कार्यकत्री नीलम देवी,मुन्ना दुबे, सतीश दुबे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रेरक नारों का भी उच्चारण किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से– 'हर बच्चा स्कूल जाए, उज्जवल भविष्य बनाए ', 'स्वच्छता अपनाएं, संचारी रोग भगाएं ', 'टीकाकरण कराएं, बीमारियों से बचें ', 'पढ़ेगा भारत, तभी तो बढ़ेगा भारत, 'स्कूल चलो अभियान, शिक्षा है सबका अधिकार 'जैसे स्लोगन शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**भदोही।** मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंह ने एंटी रोमियो टीम के साथ ग्राम जोराई, ज्ञानपुर में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान पुलिस टीम ने हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 1076 व 112 की जानकारी देते हुए उनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को जन धन योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन, उज्ज्वला योजना, सामूहिक विवाह योजना एवं दिव्यांग पेंशन योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिस ने महिलाओं से सजग रहने और किसी भी समस्या पर तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की अपील की।

## भदोही में 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारम्भ, जागरूकता रैली से गूंजा चितईपुर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** शैक्षिक सत्र के प्रथम दिन जनपद में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन हेतु जिला स्तरीय जन-जागरूकता रैली का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय चितईपुर, ज्ञानपुर से किया गया। रैली को जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और स्वयं नेतृत्व किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने 'स्कूल चलो, स्कूल चलो' व 'नामांकन से एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा' जैसे नारों से माहौल को प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय के निर्देशन में हुआ, जिसमें शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। रैली के बाद विद्यालय परिसर में प्रवेश उत्सव, पुरस्कार वितरण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि 6 से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे और सभी की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण, संसाधनों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया तथा नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म व बैग वितरित किए गए। अधिकारियों ने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। इस अवसर पर शिक्षकगण, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शाहाबाद प्रकरण में जिलाधिकारी का सख्त रुख, अतिरिक्त शुल्क न लेने के दिए निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में स्टांप शुल्क की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने बुधवार को पंजीकृत बड़े विक्रय विलेखों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शीर्ष पांच विलेखों में से तीन का गहन परीक्षण करते हुए स्टांप देयता की जांच की। निरीक्षण के क्रम में मौजा शाहाबाद, नायरा पेट्रोल पंप तथा मौजा पिपरीस से संबंधित विलेखों की जांच की गई। इनमें से दो विलेखों का मूल्यांकन अभिलेखों के अनुसार सही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया।

वहीं शाहाबाद क्षेत्र में स्टांप कमी से जुड़े एक प्रकरण में जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर गहन जांच की। जांच के बाद उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि संबंधित लाभार्थी से किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क न लिया जाए और प्रकरण का निस्तारण शासन के नियमानुसार किया जाए। मौके पर ही इस मामले का समाधान करा दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विक्रय विलेखों पर स्टांप शुल्क की वसूली पूरी पारदर्शिता और शुचिता के साथ की जाए। उन्होंने कहा कि स्टांप, न्यायालय शुल्क और पंजीकरण से जुड़े सभी कार्य शासन की मंशा के अनुरूप हों, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार भदोही, सहायक महानिरीक्षक निबंधन पंकज सिंह तथा क्षेत्रीय लेखपाल भी उपस्थित रहे।

## पीएम श्री कंपोजिट स्कूल रानी कर्णावती बच्चों का नए सत्र के प्रारंभ किया गया स्वागत




**आज से नए सत्र की शुरुआत**

**मीरजापुर।** नगर पालिका क्षेत्र के पीएमश्री कंपोजिट स्कूल रानी कर्णावती में बच्चों के आज नए सत्र के प्रारंभ रोली चंदन माला पहनाकर स्वागत किया गया विद्यालय को बच्चों के लिए सुंदर ढंग से रंगोली एवं आकर्षक ढंग की सजाकर बच्चों के लिए तैयार किया गया । बच्चों के प्रथम दिवस को खुशनुमा बनाने के लिए विद्यालय की प्रधानाध्यापक राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार मधुरिमा तिवारी ने बच्चों को मिष्ठान एवं चॉकलेट वितरित बच्चों का स्वागत किया इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य जैनेंद्र सिंह मंजुला सिंह रसोईया विद्यालय की दाई एवं अभिभावक संघ के अध्यक्ष अफसाना बच्चों स्वागत किया उन्हें पुस्तकें वितरित कीं।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ, 1370 टीमें करेंगी घर-घर जागरूकता



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम एवं बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ बुधवार को कंपोजिट विद्यालय चितईपुर से किया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की और लोगों को संचारी रोगों से बचाव की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता ही संचारी रोगों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने लोगों से जल-जमाव न होने देने, साफ-सफाई रखने तथा बुखार होने पर तत्काल सरकारी अस्पताल में उपचार कराने की अपील की। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत जनपद में 1370 टीमें गठित की गई हैं, जो 01 से 30 अप्रैल तक घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी। टीमें बुखार, आईएलआई एवं क्षय रोग के संभावित मरीजों की पहचान करने के साथ ही कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन भी करेंगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक एवं जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने, स्वच्छ पेयजल के उपयोग एवं टीकाकरण पर विशेष जोर दिया जाएगा।

इस दौरान जनपद के सभी बेसिक विद्यालयों, पीएचसी, सीएचसी, विकास खण्ड कार्यालयों एवं नगरीय निकायों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के अंतर्गत 546 ग्राम पंचायतों एवं 07 नगरीय निकायों को कवर किया जाएगा। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक एवं आमजन उपस्थित रहें।

## पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 50 सीटों के अंदर सिमट जाएगी भाजपा

### ● टीएमसी पार्टी बनाएंगी सरकार ममता बनर्जी तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेगी

### मां विंध्यवासिनी काशी विश्वनाथ काल भैरव का आशीर्वाद प्राप्त कर करेंगे नामांकन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विंध्याचल।** अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस टीएमसी के प्रवक्ता विजय उपाध्याय बुधवार को मां विंध्यवासिनी देवी दरबार में पुरानी वीआईपी मार्ग में पहुंचे पंडा समाज अध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने अंग वस्त्र पहनकर स्वागत एवं सम्मान किया तत्पश्चात गणेश द्वार होते हुए मां विंध्यवासिनी देवी माता के गभगृह में पहुंच कर विधि विधान पूर्वक दर्शन पूजन अर्चन कर मंदिर प्रांगण से बाहर निकल कर कोतवाली के पास स्थित बटुक भैरव मंदिर में दर्शन पूजन कर शिवपुर के पास प्रस्तावित वृद्धा आश्रम में पहुंचकर गौशाला में गौवंशों को हरा पालक व गुड़ खिलाकर ली गौमाता से आशीर्वाद प्राप्त कर आश्रम में मौजूद हवन कुंड की परिक्रमा करने के पश्चात प्रेस वार्ता कर उन्होंने जानकारी दिखाई तृणमूल प्रवक्ता ने बताया कि ममता बनर्जी तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेगी उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में टीएमसी पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में 235 से अधिक सिम जीतकर एक बार फिर सरकार बनाएंगे कहा कि भाजपा इस बार 50 सीटों के अंदर सिमट जाएगी, उन्होंने भाजपा के पिछले चुनाव के नारे 200 पर पर भी निशाना साधा जो भाजपा हासिल नहीं कर पाएं थे। पूरे भारत में मात्र पश्चिम बंगाल में ब्राह्मण मुख्यमंत्री है जो ममता बनर्जी हैं। उन्हें जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है उन्होंने यह भी जानकारी दी की पार्टी ने जोड़ा साखु विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। कहा कि मां विंध्यवासिनी काशी विश्वनाथ बाबा काल भैरव के दर्शन आशीर्वाद प्राप्त करने के पश्चात नामांकन प्रक्रिया पूरी करेंगे उन्होंने मतदाता सूची में गड़बड़ियों के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया आरोप लगाया कि कई जगहों पर नाम के वर्तनी में



गलतियां थी पिता पुत्र के नाम आपस में बदल गए थे और कई लोगों के नाम सूची से काट दिए गए जिससे वे मतदान नहीं कर पाए। इस दौरान मां विंध्यवासिनी सेवा समिति द्वारा विगत वर्षों में नवरात्र मेला में निःशुल्क श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा, चश्मा वितरण, कंबल वितरण गरीब कन्याओं की शादी समारोह एवं गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल इन्होंने पेश की है कंतित शरीफ बाबा के दरगाह पर भी जायरिनों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए

बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते रहें हैं। दर्शन पूजन करने के उपरांत आश्रम से काशी विश्वनाथ के लिए प्रस्थान कर गए इस दौरान समिति के मुख्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नव निर्मित वाह्य न्यायालय का वर्चुअली उद्घाटन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** नव निर्मित वाह्य न्यायालय में निर्मित भवन का उच्च न्यायालय प्रयागराज के मुख्य न्यायाधीश अरूण भंसाली ने मंगलवार की शाम प्रयागराज से वर्चुवली उद्घाटन किया। 6 एकड़ में 16 करोड़ लागत से बने नव निर्मित दो मंजिला परिसर में दो न्यायालय भवन, कार्यालय, सभागार, नजारत, साक्ष्य रूम सहित अन्य आवश्यक भवन व न्यायिक अधिकारी व कर्मचारियों के लिए आवास बनाया गया है। उद्घाटन के दौरान न्यायालय में बतौर मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश विकास बुधवार उपस्थित रहे। वर्चुअली उद्घाटन के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने नगर की ऐतिहासिकता का वर्णन करते हुए कहा कि चुनार में अब आधुनिक साज सज्जा से युक्त न्यायालय का संचालन हो सकेगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय से जुड़े अधिवक्ता, वादकारियों के साथ ही न्यायिक कार्य में लगे कर्मी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। भवन का निर्माण कार्यदायी संस्था सीएनडीएस द्वारा किया गया है।न्यायालय के उद्घाटन से स्थानीय अधिवक्ताओं में हर्ष व्याप्त है वहीं शीघ्र अन्य न्यायालय के स्थानांतरित होने की उम्मीद जताया। उद्घाटन के दौरान जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अरबिंद कुमार मिश्र, सीजेएम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पल्लवी, चुनार सिविल जज (जू0डि0) ज्ञानेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, एसडीएम राजेश कुमार वर्मा, सीओ मंजरी राव एवं अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिले



**बिसवां (सीतापुर)।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विगत 9 मार्च को बिसवां में आयोजित कृष्ण स्वरूप अग्रवाल स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में जहांगीराबाद स्थित श्री राम मनोहर श्रीवास्तव स्मारक विद्यालय के कुल नौ बच्चों ने प्रतिभाग किया था जिसमें सभी विद्यार्थी सफल घोषित किये गये जिन्हें एक सादे समारोह में प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार स्वरूप ट्राफी देकर सम्मानित किया।यह प्रतियोगिता प्राथमिक व जूनियर दोनों स्तरों पर आयोजित हुई थी। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।इस मौके पर प्रशांत श्रीवास्तव एवं आचार्यों के अलावा अभिभावक मौजूद थे।

## विद्यालय में हुई नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुवात, छात्रों का तिलक लगाकर किया अभिनन्दन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।**नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुवात हो गयी है। नए शैक्षिक सत्र के प्रारम्भ के अवसर पर विद्यालयों में छात्रों व शिक्षकों के बीच गजब का उत्साह देखने को मिला।छात्र नई कक्षाओं में प्रवेश पाकर चहकते दिखाई दिए वहीं शिक्षकों ने नवीन नामांकन के लिए गांव में नामांकन रैली निकाली व नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया गया।नवीन सत्र के आगाज के अवसर पर अभोली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय रामचंदरपुर में शिक्षकों द्वारा छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा विद्यालय में नवीन नामांकन के लिए गांव में शिक्षकों व छात्रों द्वारा स्कूल चलो अभियान के बैनर व पोस्टर के साथ प्रेरक बोधवाक्यों की उद्घोषणा कर बच्चों को विद्यालय में नामांकन कराने हेतु प्रेरित किया गया।शिक्षण सत्र की शुरुवात के सुअवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश यादव द्वारा बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तको का वितरण किया गया।खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री शिवम पांडेय के निर्देशानुसार समस्त विद्यालयों में नवारम्भ उत्सव मनाया जा रहा है उन्होंने बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने को प्रेरित किया और प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए उन्हें क्षेत्र के मेधावी प्रतियोगियों की तरह विद्यालय व शिक्षकों का नाम रौशन करने को कहा।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सन्तोष कुमार सिंह ने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए निर्देशित किया।शिक्षक जगदीश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा छात्रों को नवीन पुस्तकों के पाठ्यक्रम से परिचित कराया गया।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टॉफ अशोक कुमार,राजू जायसवाल उपस्थित रहे।

## साईबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां द्वारा आवेदक के खाते में 15000/- रु0 धनराशि को कराया गया वापस



**भदोही।** जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिनव त्यागीपुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपदीय साइबर पुलिस टीम को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदक अमित गुप्ता पुत्र काशीनाथ गुप्ता निवासी सुरियावां थाना सुरियावां जनपद भदोही के द्वारा 15000 की धनराशि गलती से दूसरे के खाते में ट्रांजेक्सन कर दिया गया था जिसके संबंध में आवेदक द्वारा आनलाईन साइबर पोर्टल शिकायत दर्ज कराया गया था। साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण करते हुए संबंधित बैंक/वित्तीय संस्थानों से तत्काल ई-मेल के माध्यम से पत्राचार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आवेदक के 15000/- रुपये की संपूर्ण धनराशि को सफलतापूर्वक उसके मूल बैंक खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा किया गया

## स्कूल चलो अभियान का हुआ भव्य शुभारम्भ, शिक्षा के प्रति जागरूकता का दिया गया संदेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर–** स्कूल चलों अभियान 2026-27 का शुभारम्भ कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक श्यामधनी राही, विधायक सैय्यदा खातून, विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि एस0 पी0अग्रवाल, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को बुकें देकर स्वागत किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्राओं द्वारा सरस्वती बन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल चलो अभियान संचालित किया है। उनका सोच है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे सबको शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाये। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मिलकर कार्य करें तथा घर घर जाकर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुये अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में सुनिश्चित करायें। जिन बच्चों का नामांकन किसी भी विद्यालय में नहीं हुआ है उनको चिन्हित करते हुये उनका नामांकन करायें। विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि स्कूल चलो अभियान में सभी शिक्षक एवं अधिकारी मिलकर अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराकर जनपद को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य करें। इस अभियान का उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से बंचित न रहने पाये।

विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं इसलिए उनको शिक्षित होना बहुत जरूरी है। अभिभावको को जागरूक कर बच्चों का नामांकन करायें। सांसद प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल द्वारा भी अपना विचार रखा गया। इस अवसर पर प्रा0 वि0 कृष्णानगर एवं प्रा0 वि0 सनई लंगड़ी के नव प्रवेशी बच्चों को बैग, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया तथा चाकलेट व पेन वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक,शिक्षिका व बच्चों की उपस्थित रही।

## देवेन्द्र कश्यप निडर की कहानी का आज आकाशवाणी लखनऊ से होगा प्रसारण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिधौली।** क्षेत्र के अल्लीपुर गॉव निवासी साहित्यकार देवेन्द्र कश्यप निडर की अवधी कहानी का आकाशवाणी लखनऊ से आज शाम 6:30 बजे से प्रसारित होगी। इस कहानी का शीर्षक जलमदिन है। जो भारतीय संस्कृति को प्रतिबिंबित करती है तथा बालमन को रोमांचित करती है। यह एक संदेश परक कहानी है। बताते चलें कि देवेन्द्र कश्यप निडर की कई कहानियां जैसे- अम्मा, ठूंठ और चिरैयन कै इच्छा आदि आकाशवाणी लखनऊ से पहले ही प्रसारित हो चुकी है। श्रमिक जगत में मजदूरों के समर्थन में इनका एकल काव्यपाठ भी हो चुका है तथा आकाशवाणी लखनऊ द्वारा आयोजित लोकायतन की कवि गोष्ठी में भी काव्यपाठ कर चुके हैं। देवेन्द्र कश्यप निडर की रचनाएं आम जन मानस की भावनाओं का अनुवाद करती हें। इस उपलब्धि हेतु देवेन्द्र को केदारनाथ शुक्ल, रोहित विश्वकर्मा, रामशंकर वर्मा, अनुज विकल, विनोद शर्मा सागर, अनिल अनिकेत, राजेश कश्यप, आर डी वर्मा, चन्द्रशेखर प्रथापति, सूर्यबक्श सिंह, नन्दकिशोर मिश्र, सुनीता यादव सहित तमाम शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जनहित में राजनीति का एक महत्वपूर्ण पहल 'जनता दर्शन' का शुभारंभ




**ब्यूरो प्रयागराज।** विधानसभा क्षेत्र 257- प्रतापपुर के जनसेवी एवं पूर्व सैनिक संतोष आर्मी द्वारा जनहित में एक महत्वपूर्ण पहल 'जनता दर्शन' का शुभारंभ किया गया है। इस पहल के अंतर्गत वे प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक अपने कार्यालय ( निकट सैनिक पी.जी. कॉलेज, मई देवकली, हनुमानगंज, प्रयागराज) में उपस्थित रहकर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनेंगे एवं उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

आज आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे, जहां उन्होंने अपनी समस्याएं, सुझाव एवं अपेक्षाएं सीधे तौर पर रखीं। श्संतोष आर्मी ने सभी की बातों को गंभीरता से सुना तथा उनके शीघ्र एवं प्रभावी समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है और उसी विश्वास को बनाए रखते हुए वे निरंतर जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'जनता दर्शन' के माध्यम से आमजन को एक सशक्त मंच मिलेगा, जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण संभव हो सकेगा। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास, जनभावनाओं का सम्मान एवं पारदर्शी व्यवस्था की स्थापना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### स्कूल चलो अभियान' के तहत करछना क्षेत्र में जागरूकता रैली




**करछना प्रयागराज।** शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से करछना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत एक भव्य रैली का आयोजन किसेया गया। इस रैली में बच्चों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। रैली की शुरुआत संबंधित प्राथमिक विद्यालय परिसर से हुई, जिसमें बच्चों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर 'सब पढ़ें, सब बढ़ें ', 'बेटी पढ़ाओ, देश बढ़ाओ ', 'हर बच्चा स्कूल जाए' जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए। रैली गांव के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी, जहां ग्रामीणों ने बच्चों के उत्साह का स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में अवश्य कराएं और उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे बच्चों का भविष्य उज्वल बन सकता है और समाज का समग्र विकास संभव है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि 'स्कूल चलो अभियान' का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ तभी मिल सकता है जब बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएं। रैली के समापन पर सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने शिक्षा के प्रसार हेतु सतत प्रयास करने का संकल्प लिया।

### उत्तर प्रदेश में अंडों पर समाप्ति तिथि का नियम लागू, नियम न मानने पर नष्ट होंगे अंडे




1 अप्रैल से उत्तर प्रदेश में बिकने वाले अंडों पर भी दवाओं की तरह ही समाप्ति तिथि अंकित होगी। यह बदलाव राज्य सरकार द्वारा अंडा उत्पादकों के लिए अपने उत्पादों पर समाप्ति तिथि अंकित करना अनिवार्य करने के बाद आया है। सरकारी आदेश के अनुसार, नियमों का पालन न करने वाले अंडों को नष्ट किया जा सकता है या अनुपयुक्त घोषित किया जा सकता है। दवाओं के विपरीत, अंडे पर लिखी समाप्ति तिथि को सुरक्षा संबंधी सख्त समय सीमा के बजाय ताजगी के उच्चतम स्तर का संकेत माना जाना चाहिए।

## सीएजी ने महाराष्ट्र में 891 करोड़ रुपये की अनियमितताओं की ओर इशारा किया, 10,000 से ज़्यादा ऑडिट सवालों को नज़रअंदाज़ किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी ) ने महाराष्ट्र के शासन में 'प्रणालीगत कमियों' की ओर इशारा किया है। उन्होंने 10,000 से ज़्यादा ऑडिट सवालों में 891 करोड़ रुपये की संभावित वित्तीय अनियमितताओं की पहचान की है, जिन्हें विभिन्न विभागों ने एक दशक से ज़्यादा समय तक बार-बार याद दिलाने के बावजूद नज़रअंदाज़ किया।

महाराष्ट्र विधानसभा के हाल ही में समाप्त हुए बजट सत्र के दौरान पेश की गई एक रिपोर्ट में सीएजी ने विभागों द्वारा 'एक्शन टेकन नोट्स' (ATN) जमा करने में हो रही देरी की आलोचना की। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2,408 निरीक्षण रिपोर्टों (IRs) में उठाए गए सवालों का जवाब देने में राज्य की विफलता ने 'कार्यकारी जवाबदेही' और 'विधायी निगरानी' को कमज़ोर किया है।

सीएजी ने खातों को लेकर सवाल उठाए हैं, जिनमें से कुछ एक दशक से भी ज़्यादा पुराने हैं, लेकिन विभागों ने उनका कोई जवाब नहीं दिया है। जून 2023 तक, 2,408 IRs (निरीक्षण रिपोर्टें) जिनमें 10,340 पैराग्राफ (सवाल) शामिल थे, निपटारे के लिए लंबित थे, जो एक बड़े बैकलॉग को दर्शाता है। 2022-23 के लिए एक अलग स्थानीय ऑडिट में 2,119 आपत्तियां उठाई गईं, जिनमें 891.29 करोड़ रुपये के राजस्व निहितार्थ शामिल थे; इसके मुकाबले, उस वर्ष के दौरान केवल 25.58 करोड़ रुपये ही वसूल किए जा सके।

सीएजी ने महाराष्ट्र की सड़क परियोजनाओं में 297 करोड़ रुपये के अनावश्यक खर्च की ओर इशारा करते हुए रिपोर्ट में बताया कि IRs और ऑडिट पैराग्राफ वित्तीय निगरानी का मुख्य आधार होते हैं, क्योंकि स्थानीय ऑडिट के तुरंत बाद इन्हें जारी किया जाता है ताकि विभागीय प्रमुखों को अनियमितताओं के बारे में सूचित किया जा सके।

कानूनन-व्यवस्था के क्षेत्र में, जिसमें गृह और कानूनी मामले शामिल हैं, 454 रिपोर्टें थीं जिनमें 1,690 पैराग्राफ थे; वहीं पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 388 रिपोर्टें थीं जिनमें 1,471 पैराग्राफ थे। परिवहन क्षेत्र में–जिसमें राज्य सड़क परिवहन निगम, महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड और हवाई अड्डा विकास कंपनी जैसी संस्थाएँ शामिल हैं–320 IR (अनियमितता रिपोर्टें) और 1,461 पैराग्राफ लंबित थे; इसके बाद ऊर्जा और बिजली क्षेत्र का स्थान रहा, जिसमें 266 रिपोर्टें और 1,142 पैराग्राफ थे। उद्योग और वाणिज्य क्षेत्र में 184 रिपोर्टें थीं जिनमें 918 पैराग्राफ थे, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी और संचार क्षेत्र में सात रिपोर्टें दर्ज की गईं जिनमें 54 पैराग्राफ थे।

## बलिया में नए जिला कारागार को मिली मंजूरी, 1000 कैदियों की क्षमता; जमीन खरीद के लिए 24 करोड़ की पहली किश्त जारी

बलिया में लंबे समय से प्रस्तावित नए जिला कारागार के निर्माण की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। शासन ने नारायनपाली क्षेत्र में 62.48 एकड़ भूमि खरीद के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस कारागार की क्षमता 1000 कैदियों की होगी। भूमि खरीद के लिए कुल 38 करोड़ 75 लाख 65 हजार 280 रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है, जिसमें से पहली किश्त के रूप में 24 करोड़ 12 लाख 98 हजार रुपए जारी कर दिए गए हैं। यह धनराशि जिलाधिकारी के डिपोजिट खाते में रखी जाएगी और निर्विवाद भूमि उपलब्ध होते ही जमीन खरीद की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस परियोजना को लेकर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व नगर विधायक दयाशंकर सिंह लंबे समय से प्रयासरत थे। उनकी पहल पर वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन यह स्वीकृति मिली है। प्रशासन द्वारा जमीन चिन्हांकन का कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया है। महानिरीक्षक कारागार की निगरानी में पूरी प्रक्रिया संपन्न होगी। जमीन खरीद के बाद कारागार निर्माण का कार्य भी शीघ्र शुरू किया जाएगा।

## अपने पिता रामनरेश पांडेय की स्मृति में शव दाह के लिए दान की छ विश्वा जमीन



### ● पिता का कर्ज उतार कर सम्मानित हुए बबलू पांडे।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी- प्रयागराज।** देवरख क्षेत्र के समाजसेवी बबलू पांडेय ने समाजहित में एक सराहनीय पहल करते हुए शवदाह स्थल के निर्माण के लिए अपनी निजी 6 बिस्सा भूमि नगर निगम को स्वेच्छा से दान कर दी। यह भूमि उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय रामनरेश पांडेय की स्मृति में दान की है।इस विषय को लेकर पार्षद मयंक यादव ने कई बार नगर निगम सदन में प्रस्ताव रखा और महापौर से अनुरोध किया। इसके बाद बबलू पांडे से संपर्क कर उन्हें समाजहित में भूमि दान के लिए प्रेरित किया गया, जिस पर उन्होंने सहमति जताते हुए जमीन की रजिस्ट्री नगर निगम को सौंप दी।महापौर ने इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जल्द ही शवदाह स्थल के निर्माण कार्य की शुरुआत की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को सुविधा मिलेगी।इस अवसर पर बबलू पांडेय का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव, भाजपा नेता राजेश थापा, सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी, सुधीर प्रजापति, विवेक पुरी एवं कार्तिकेय पुरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## डी. पी. एस. स्कूल में शैक्षणिक उत्कृष्टता का सम्मान

### ●स्कॉलर ट्रॉफी 2025-26' का आयोजन।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी प्रयागराज।** शुक्रवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल,के प्रांगण में हर्षोल्लास और तालियों की गड़गड़ाहट से जीवंत हो उठा। अवसर था प्रतिष्ठित'स्कॉलर ट्रॉफी 2025-26' के अलंकरण समारोह का, जहाँ विद्यार्थियों की बौद्धिक कर्मठता और शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. ज्योति बैजल (विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर विद्यालय के मेधावी पूर्व छात्र और नवनियुक्त भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी श्री अनिंद्य पांडेय (UPSC CSE 2026, AIR 158), विद्यालय की अध्यक्षा सुश्री सोनू सिंह एवं प्रधानाचार्या डॉ. सुजाता सिंह विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायक संबोधन में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'यह संस्थान युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। विद्यार्थियों में सीखने के प्रति यह अटूट जिज्ञासा और उत्साह वास्तव में वंदनीय है। 'प्रधानाचार्या डॉ. सुजाता सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम के साथ-साथ अभिभावकों और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा, 'शैक्षणिक उत्कृष्टता के इस उत्सव के साथ नवीन सत्र 2026-27 में पदार्पण करना, हमारे विद्यालय की गौरवशाली परंपरा और निरंतर प्रगति का प्रतीक है।सांस्कृतिक छटा और गौरवमयी उपलब्धियों से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय का संपूर्ण परिसर एक सफल शैक्षणिक सत्र की स्मृतियों और भविष्य के संकल्पों से सराबोर रहा।

## UP में बेमौसम बारिश का कहर, CM Yogi 'एक्शन मोड' में, किसानों को जल्द मिलेगा मुआवजा!



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राज्य के कई जिलों में बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जिला मजिस्ट्रेटों से बेमौसम बारिश के कारण किसानों को हो रही दिक्कतों के बारे में रिपोर्ट मांगी। अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिकूल मौसम से प्रभावित किसानों को किसी भी तरह की कठिनाई का सामना नहीं करना चाहिए और किसानों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने, संपूर्ण आंकड़े संकलित करने और किसानों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने का निर्देश दिया।

## महाविद्यालय में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन विषय पर परि चर्चा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी प्रयागराज।** बुधवार को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी, प्रयागराज में प्राचार्य की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत 'महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मंजू लता रहीं। उन्होंने वर्तमान समय में महिलाओं के आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने के महत्व पर विस्तारपूर्वक अपने विचार व्यक्त किए और बताया कि महिलाओं के सम्मान एवं स्वतंत्रता का वास्तविक स्वरूप उनके आर्थिक आत्मनिर्भर होने पर ही आधारित है।

उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम होती हैं तो वे न केवल अपने परिवार का सहयोग करती हैं, बल्कि समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्राओं को स्वरोजगार, लघु उद्योग, डिजिटल माध्यमों और कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ आर्थिक स्वावलंबन को भी जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक कौशल और आत्मनिर्भरता भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करते हुए अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें विकसित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सविता कुमारी श्रीवास्तव, मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर महेंद्र कुमार, गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. भावना सिंह, हिंदी विभाग की डॉ. अर्चना राय सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विषय से संबंधित अपने प्रश्न रखे, जिनका संतोषजनक उत्तर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज-5 की प्रभारी डॉ. हेमलता ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रेलवे कर्मचारियों ने मनाया काला दिवस

### ● मजदूरों के गुलामी के दस्तावेज है चारो श्रमिक कोड बिल- मनोज पांडेय।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** केंद्रीय ट्रेंड यूनियंस और इंडियन रेलवे इम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय आह्वान पर आज भारतीय रेलवे से सभी जोनो/उत्पादन इकाइयो में न्यू पेन्शन स्किम, चार श्रम सहिंता और निजीकरण/निगमीकरण का ज़ोरदार विरोध कर प्रदर्शन किया 7 उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल में नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व रेलवे कर्मचारियों ने प्रयागराज जं हाबड़ा इंड पर न्यू पेन्शन स्किम एवं चारों श्रमिक कोड बिल के विरोध में शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीक़े बाह में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए इंडियन रेलवे इम्पलाइज फेडरेशन IREF व नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन NCRWU केंद्रीय महामंत्री कॉमरेड मनोज पाण्डेय ने कहा कि चारो श्रमिक कोड़ बिल आधुनिक गुलामी के प्रतीक है, उन्होंने कहा वर्षो के संघर्ष और शहादत के बाद जो कानून मजदूरों के हित में बनाए गए थे उन्हें देश बेचवा सरकार कारपोरेट घरानों के पक्ष में खत्म करके चार श्रमिक कोड़ बिल 2020 बनाई है इन चारों श्रम संहिता जिसे आज से देश भर में लागू किया जा रहा है।




1-औद्योगिक संबंध संहिता 2020, 2-व्यवसायिक संरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता 2020, 3-सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020, 4-वेतन संहिता 2020, का हम विरोध करते है, कामरेड मनोज ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए न्यू पेन्शन स्किम (एन पी एस) आत्मघाती योजना है इस लिए संगठन इसका विरोध करता है और पुरानी पेन्शन स्किम (ओ पी एस) लागु होने तक आन्दोलन के लिए प्रतिबद्ध है।

विरोध प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए इंडियन रेलवे इम्पलाइज फेडरेशन IREF व नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन NCRWU केंद्रीय संगठन मंत्री डॉ कमल उसरी ने कहा कि पूर्व में मजदूरों कर्मचारियों के हित के लिए जो कानून बनाए गए थे उनमें से 29 केंद्रीय कानूनो का स्वतंत्र अस्तित्व स्वतः समाप्त हो गया, शेष 15 कानूनों में बदलाव किया है यानी कि अब तक जो 44 श्रमिक कानून लागू थे खत्म हो गए है मुख्य रूप अब मजदूरों के सामान्य कार्य दिवस 10 घण्टे से 12 घण्टे अथवा कुछ भी हो सकते है, अब श्रम विभाग के निरीक्षक की भूमिका सिर्फ मदद कर्ता अथवा फेसिलेटर तक़ सीमित कर दी गई है, सामाजिक सुरक्षा में कर्मचारी भविष्य निधि ( ई पी एफ़) में योगदान को 12%से घटाकर 10% कर दिया गया है।

लेकिन हम लोग सरकार की तानाशाही रवैये के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे, विरोध प्रदर्शन का संचालन नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय सहायक महामंत्री कॉमरेड शिवेंद्र प्रताप सिंह ने किया और अध्यक्षता नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री कॉमरेड संजय तिवारी ने किया, विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से कॉमरेड मनोज पाण्डेय, डॉ कमल उसरी, कॉमरेड संजय तिवारी, श्रीमती सुधा देवी जोनल अध्यक्ष महिला मोर्चा, शिवेंद्र प्रताप सिंह, सैय्यद इरफ़ात अली, संदीप सिंह, दीपक कुमार, सुनील गुप्ता, गोपाल शर्मा, नितिन कुमार, राजू यादव, पी एन सिंह, पीयूष सोनी, सिद्धार्थ शर्मा, इफ़्तेख़ार अहमद, राजकुमार, सुनील आर्यन आदि मौजूद रहे।

## इफको फूलपुर में इकाई प्रमुख का प्रोन्नति होने पर अधिकारी संघ द्वारा सम्मान समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको फूलपुर इकाई में इकाई प्रमुख पी के सिंह के वरिष्ठ महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नति के प्रथम दिवस पर इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा घियानगर स्थित ऑफिसर्स एसोसिएशन कार्यालय में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर उन्हें पुष्पमालाओं से स्वागत एवं 'शंख ध्वनि' के साथ अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इकाई प्रमुख को उनकी पदोन्नति पर बधाई देते हुए उनके सफल नेतृत्व एवं संगठन के विकास में उनके योगदान की सराहना की। सभी ने आशा व्यक्त की कि उनके मार्गदर्शन में इकाई नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।




इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ महा प्रबंधक श्री पी के सिंह ने कहा कि कोई बड़ी से बड़ी चुनौती को आपसी सहयोग से हल किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है संस्था के प्रति समर्पण और कार्य के प्रति निष्ठा।उन्होंने कोई भी समस्या सुनी सुनाई को सच मानकर विश्वास नहीं करे बल्कि उसकी आधिकारिक जानकारी करने के बाद ही कोई प्रतिक्रिया देनी चाहिए जिससे अफवाह न फैल सके यह हम सब की जिम्मेदारी है।श्री सिंह ने अधिकारी संघ से अपील की कि कोई भी मसला हो मिल कर हल करने का प्रयास करे।अफवाहों से बचे।प्रबंधन आपके साथ रहेगी। इस अवसर परअनुराग तिवारी अध्यक्छ स्वयं प्रकाश महासचिव, डी के सिंह (उपाध्यक्ष), गौतम कुमार (कोषाध्यक्ष) सीबी सिंह , वी पी सिंह , संजय अवस्थी अपूर्व सक्सेना जे एस द्विवेदी, पीयूष मेहता एवं पी सी मिश्रा उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा। अंत में सभी ने एकजुट होकर संगठन की प्रगति एवं समृद्धि के लिए अपने संकल्प को दोहराया।

# सुतली बम व कार के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

### अपहृत नाबालिग युवती सकुशल बरामद

**ब्यूरो प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त सोरांव के कुशल निर्देशन में गंगानगर जोन की थाना होलागढ़ पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चार सुतली बम और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। साथ ही अपहृत नाबालिग युवती को भी सकुशल बरामद कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना होलागढ़ में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या-27/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त घनश्याम धुरिया पुत्र दीनानाथ धुरिया निवासी बेरांवा रोड उल्दा, महेशगंज बाजार थाना नवाबगंज, कमिश्नरेट प्रयागराज को पुलिस टीम ने बुधवार को सराय हरीराम मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से चार सुतली बम तथा घटना में प्रयुक्त ईको कार (संख्या UP70 GR 9470) बरामद की गई।

पुलिस के अनुसार, 29 मार्च 2026 को अभियुक्त ने थाना होलागढ़ क्षेत्र से एक नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगा लिया था। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना होलागढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस की सक्रियता के चलते न केवल अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, बल्कि पीड़िता को भी सुरक्षित बरामद कर लिया गया। बरामद विस्फोटक सामग्री को देखते हुए पुलिस




ने मुकदमे में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4/5 की बढ़ोतरी की है। अभियुक्त के खिलाफ आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। अपराधिक इतिहास खंगालने पर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। घनश्याम धुरिया पर हत्या के प्रयास, लूट, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित एक दर्जन से अधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं, जिससे उसकी आपराधिक प्रवृत्ति स्पष्ट होती है।

## जिले के पाथारकांदी क्षेत्र के राताबाड़ी में चुनाव संबंधी हिंसाः तनाव चरम पर

### ● भाजपा की जनसभा में पथराव, बाद में हमले में युवा मोर्चा अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल।

### भाजपा प्रतिनिधि का दावा भाजपा के द्वारा किए गए विकास कार्यों से कांग्रेस नेता चकित और इसी जलन के कारण यह हिंसा।



**श्रीभूमिः** श्रीभूमि जिले के पाथारकांदी क्षेत्र के काजीबाजार-पलडहर जीपी के बाजारघाट में असम विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच चुनाव संबंधी तनाव बढ़ गया। यहाँ आयोजित भाजपा की चुनावी जनसभा के दौरान और उसके बाद हुई हिंसा में भाजपा के पाथारकांदी मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर देवनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। हिंसा का सिलसिला में प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह से ही कांग्रेस के कुछ नेता एवं कार्यकर्ता सभा स्थल के आसपास पार्टी के झंडे फहराने लगे, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ा। उस जनसभा में भाजपा उम्मीदवार कृष्णेंदु पाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर देवनाथ, एससी मोर्चा राज्याध्यक्ष मुन स्वर्णकार सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे। सभा के दौरान मंच की ओर कई बार पथराव हुआ, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। सभा समाप्त होने के बाद जब शंकर देवनाथ, रुबेल पाल सहित अन्य नेता प्रचार वाहन से जा रहे थे, तो आरोप है कि कांग्रेस के कुछ बदमाश दंडा, लाठी और शस्त्र लेकर उन पर हमला करने में शामिल हुए। घटना में शंकर देवनाथ, रुबेल पाल सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र और फिर उन्नत चिकित्सा के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल भेजा गया। प्रतिक्रिया और प्रशासनिक कदम घायल पक्ष ने राताबाड़ी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। घटना को लोकतांत्रिक माहौल के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया जा रहा है। जिले के काजीबाजार-पलडहरा जीपी के प्रतिनिधि और अल्पसंख्यक नेता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस हिंसा की निंदा की। भाजपा प्रतिनिधि का दावा है कि भाजपा के द्वारा किए गए विकास कार्यों से कांग्रेस नेता चकित हुए, और इसी जलन के कारण यह हिंसा हुई। उन्होंने घटना में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी निंदा और पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। निर्धारित है कि असम विधानसभा चुनाव 9 अप्रैल को होंगे, और इसके पूर्व बढ़ते तनाव और ऐसे घटनाक्रमों को चुनावी माहौल के लिए चिंताजनक माना जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### गार्डवाल निर्माण में बड़े पैमाने पर की गई अनियमितता



**निम्नस्तरीय निर्माण से गार्डवाल में पड़ी दरार**

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड:-** पाकुड़िया प्रखण्ड अन्तर्गत लागडुम पंचायत के ग्राम लागडुम के बाड़ी टोला में नव निर्मित गार्ड वाल में बड़े पैमाने पर घटिया निर्माण किए जाने से गार्डवाल में दरार पड़ गई है। बुधवार को इस टोला के लोगों के अलावा रोड से आवागमन कर रहे लोगों ने बताया कि गार्डवाल में स्थानीय घटिया लाल बोल्डर से जोड़ाई साफ-साफ दिखाई दे रही है और दरार पड़ने से स्पष्ट हो रहा है कि गार्डवाल निर्माण में प्राक्कलन के अनुरूप काम नहीं किया गया है, जिससे गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित होती दिख रही है। जबकि स्थानीय ग्रामीणों ने पूछने पर बताया कि नींव की खुदाई डेढ़ हाथ तथा चौड़ा भी इतना ही करने के बाद स्टोन डस्ट देकर बिना फ्लोर ढलाई किए स्थानीय लाल निम्न स्तरीय बोल्डर से जोड़ाई की गई है। ग्रामीणों ने कहा कि बोल्डर की जोड़ाई में सीमेंट कम और बालू अधिक डाला गया है। योजना स्थल पर बोर्ड नहीं देखा गया, जो सरकारी निर्देशों की खुली अवहेलना है। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त घटिया निर्मित गार्डवाल की स्थलीय जांच कर उचित कार्रवाई की जाए ताकि सरकारी योजनाओं में गुणवत्ता बरकरार रहे और योजनाएं टिकाऊ बन सकें। पूछने पर ग्रामीणों ने बताया कि उक्त गार्डवाल का निर्माण 8-10 दिन पहले ही किया गया है।

### धूमधाम से निकाली गयी कलश शोभा यात्रा



**लालगंज, प्रतापगढ़।** समापुर में श्रीमदभागवत कथा को लेकर बुधवार को धूमधाम से कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। गाजे बाजे के बीच निकाली गयी शोभा यात्रा में सिर पर आस्था का कलश लिये सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। कथाव्यास सर्वेशपति त्रिपाठी की अगुवाई में निकाली गयी भगवान श्रीवासुदेव की शोभा यात्रा कथा स्थल से आरम्भ होकर पूरे कैथन, धमनी, पूरे शिवबक्श, पूरे दत्ता, बाबूगंज बाजार आदि जगहों पर भ्रमण करते हुए धर्म की मजबूती का संदेश दिया। कथा के दौरान भक्ति गीतों पर महिला पुरूष श्रद्धालु नृत्य करते राधाकृष्ण की भक्ति में रमे नजर आये। वहीं कलश यात्रा में जगह जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर मंगलकामना की। मुख्य आयोजक कोटेदार रामप्रकाश मिश्र व शशी मिश्रा ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर राजाराम मिश्र, बच्चा मिश्र, शिवकुमार जायसवाल, छोटे मिश्र, गिरधारी लाल वर्मा, पिंटू मिश्र, मोतीलाल, फूलचंद्र वर्मा, मुरलीधर तिवारी, रिंकू मिश्र, मोनू तिवारी, घनश्याम मिश्र, तूफान शुक्ल, राजेश शुक्ल, सुरेश जायसवाल, हरकेश कोरी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस उपायुक्त यातायात ने ग्रीन कॉरिडोर सेल का किया औचक निरीक्षण

**कानपुर।** आज दिनांक को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा Integrated Command and Control Centre (ICCC) के कंट्रोल रूम में स्थापित ग्रीन कॉरिडोर सेल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रीन कॉरिडोर सेल की कार्यप्रणाली, संसाधनों की उपलब्धता तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया एवं ग्रीन कॉरिडोर सेल में नियुक्त कर्मचारियों से संवाद करते हुए शहर की भौगोलिक स्थिति, प्रमुख मार्गों, वैकल्पिक रास्तों तथा ट्रैफिक के पीक आवर्स की विस्तृत जानकारी रखने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस उपायुक्त यातायात ने निर्देशित किया कि सभी ड्यूटीरत कर्मी मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का अक्षरशः पालन करें। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिए गए कि ग्रीन कॉरिडोर से संबंधित प्रत्येक गतिविधि का रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से संधारित किया जाए। आमजन की सुरक्षा एवं जीवन रक्षक सेवाओं को प्राथमिकता देना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और ग्रीन कॉरिडोर इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## लातेहार के 25 साल पूरे: 4 अप्रैल को दौड़ेगा पूरा जिला, सांस्कृतिक संध्या में दिखेगी परंपरा और आधुनिकता की झलक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लातेहार, झारखंड:-** लातेहार जिला स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 4 अप्रैल 2026 को जिला प्रशासन द्वारा भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर रन फ़ॉर लातेहार सहित सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों के माध्यम से जिले की समृद्ध विरासत और विकास यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। जिले के 25 गौरवशाली वर्ष पूरे होने पर जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी प्रखंडों में प्रमुख पर्यटन स्थलों पर रन फ़ॉर लातेहार का आयोजन किया जाएगा। इस दौड़ में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों, खिलाड़ियों, युवाओं एवं स्कूली छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। आयोजन के दौरान सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एम्बुलेंस, मेडिकल टीम एवं प्राथमिक उपचार की विशेष व्यवस्था रहेगी। साथ ही पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन स्थलों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। अंतरराष्ट्रीय महत्व के स्थलों में नेतरहाट, बेतला नेशनल पार्क एवं भेडिया अभयारण्य शामिल हैं। राष्ट्रीय महत्व में सुग्गा बांध जलप्रपात, मिरचइया जलप्रपात, लोध जलप्रपात एवं केचकी संगम को स्थान मिला है। राज्य स्तरीय महत्व में मां उग्रतारा देवी मंदिर, कांति झरना, द्वादषी घाटी व्यू प्वाइंट, तापा पहाड़ एवं ललमटिया डैम शामिल हैं। वहीं स्थानीय महत्व के अंतर्गत ततहा पानी, कमलदाहा झील, डाटम-पाटम झरना, सुर्कई घाघरी जलप्रपात, केन्द्रा घाघ जलप्रपात, नारायणपुर किला, तुबेद गुफा, इन्द्र दावान झरना, मुन बाबा मंदिर, पहाड़ी मंदिर, उदयपुर कोना पहाड़ी एवं इटको बांध जैसे कई स्थल शामिल किए गए हैं।

इस अवसर पर 4 अप्रैल को संध्या 6:00 बजे जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध इंडियन रोलर बैंड द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही ट्राइबल फूड फेस्टिवल, छऊ नृत्य एवं ट्राइबल फैशन शो जैसे विविध आयोजन स्थानीय संस्कृति और परंपराओं की झलक प्रस्तुत करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आम नागरिकों के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने सभी जिलेवासियों से इस ऐतिहासिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने और लातेहार के 25 वर्षों की इस गौरवपूर्ण यात्रा का हिस्सा बनने की अपील की है।

## देवघर में 10वीं राष्ट्रीय जूनियर सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर तैयारियाँ पूरी

**●आज से 4 अप्रैल तक सागदाह मैदान में होगा प्रतियोगिता का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवघर, झारखंड:-** देवघर जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ द्वारा आगामी 10वीं राष्ट्रीय जूनियर सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता (स्व. बाबू बेड़ानंद सिंह / इंदु देवी स्मृति) के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को कुमैठा स्थित सागदाह मैदान परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने की, जिसमें आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में 2 अप्रैल से 4 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गई। आयोजन स्थल, खिलाड़ियों की सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा तकनीकी प्रबंधन सहित सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने जानकारी दी कि देश के विभिन्न राज्यों से बालक एवं बालिका अंडर-19 जूनियर टीमें देवघर पहुंच चुकी हैं और प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 2 अप्रैल को सागदाह मैदान, कुमैठा में किया जाएगा, जबकि फाइनल मुकाबला 4 अप्रैल को खेला जाएगा। साथ ही, खेल प्रेमियों की सुविधा के लिए मैचों का लाइव प्रसारण भी सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने इसे देवघर के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि इस आयोजन से जिले के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। उन्होंने खेल प्रेमियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। प्रतियोगिता का उद्घाटन देवघर जिला उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न होगा। वहीं, झारखंड राज्य सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के महासचिव संजीव कुमार झा ने कहा कि राज्य को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी मिलना अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के आवास, भोजन, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होगा और राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगा। बैठक में संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण भी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर इस प्रतियोगिता को सफल बनाने का संकल्प दोहराया।

## सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा 13 अप्रैल को दैहर पंचायत से होगी रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** सांसद तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा के लिए ले जाने वाली विशेष गाड़ी आगामी 13 अप्रैल को ग्राम पंचायत देहर से रवाना होगी। इसको लेकर देहर शक्तिकेंद्र के संयोजक कैलाश पांडेय की अध्यक्षता में ग्राम भदान स्थित जन्मेजय कुमार सिंह के आवास पर एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन पंचायत सारथी जन्मेजय कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि एवं सांसद तीर्थ दर्शन के प्रभारी द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, सह प्रभारी जुगनू सिंह, बरही विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, सह सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, रंजित चंद्रवंशी, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, चौपारण पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि आशीष कुमार सिंह तथा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष देव कुमार दांगी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में सांसद तीर्थ दर्शन योजना के विभिन्न पहलुओं यात्रा कार्यक्रम, पात्रता (अहर्ता), यात्रियों के चयन की प्रक्रिया तथा भ्रमण स्थलों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित अतिथियों ने बारी-बारी से योजना की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए इसे सफल बनाने पर जोर दिया।

स्थानीय कार्यकर्ताओं ने आश्वासन दिया कि पंचायत स्तर पर निर्धारित मानकों के अनुसार ही यात्रियों का चयन किया जाएगा तथा उन्हें भव्य तरीके से स्वागत कर यात्रा के लिए विदा किया जाएगा। बैठक के दौरान वक्ताओं ने हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका आशीर्वाद के सिद्धांत को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। साथ ही विकास भी, संस्कार भी और सत्कार भी की सोच को साकार रूप दिया है। उन्होंने कहा कि सांसद द्वारा हजारीबाग में रचा जा रहा विकास का इतिहास अविस्मरणीय है। बैठक में मनोज सिंह, जयंत सिंह, विनय सिंह, अजय पासवान, मिथिलेश पांडेय, भूषण सिंह, सुरेश दांगी, मनोज दांगी, अनिल दांगी, ओम सिंह, बवन सिंह, संजीव दांगी, केदार यादव, बिनोद कुमार भोक्ता, धीरेंद्र दांगी, कुलदीप पांडेय, दिलीप पांडेय, विनय राणा, मुकेश सिंह, सुभाष चंद्रवंशी, विजय दांगी, संजय सिंह, बेलू सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में मशाल जुलूस की तैयारी, सीओ को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखण्ड:-** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड में नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद हुई निर्मम हत्या के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा व्यापक स्तर पर विरोध कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की गई है। इसी क्रम में आगामी गुरुवार को जिले के सभी प्रखंडों में मशाल जुलूस निकालने की घोषणा की गई है। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा नेताओं ने बुधवार को नारायणपुर अंचल अधिकारी देवराज गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें लिखित आवेदन सौंपा। इस दौरान पार्टी के नारायणपुर मंडल अध्यक्ष बलदेव हांसदा, पबिया मंडल अध्यक्ष द्वारिका सिंह, भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी आनंद पोद्दार, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक सिन्हा तथा चेतन मरांडी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की यह घटना अत्यंत दुखद और शर्मनाक है, जिसने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर दंड की मांग की। भाजपा नेताओं ने बताया कि दो अप्रैल को जामताड़ा जिले के सभी प्रखंडों में मशाल जुलूस निकालकर घटना के प्रति विरोध दर्ज कराया जाएगा। नारायणपुर बाजार में यह जुलूस शाम चार बजे बाजार क्षेत्र से प्रारंभ होकर थाना मोड़ तक जाएगा, जिसमें पार्टी के पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। मौके पर भाजपा के राजू मंडल, मैनेजर मंडल और संतोष राय भी मौजूद रहे।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखण्ड:-** बरही गया रोड स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, साहू समाज के मुखिया सह पदेन सदस्य सुरेश साहू, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय तथा भूतपूर्व सचिव उमेश कुमार साव मंचासीन रहे। कार्यक्रम के दौरान कक्षा अरुण से लेकर नवम तक कुल 843 विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस मौके पर 488 अभिभावकों ने उपस्थित होकर अपने बच्चों के परिणाम को देखा, जिससे लगभग 72 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। सफल व्यवसायी संजय जैन के सौजन्य से मेधावी छात्रों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों का परिचय प्रभारी राजू कुमार ने कराया, जबकि मंच संचालन परीक्षा प्रमुख धीरज कुमार ने किया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलता ही सफलता की कुंजी है और जो विद्यार्थी प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त नहीं कर सके, उन्हें अपनी पढ़ाई में और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। सुरेश साहू ने विद्यार्थियों को अर्जुन की तरह लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर अभ्यास करने की सलाह दी। वहीं संजय जैन ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सफलता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में आचार्य निर्भय कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सभी कक्षाचार्य उपस्थित रहे और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कलेक्ट्रेट में हक की बात जिलाधिकारी के साथ मेगा इवेंट का होगा आयोजन

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत जनपद में महिलाओं और बालिकाओं के स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम हक की बात जिलाधिकारी के साथ (मेगा इवेंट) का आयोजन होने जा रहा है। यह संवाद कार्यक्रम कल, 02 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने जानकारी दी कि निदेशक, महिला कल्याण उ.प्र. लखनऊ के निर्देशों के क्रम में इस मेगा इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिलाधिकारी विभिन्न योजनाओं की महिला लाभार्थियों के साथ सीधा संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं व अधिकारों पर चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम की महत्ता को देखते हुए जिला प्रशासन के समस्त मुख्य अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं। बैठक को सफल बनाने के लिए जिला मिशन कोर्डिनेटर ममता श्रीवास और सखी वन स्टॉप सेंटर की केन्द्र प्रशासक सरिता रिछारिया को महिलाओं व बालिकाओं की समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## मार्खम कॉलेज में डॉ. ब्रह्मदेव त्रिवेदी को दी गई विदाई

**●चार दशकों की उत्कृष्ट सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हुए प्रो. इंचार्ज को किया गया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखण्ड:-** स्थानीय मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्रो इंचार्ज सह वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मदेव त्रिवेदी के सेवानिवृत्ति के अवसर पर कॉलेज परिसर में गरिमामय विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में विवेकानंद सभागार में तथा कॉलेज शिक्षक संघ के तत्वाधान में बीसीए विभाग में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य डॉ. एस.एम. कैसर के संबोधन से हुआ। उन्होंने डॉ. त्रिवेदी के दीर्घकालीन योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया, बल्कि अपनी दक्षता का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. अंतरा गुप्ता ने अपने संबोधन में डॉ. त्रिवेदी को एक अनुशासित, समर्पित एवं प्रेरणास्रोत शिक्षक के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन ने विद्यार्थियों और सहकर्मियों दोनों को निरंतर प्रगति की दिशा में प्रेरित किया है।

शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. गजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. त्रिवेदी का व्यक्तित्व और कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श बनी रहेगी। उनका मार्गदर्शन सदैव शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका प्रो. अनुभा स्टेफी तिर्की एवं डॉ. रूपम कुमारी ने भी अपने संबोधनों में डॉ. त्रिवेदी के साथ कार्य करने के अनुभव साझा किए। उन्होंने उनके सादगीपूर्ण व्यवहार, कार्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण को विशेष रूप से रेखांकित किया।अपने संबोधन में डॉ. ब्रह्मदेव त्रिवेदी ने कॉलेज के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्थान उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। उन्होंने सभी सहयोगियों, विद्यार्थियों एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि कॉलेज निरंतर प्रगति करता रहेगा। गौरतलब हो कि विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार उन्होंने सांख्यिकीविद् के रूप में स्नातकोत्तर वाणिज्य, भूगोल एवं मानवशास्त्र विभागों में भी अपनी सेवाएँ दीं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) एवं झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के संस्थापक समन्वयक के रूप में उन्हें 'सर्वश्रेष्ठ समन्वयक' का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

शिक्षाविद् के रूप में उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो में बजट परिचर्चा में सहभागिता निभाई तथा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एवं जवाहर नवोदय विद्यालय, हजारीबाग में मुख्य अतिथि के रूप में कई अवसरों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा, हजारीबाग स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के माध्यम से कैदियों को मुख्यधारा से जोड़ने में उनका योगदान सराहनीय रहा है। इसके अतिरिक्त, जिला प्रशासन के सहयोग से आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए इग्नू के सीएफएन कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह के अंत में सभी उपस्थित शिक्षकों ने डॉ. त्रिवेदी को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र, मोमेंटो एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अपने-अपने संस्मरण साझा कर भावुक क्षणों का सृजन किया, जिससे वातावरण श्रद्धा और सम्मान से परिपूर्ण हो गया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के सचिव डॉ विनय कुमार बैठा, डॉ अमृता एक्का, डॉ आकांक्षा एक्का, प्रो काजल किरण, डॉ रंजीत कुमार दास, डॉ कनक रागनी समेत समारोह में कॉलेज के सभी शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर उपस्थित रहे।

## गरजामू के पहाड़ी शिव मंदिर निर्माण को लेकर हुई बैठक, भव्य विकास का लिया गया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के ग्राम गरजामू स्थित पहाड़ी शिव मंदिर के निर्माण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति में मंदिर निर्माण एवं इसके समग्र विकास पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान ग्रामीणों एवं मंदिर समिति के सदस्यों ने मंदिर की प्रस्तावित संरचना, आवश्यक संसाधनों, विकास कार्यों तथा जनसहभागिता को लेकर अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। उपस्थित सभी लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए मंदिर निर्माण कार्य को शीघ्र आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पहाड़ी शिव मंदिर का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह स्थल क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, इसलिए इसके विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि मंदिर को एक भव्य और आकर्षक स्वरूप दिया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, दशरथ रजक (पिता स्व. धतूर रजक), नकुल कापदेव सिंह, विकास रजक, प्रदीप रजक, राजेश रजक, लालमनी साव, हकीम मियाँ, अनवर मियाँ, लखन रजक, पवन कुमार, सतीश साव, दुखनी देवी, लीलावती देवी, अनु देवी, देवकी देवी, कलावती देवी, उमा देवी, सबीता देवी, रीता देवी एवं शकुनी देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से मंदिर निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने तथा इसे भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत कारीगरों को बांटी गई आधुनिक टूलकिट

**ललितपुर।** जिला उद्योग केन्द्र में बुधवार को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आधुनिक टूलकिट का वितरण किया गया। मुख्य रूप से नाई, लोहार और अन्य पारंपरिक कारीगरों को उन्नत तकनीक वाले टूलकिट प्रदान किए गए। टूलकिट वितरण से पहले सभी लाभार्थियों को उनके संबंधित ट्रेड में विशेष प्रशिक्षण दिया गया ताकि वह आधुनिक उपकरणों का कुशलतापूर्वक उपयोग कर सकें। उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने बताया कि इस योजना का लक्ष्य स्थानीय कारीगरों की कार्यक्षमता बढ़ाकर उनकी आय में वृद्धि करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने कहा कि हमारे पारंपरिक कारीगर अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। यह योजना न केवल उनकी कला को जीवित रख रही है, बल्कि उन्हें आधुनिक बाजार की प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार कर रही है। इस दौरान जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय उद्यमी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायक प्रबंधक संजय सिंह यादव का भी विशेष सहयोग रहा।

## रामनवमी घटना के विरोध में आज हजारीबाग में उलगुलान रैली का ऐलान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग में रामनवमी के दौरान हुई दुखद घटना, जिसमें छह लोगों की असमय मृत्यु हो गई थी, को लेकर जनाक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इस घटना के विरोध में सामाजिक संगठन हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के नेतृत्व में जिले की कई प्रतिष्ठित संस्थाओं ने एकजुट होकर 2 अप्रैल 2026 को उलगुलान रैली आयोजित करने का निर्णय लिया है। आयोजकों का कहना है कि यह घटना केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर नशा कारोबार युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। रैली के माध्यम से संगठनों ने अपनी प्रमुख मांगों को स्पष्ट करते हुए कहा है कि नशा कारोबार पर तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई की जाए, महिलाओं की सुरक्षा के लिए कठोर कानून बनाए जाएं तथा रामनवमी की घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। संगठन ने क्षेत्र के सांसद एवं विधायकों से भी अपील की है कि वे इस मुद्दे को सदन में प्रमुखता से उठाएं और नशा उन्मूलन तथा महिला सुरक्षा के लिए ठोस एवं प्रभावी कानून बनाने की दिशा में पहल करें। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि जनप्रतिनिधि इस संवेदनशील मुद्दे पर जनता के साथ खड़े नहीं होते हैं, तो आमजन उनसे जवाबदेही तय करेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह उलगुलान रैली 2 अप्रैल को शाम 5 बजे से 7 बजे तक गौस नगर से झंडा चौक तक निकाली जाएगी। आयोजकों ने इसे केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि जनक्रांति की शुरुआत बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इसमें सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरियों का खुलासा नहीं, अब आंखों में मिर्च झोंककर व्यापारी से लूट 15 हजार



**कोंच(जालौन)**- गल्ला मंडी क्षेत्र में एक के बाद एक घटित घटनाओं से कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। चोरी की घटनाओं का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया था कि अब बदमाशों ने दुस्साहस की हद पार करते हुए गल्ला व्यापारी की आंखों में मिर्च झोंककर नगदी लूट ली। लगातार बढ़ती घटनाओं से मंडी के व्यापारियों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। मंगलवार की देर रात गल्ला व्यापारी प्रेमनारायण राठौर निवासी पटेल नगर अपनी आढ़त का कामकाज निपटाकर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर गेट से पैदल घर जा रहे थे। तभी स्कूल वाले गेट से रेलवे ट्रैक की ओर सुनसान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे तीन बदमाशों ने उन्हें निशाना बना लिया। अचानक एक बदमाश ने उनकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया जिससे वह पूरी तरह असहाय हो गए। तभी अन्य दो बदमाशों ने उनकी जेब से करीब 15 हजार रुपये निकाल लिए और मौके से फरार हो गए। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि मिर्च पाउडर के कारण उन्हें कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। किसी तरह वह चीखते-पुकारते रेलवे स्टेशन तक पहुंचे, जहां स्टेशन मास्टर की मदद से परिजनों को सूचना दी गई। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए नर्सिंग होम ले गए। बुधवार को पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### उर्वरक वितरण मे अनियमितता के आरोप मे विंढमगंज सचिव निलंबित



**एक दर्जन से अधिक बीपैक्स सचिवो को कारण बताओ नोटिस जारी**

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**-उर्वरक वितरण मे अनियमितता के आरोप मे बीपैक्स विंढमगंज के सचिव दीपनारायण को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कुछ समितियो में रबी अभियान के अंतिम सप्ताह मे पॉश मशीन से फर्जी ट्रांजेक्शन पाए गए ।इसलिए अनियमितता और कालाबाजारी के आरोप मे विंढमगंज सचिव दीपनारायण को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होने बताया कि इसके अतिरिक्त शाहगंज, चोपन, अरौली ,शिवपुर,रामपुर गयारतवल,रामपुरी समेत कुल तेरह सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने की दशा में अनुशासनिक/ विधिक कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी। सहायक आयुक्त ने कहा कि वितरण मे ईमानदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कठोर कार्यवाई जरूरी है।उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित एडीसीओ तथा एडीओ को ऐसे प्रकरणो की जाँच करके जाँच आख्या कार्यालय मे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है।

### हत्या के प्रयास से संबंधित 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** बीते 21नवंबर 2025 को ग्राम पुरे रामचंद्र थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ में दो पक्षों के मध्य झगड़ा की घटना घटित हुई । जिसमें द्वितीय पक्ष की एक महिला को प्रथम पक्ष के कुछ व्यक्तियों द्वारा लाठी व डंडा से मारा पीटा गया। जिस कारण उक्त महिला को गम्भीर चोटें आई और बेहोश हो गई । जिसके संबंध में थाना कोतवाली देहात पर धारा 191(2),191(3),190,109 (1), 115 (2)/351(2)/352 बीएनएस का अभियोग दर्ज हुआ।थाना प्रभारी कोतवाली देहात पुष्पराज के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात के उ0नि0 अवधेश सिंह मय हमराह द्वारा दर्ज मुकदमा से संबंधित 04 वांछित अभियुक्तों मनीष सरोज पुत्र श्रीराम सरोज उम्र 22 वर्ष निवासी पूरे रमाचन्द्र थाना कोतवाली देहात, रवि उर्फ दिपाशुं पुत्र लालचन्द्र उम्र 24 वर्ष निवासी पूरे रामचन्द्र थाना कोतवाली देहात,राज सरोज पुत्र दिनेश कुमार सरोज उम्र 18 वर्ष निवासी पूरे रामचन्द्र थाना कोतवाली देहात व हिमांशु उर्फ मान्सू पुत्र लालचन्द्र उम्र 18 वर्ष निवासी पूरे रामचन्द्र थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत घाटमपुर मोड़ मान्धाता रोड के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# घोरावल पुलिस ने किया प्रॉपर्टी डीलर की हत्याकांड का सफल अनावरण ,03 अभियुक्त गिरफ्तार

**●घटना में प्रयुक्त मोबाइल व नगदी बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस द्वारा हत्या के एक सनसनीखेज प्रकरण का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 27/03/26 को वादी घासी मौर्या पुत स्व0 कालिका मौर्या निवासी लोकुआ थाना धानापुर जनपद चंदौली के तहरीर पर थाना घोरावल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 63/2026 धारा 103(1), 238 बीएनएस से संबंधित प्रकरण में वादी के भाई मृतक कुंवर मौर्य की दिनांक 22/03/26 को रात्रि में हत्या कर शव को सिरसी डैम थाना संतनगर (मिर्जापुर) में फेंक दिया गया था। उक्त घटना के संबंध में पूर्व में शव बरामद कर विधिक कार्यवाही की जा चुकी है।दिनांक 01.04.2026 को विवेचक प्र0नि0 घोरावल द्वारा मय हमराह पुलिस टीम के साथ अभियुक्तों की तलाश में रवाना होकर घोरावल तिराहा पर मौजूद थे, तभी मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमे से संबंधित अभियुक्तगण खुटहा बाईपास तिराहा पर किसी वाहन का इंतजार कर रहे हैं। प्राप्त सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्परता से घेराबंदी कर मौके पर पहुंचकर हिकमत अमली से 02 पुरुष व 01 महिला को पकड़ लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना नाम व पता निम्नवत बताया गया– चन्द्रशेखर मौर्य उर्फ मखंचू पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम पड़रिया, थाना संतनगर, जनपद मिर्जापुर, साहब लाल मौर्य पुत्र संग्राम मौर्य निवासी ग्राम पेढ़ नौगढवा, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र, लीलावती पत्नी साहब लाल मौर्य निवासी उपरोक्त।

पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा कुंवर मौर्य की हत्या करना स्वीकार किया गया। तत्पश्चात तीनों अभियुक्तों को विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए आज दिनांक 01.04.2026 को खुटहा बाईपास तिराहा के पास समय करीब 09:52 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्तों की जामा तलाशी से निम्न वस्तुएं बरामद हुई- 01 अदद POCO मोबाइल फोन (अभियुक्त चन्द्रशेखर उर्फ मखन्चू के पास से), 01 अदद LAVA मोबाइल फोन (अभियुक्त साहब लाल के पास से), 03 अदद मोबाइल फोन (अभियुक्ता लीलावती के पास से), नगद ?900/- (चन्द्रशेखर से), नगद ?1000/- (साहब लाल से), नगद 550/ (लीलावती से)अभियुक्ता लीलावती पत्नी साहब लाल मौर्य ने पूछने पर बताया कि मृतक कुंवर मौर्य पुत्र स्व0 कालिका मौर्य निवासी ग्राम लोकुवा, थाना धानापुर, जनपद चंदौली मेरे रिश्तेदार थे। रिश्ते में वह मेरे नंदोई नगरु मौर्य के सगे भाई थे। रिश्तेदारी के कारण उनका मेरे यहां आना-जाना रहता था तथा इस दौरान उनके साथ मेरे नजदीकी संबंध भी स्थापित हो गए थे। वह जमीन खरीदने-बेचने का कार्य करते थे तथा लालगंज, जनपद मिर्जापुर में किराये का कमरा लेकर रहते थे और मेरे घर ग्राम नौगढवा पेढ़ अक्सर आते-जाते रहते थे।

मेरी बहन का लड़का चन्द्रशेखर मौर्य उर्फ मखंचू निवासी ग्राम पड़रिया, थाना संतनगर, जनपद मिर्जापुर से करीब 01 वर्ष पूर्व कुंवर मौर्य ने 07 लाख रुपये उधार लिए थे, यह कहकर कि जमीन खरीदकर होने वाले मुनाफे में हिस्सा देंगे। उक्त धनराशि चन्द्रशेखर द्वारा ब्याज पर लेकर दी गई थी। जब भी पैसे की मांग की जाती थी तो वह टालमटोल करते रहते थे। मेरी पुत्री सुमन मौर्य की शादी कुंवर मौर्य द्वारा हर्ष पुत्र विजयी निवासी तिखापुर, थाना सकलडीहा, जनपद चंदौली से कराई गई थी। सुमन मौर्य के ससुराल पक्ष द्वारा उसके नाम से लगभग 06 बिस्वा जमीन खरीदी गई थी, किन्तु कुछ समय पश्चात कुंवर मौर्य ने उक्त शादी तुड़वा दी तथा अपने पुत्र रवि मौर्य से उसका विवाह करा दिया। विवाह के बाद भी सुमन मौर्य को बहू के रूप में अपने गांव नहीं ले जाया गया तथा उसे सकलडीहा में किराये के मकान में रखा गया। रवि मौर्य चेन्नई में रहकर निजी नौकरी करता है।

इसी दौरान सुमन मौर्य के नाम की जमीन को लगभग 15 लाख रुपये में बेचकर उसकी धनराशि कुंवर मौर्य ने अपने खाते में जमा कर ली तथा मेरी पुत्री के खाते में नहीं डाली। मेरी पुत्री ने मुझे बताया कि कुंवर मौर्य उसके प्रति गलत नजर रखते थे।पूछताछ में यह भी प्रकाश में आया कि सह-अभियुक्त चन्द्रशेखर मौर्य उर्फ मखंचू की बहन, जो बोलने में असमर्थ (गूंगी) थी, की शादी भी मृतक कुंवर मौर्या द्वारा तुड़वा दी गई थी तथा उसके प्रति भी उसकी नीयत ठीक नहीं थी, जिससे अभियुक्तगण के मन में उसके प्रति और अधिक आक्रोश उत्पन्न हो गया था।इन सभी बातों से तंग आकर मैंने, मेरे पति साहब लाल मौर्य तथा चन्द्रशेखर मौर्य उर्फ मखंचू ने मिलकर कुंवर मौर्य की हत्या करने की योजना बनाई।

दिनांक 22.03.2026 को मैंने कुंवर मौर्य को फोन करके अपने घर ग्राम नौगढवा पेढ़ बुलाया। वह अपनी कार से चालक रोहित के साथ सायं करीब 06:00 बजे पहुंचे। मैंने उन्हें खाना बनाकर खिलाया, इस दौरान उन्होंने शराब का सेवन भी किया। खाना खाने के बाद चालक रोहित बाहर कार में सोने चला गया तथा कुंवर मौर्य घर के अंदर सो गए।रात्रि लगभग 10:30 से 11:00 बजे के बीच मैंने अपने दूसरे मोबाइल नंबर से चन्द्रशेखर मौर्य उर्फ मखंचू को घर बुलाया, जो घर के पीछे से अंदर आया। इसके पश्चात मैं, मेरे पति एवं चन्द्रशेखर मौर्य उर्फ मखंचू तीनों ने मिलकर बिस्तर पर सो रहे कुंवर मौर्य का गला दबाकर हत्या कर दी।

हत्या के बाद मखंचू ने मृतक के दोनों हाथ-पैर बांध दिए तथा शव को पुरानी साड़ी में लपेट दिया। इसके बाद बाहर जाकर कार में सो रहे चालक रोहित को जगाया और उसे डरा-धमकाकर शव को कार की डिग्गी में रखवाया। मेरे पति घर पर ही रुक गए।कार में चालक रोहित के बगल में मखंचू बैठा तथा मैं पीछे बैठ गई। चालक रोहित से कार चलवाकर हम लोग सिरसी डैम पहुंचे, जिसका रास्ता मखंचू को पहले से ज्ञात था। वहां हमने शव को पत्थर से बांधकर पुलिया से नीचे फेंक दिया।

इसके बाद हम लोग कार से लालगंज, चुनार होते हुए सकलडीहा, जनपद चंदौली पहुंचे, जहां चालक रोहित को घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके पश्चात मैं एवं मखंचू मुगलसराय से ट्रेन द्वारा वापस अपने गांव आ गए।

घटना के बाद मृतक के दो मोबाइल फोन मेरे घर पर ही रह गए थे, जिन्हें दिनांक 24.03.2026 को मैं अपने साथ लेकर ट्रेन से सकलडीहा गई और रास्ते में चलती ट्रेन से फेंक दिया।दिनांक 26.03.2026 को मुझे जानकारी हुई कि चालक रोहित द्वारा घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है और वे लोग थाना धानापुर गए हैं। इस पर मैंने अपने मोबाइल नंबरों की सिम निकालकर जला दी तथा अपने पति की सिम भी तोड़ दी।इसके पश्चात मैं, मेरे पति एवं मखंचू घर में ताला लगाकर विभिन्न स्थानों पर रिश्तेदारी में छिपते फिर रहे थे। आज हम लोग कहीं बाहर जाने की फिराक में थे कि पुलिस द्वारा हमें पकड़ लिया गया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्री बृजेश सिंह थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, उ0नि0 सुनील कुमार थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, का0 योगेश पटेल, का0 हरिश्याम , म0का0 दिव्या त्रिपाठी, चालक का0 शिवमंगल यादव शामिल रहे।

# ग्रामीण इलाकों में सुगम आवागमन हेतु शासन ने स्वीकृत की तमाम नई सड़कें

**●विधायक के प्रस्तावों को मंजूरी मिलने पर क्षेत्रवासियों ने जताई खुशी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शामिल कोंच तहसील क्षेत्र के नगरीय और ग्रामीण इलाकों में आवागमन के लिए सड़क जैसी मूलभूत सुविधा प्रदान करने में क्षेत्र के विधायक मूलचंद निरंजन तेजी से लगे हुए हैं। विधायक का मुख्य फोकस है कि ग्रामीण इलाकों में एक भी संपर्क मार्ग जर्जर हालत में न रहने पाए और सुगम आवागमन का लाभ क्षेत्रीय बाशिंदों को मिल सके। विधायक द्वारा स्टेट हाईवे से लेकर कोंच नगर में अलग-अलग बाईपास मार्ग और अन्य प्रमुख मार्गों की सड़कों की दिशा और दशा सुधारने के बाद अब ग्रामीण इलाकों में जर्जर संपर्क मार्गों का नए सिरे से निर्माण कराए जाने के लिए गत रोज शासन स्तर से स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों ने विधायक की विकास परक कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए उनका आभार जताया है।

बुधवार को विधायक ने एक जानकारी में बताया कि बुंदेलखंड निधि योजना के अंतर्गत कोंच ब्लॉक क्षेत्र में सिकरी रजवाहा से हिंगुटा तक 1.150 किमी दूरी संपर्क मार्ग निर्माण कार्य के लिए 90 लाख रुपए, इटौरा में केबी कैनाल से इटौरा तक 300 मी. दूरी सीसी रोड व साइडबॉल निर्माण कार्य के लिए 25 लाख रुपए, फुलैला से इमिलिया तक 1.100 किमी दूरी संपर्क मार्ग निर्माण कार्य के लिए 84 लाख रुपए शासन द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह से त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत ब्लॉक नदीगांव क्षेत्र में कन्हरपुरा से रेंढर तक 1.610 किमी सड़क निर्माण कार्य के लिए 1.24 करोड़ रूपये, महेशपुरा में बड़ी माता मंदिर से लेकर पहूज़ नदी मोक्षधाम तक 630 मी. इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 52 लाख रुपए, ब्लॉक कोंच क्षेत्र में चमड़ा मेनरोड से मोक्षधाम तक 500 मी. इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य के लिए 40 लाख रुपए, कूंड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय से पंचायत घर तक 550 मी. इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 51 लाख रुपए, फुलैला में मेनरोड टॉवर से गांव के अंदर 505 मी. इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 43 लाख रुपए, सामी में 500 मी. इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 38 लाख रुपए की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है। विधायक ने बताया कि इन कामों के अलावा कुठोंद, रामपुरा, माधोगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के भी कई गांवों में सीसी सड़क और इंटरलॉकिंग कार्य को शासन से मंजूरी मिल गई है, उक्त सभी कार्यों को शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत पूरा कराया जाएगा। विधायक ने क्षेत्र के विकास हेतु उनके प्रस्तावों को स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि समूचे विधानसभा क्षेत्र में जरूरी विकास कार्यों को पूरा कराने में वह कभी पीछे नहीं रहेंगे।

## ट्रेन में महिला यात्री का पर्स चोरी

**15 हजार रुपये व जरूरी दस्तावेज गायब**

**ललितपुर।** कुशीनगर एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान महिला यात्री का पर्स चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जीआरपी ललितपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुंबई निवासी अनिल कीवाद रायरीधर अपने परिवार के साथ ट्रेन संख्या 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस के ए-2 कोच में यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 10 मार्च की सुबह करीब 6.30 बजे जब वह उठकर बाथरूम गए, तभी कोच अटेंडेंट ने उन्हें बाथरूम में एक पर्स मिलने की सूचना दी। जांच करने पर पता चला कि वह पर्स उनकी पत्नी का था, लेकिन उसमें रखा एक छोटा ब्राउन रंग का पर्स गायब था। चोरी हुए पर्स में करीब 15,000 रुपये नकद के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड और क्रेडिट कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। घटना की सूचना पर जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और संदिग्धों की तलाश जारी है।

# अंबेडकर पार्क निर्माण में अनियमितता का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोंच(जालौन)**- अंबेडकर पार्क के निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और गुणवत्ता विहीन कार्य होने का आरोप लगाते हुए भीम आर्मी भारत एकता मिशन के सदस्यों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर मामले में कार्यवाही किए जाने की मांग की है। संगठन के सदस्यों ने बुधवार को एसडीएम ज्योति सिंह को दिए अपने ज्ञापन में कहा कि मोहल्ला नया पटेल नगर में आशीर्वाद होटल के पीछे नगर पालिका परिषद द्वारा अंबेडकर पार्क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य में घटिया किस्म के ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है और मसाले में सीमेंट न के बराबर डाली जा रही है जिससे निर्माण कार्य मजबूत न होकर पूरी तरह से गुणवत्ता विहीन किया जा रहा है। सदस्यों ने एसडीएम को बताया कि जब इस संबंध में उन्होंने ठेकेदार से कहा तो ठेकेदार ने ऐसा ही निर्माण कार्य कराने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया। सदस्यों ने मामले में एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अखंड प्रताप सिंह, भानुप्रताप, शशांक, गोविंद, जितेंद्र, बृजेश, अजय, सीताराम, प्रकाश बाबा, वीरेंद्र, प्रदीप आदि शामिल रहे। उधर, पूरे मामले में ठेकेदार अमित का कहना है कि जो शिकायती पत्र दिया गया है वह पूरी तरह से मनगढ़ंत है, निर्माण कार्य मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप ही किया जा रहा है। शिकायत करने वाले लोगों की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं पूरी नहीं हो पा रहीं हैं जिससे झूठी शिकायत की गई है।

# आंधी पानी के साथ ओले गिरने से किसानों की चिंता बढ़ी





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- क्षेत्र में मंगलवार की देर शाम आई तेज आंधी के साथ बेमौसम बारिश ने जहां एक ओर किसानों की चिंता बढ़ा दी, वहीं दूसरी ओर नगर की बदहाल जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खोल कर रख दी। चंद मिनटों की बारिश में ही सड़कों पर पानी बहने लगा और नालियां उफना कर गंदगी सड़कों पर बिखेरने लगीं। तहसील के पश्चिमोत्तर इलाके के कई गांवों में ओलावृष्टि की भी खबरें हैं जिससे फसलें प्रभावित हुई हैं। इस समय खेती-किसानी का काम जोरों पर है। पिछले कुछ दिनों से मौसम ने जो पलटी मारी है वह किसानों की सेहत खराब करने वाली है। ऐसे में मंगलवार की देर शाम हुई आधे घंटे की मूसलाधार बारिश ने किसानों को रुला दिया है। फसल कटाई के समय आई यह बारिश किसानों के लिए संकट बन कर सामने आई है। क्षेत्र के कई गांवों में ओलावृष्टि की भी खबरें हैं, जिससे गेहूं सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है। बताया गया है कि पजौनिया, अखनीबा, सिकरी, भगवंतपुरा, बुढावली, लोई आदि गांवों में करीब चने से बड़े आकार के ओले गिरे हैं जिससे फसलों को नुकसान बताया जा रहा है। इधर, नगर में हर बार की तरह इस बार भी जलनिकासी व्यवस्था फेल नजर आई। हल्की बारिश में ही चंदकुआं चौराहा, रामगंज बाजार और नई बस्ती जैसे प्रमुख इलाकों में नालियां उफना गईं। सड़कों पर गंदा पानी भर जाने से राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों की नियमित सफाई न होने के कारण हर बारिश में यही हालात बनते हैं। मौसम विभाग पहले ही आगामी दिनों में मौसम खराब रहने की चेतावनी दे चुका था। फिर भी जलभराव से निपटने के इंतजाम नहीं किए गए।

## कूंड़ा गांव में अजगर मिलने से मचा हड़कंप



**कोंच(जालौन)**- कूंड़ा गांव में करीब दस फीट लंबा अजगर मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर अजगर को पकड़ लिया और उसे जंगल में छोड़ने के लिए ले गए। जानकारी के मुताबिक कोंच ब्लॉक क्षेत्र के कूंड़ा गांव में बुधवार को पप्पू रजक अपने भूसा घर से भूसा निकाल रहा था। इसी दौरान पप्पू की नजर करीब दस फीट लंबे अजगर पर पड़ी तो वह चीख पड़ा और उल्टे पैर बाहर को भागा। पप्पू ने इसकी जानकारी ग्रामीणों सहित वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर अजगर को पकड़ कर बोरे में बंद किया जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन कर्मी अजगर को जंगल में छोड़ने के लिए उसे साथ ले गए। वन कर्मियों ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि आसपास के क्षेत्रों में घनी झाड़ियां और टीले होने से कभी कभी जंगली जानवर गांवों में प्रवेश कर जाते हैं, ऐसे जानवरों को देखते ही वन विभाग को जरूर सूचित करें ताकि समय रहते रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया जा सके।

# अभिभावकों की जिम्मेवारी है प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजना- विधायक

**●स्कूल चलो एवं संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम संपन्न**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- परिषदीय शिक्षा को गुणवत्ता प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है, अभिभावकों को भी अपने बच्चों को शिक्षा अर्जन के लिए प्रतिदिन विद्यालय भेजने के प्रति ध्यान देना चाहिए, यह बात क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन ने एक कार्यक्रम में कही। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पड़री स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक मूलचंद्र निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की, तदोपरांत खंड शिक्षा अधिकारी सुनील राजपूत सहित स्टॉफ सदस्यों ने दोनों अतिथियों का स्वागत किया। उपस्थित ग्रामीणों के बीच विधायक ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की कुंजी है, हर अभिभावक का कर्तव्य है कि वह अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। संचारी रोगों को लेकर विधायक ने कहा कि मौसम जनित संचारी रोगों से बचाने के लिए सरकार सजग रहकर कार्य कर रही है, रोगों के प्रति खुद भी जागरूक रहें और अन्य लोगों को भी जागरूक करें। इस दौरान विधायक एवं पालिकाध्यक्ष ने बीते शैक्षणिक सत्र में शिक्षा के साथ खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इससे पूर्व गांव में विद्यालय के बच्चों द्वारा रैली निकाली गई जिसे विधायक एवं पालिकाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाई। रैली में शामिल बच्चे स्कूल चलो को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से नारे लगाते हुए और प्रेरक वाक्य लिखी तख्तियां हाथों में लेकर आगे बढ़ रहे थे। इस मौके पर प्रधानाध्यापक जितेंद्र गुप्ता सहित शिक्षक शिक्षिकाएं और कर्मचारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत सोनभद्र पुलिस का व्यापक जागरूकता अभियान , महिला सुरक्षा व साइबर सतर्कता पर विशेष जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विविध कार्यक्रम आयोजित कर समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों जैसे– लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से जागरूक किया गया। इसी क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक प्रावधानों एवं विभि का0 हरिश्याम , म0का0 दिव्या त्रिपाठी , चालक का0 शिवमंगल यादव शामिल रहे।

न्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के दृष्टिगत ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं ह्ळ्ञक्कसाझा न करने के संबंध में भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया, जिससे आमजन को साइबर ठगी से सुरक्षित रखा जा सके। सोनभद्र पुलिस द्वारा जनसामान्य से अपील की गई है कि किसी भी आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें एवं जागरूक बनकर स्वयं तथा अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

# चोपन पुलिस को मिली बड़ी सफलता, साइबर ठगी के शिकार पीड़ित व्यक्ति को 1,22,631/- कराई गई वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चोपन / सोनभद्र** - संत कुमार पुत्र ईश्वर प्रसाद निवासी ग्राम जमुअल, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा छलपूर्वक ?1,22,631/- (एक लाख बाइस हजार छह सौ इकतीस रुपये) की साइबर ठगी की घटना कारित की गई थी। उक्त प्रकरण में वादी द्वारा तत्काल शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई।

साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण करते हुए संबंधित बैंक/वित्तीय संस्थानों से तत्काल ई-मेल के माध्यम से पत्राचार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप पीड़ित की ठगी गई संपूर्ण धनराशि 1,22,631/- (एक लाख बाइस हजार छह सौ इकतीस रुपये) सफलतापूर्वक उसके मूल बैंक खाते में वापस कराई गई।साइबर टीम में मुख्य रूप से अखिलेश कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक चोपन, म0का0 प्राची शुक्ला साइबर हेल्प डेस्क,

म0का0 शैलजा सिंह साइबर हेल्प डेस्क शामिल रहे। साइबर अपराध से बचाव हेतु सुझाव- किसी भी अनजान कॉल/मैसेज पर स्वयं को बैंक अधिकारी बताने वाले व्यक्ति पर विश्वास न करें। किसी भी अज्ञात लिंक/एप पर क्लिक या डाउनलोड करने से बचें।, बैंक से संबंधित कार्य केवल आधिकारिक वेबसाइट/मोबाइल ऐप अथवा शाखा के माध्यम से ही करें।, अपने मोबाइल/ईमेल पर प्राप्त ट्रांजेक्शन अलर्ट को नियमित रूप से जांचते रहें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें एवं [www.cybercrime.gov.in] (http://www.cybercrime.gov.in) पर शिकायत दर्ज करें।

## संक्षिप्त खबरें

### कानपुर के अवैध किडनी खरीद - फरोख्त कांड में अन्य जनपदों के अस्पतालों के भी नाम



**कानपुर।** कानपुर के किडनी खरीद फरोख्त कांड में अब तक नया मोड़ आया है, कुछ नये राज मालूम पड़े हैं। इसमें अन्य जनपदों के अस्पतालों के भी नाम सामने आ रहे हैं थाना रावतपुर क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में अवैध किडनी खरीद-फरोख्त के प्रकरण में जांच के दौरान 6 व्यक्तियों सहित कुछ अन्य डॉक्टरों के नाम प्रकाश में आए हैं। इनमें से कई अभियुक्त वर्तमान में वांछित हैं, जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। साथ ही अन्य जनपदों के अस्पतालों की संभावित संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम, एस.एम. कासिम आबिदी ने बताया कि प्रकरण में अपनी किडनी बेचने वाले दो व्यक्तियों से पूछताछ की गई, जिससे कुछ नए तथ्य सामने आए हैं। अन्य जनपदों के कुछ प्राइवेट अस्पतालों के भी नाम सामने आए हैं। इन तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। दोनों व्यक्तियों का उपचार जारी है, वे सुरक्षित हैं तथा उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि संबंधित व्यक्ति देहरादून का एमबीए छात्र है, जिसने आर्थिक तंगी एवं फीस जमा करने के दबाव में यह कदम उठाया। प्रकरण से जुड़े सभी तथ्यों की गहनता से जांच की जा रही है तथा विवेचनात्मक कार्रवाई प्रचलित है।

### कमिश्नरेट कानपुर के तीन निरीक्षक सहायक पुलिस आयुक्त पद पर पदोन्नत



**कानपुर।** दिनांक 01.04.2026 को पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित पिपिंग सेरेमनी में कमिश्नरेट कानपुर में तैनात निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, सुभाष चन्द्र एवं रवीन्द्र प्रताप सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल एवं पुलिस उपायुक्त मुख्यालय दिनेश त्रिपाठी द्वारा पदोन्नत अधिकारियों को पदचिह्न पहनाकर सम्मानित किया गया। पुलिस आयुक्त महोदय ने नवपदोन्नत अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कानपुर पुलिस को 19 पीआरवी वाहन और मिले



**कानपुर।** आज दिनांक 1.04.2026 को पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल के द्वारा कमिश्नरेट कानपुर नगर के यूपी-112 आपात सेवा को मुख्यालय यूपी-112 लखनऊ से प्रदान की गयी 19 नये पीआरवी वाहनों (इनोवा क्रिस्टा) को रिजर्व पुलिस लाइन, कानपुर नगर से हरी झण्डी दिखाकर थानों को रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रभारी पुलिस उपायुक्त, लाइन्स शिवा सिंह, स्टाफ आफीसर पुलिस आयुक्त अमरनाथ यादव सहित प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। पूर्व से कमिश्नरेट कानपुर नगर के यूपी-112 में कुल 90 पीआरवी वाहन ( 54 चार पहिया पीआरवी वाहन एवं 36 दो पहिया पीआरवी वाहन) संचालित रहकर कार्य सरकार कर रहे थे। आज मुख्यालय यूपी - 112 लखनऊ के द्वारा 19 चार पहिया पीआरवी वाहन (इनोवा किस्टा) संचालित हो जाने के उपरान्त वर्तमान में कमिश्नरेट कानपुर नगर के यूपी - 112 में 73 चार पहिया पीआरवी एवं 36 दो पहिया पीआरवी (कुल 109 पीआरवी वाहन) समस्त थानाक्षेत्रों में संचालित होगें, जिससे आम जनमानस को अल्प समय में ही पुलिस सहायता प्रदान हो जायेगी।

# स्कूल चलो अभियान का हुआ भव्य शुभारम्भ, शिक्षा के प्रति जागरूकता का दिया गया संदेश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम हरि पैलेस सगरा में बड़े उत्साह एवं गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक जन-जागरूकता अभियान का रूप प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य तथा विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव रहे। इसके अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, परियोजना निदेशक दयाराम यादव, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सह जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लक्ष्मणपुर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने वातावरण को भक्ति एवं उत्साह से भर दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एकांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रेरणादायक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान 05 नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तकें, बैग एवं स्टेशनरी वितरित कर उन्हें शिक्षा से जोड़ने का संदेश दिया गया। सत्र 2025-26 में सर्वाधिक नामांकन करने वाले 05 विद्यालयों को सम्मानित कर शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार के विजन को साकार करने के लिए शत-प्रतिशत नामांकन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, क्योंकि शिक्षा ही उनके उज्लवल भविष्य की कुंजी है। जिलाधिकारी ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक सेवित क्षेत्र में भ्रमण कर नामांकन पंजिका तैयार की जाए तथा अभिभावकों के साथ संवाद के लिए नियमित पीटीएम आयोजित की जाए। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बच्चों को अनुशासन में रहकर मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जिले के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, एआरपी, पूर्व एआरपी एवं विभिन्न विकास खंडों के शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेश प्रताप सिंह द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला समन्वयक प्रशिक्षण योगेन्द्र सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, सुशील सिंह, एसआरजी चन्द्रजीत, एसआरजी आशुतोष, पवन सिंह एवं डॉ. आशुतोष सिंह का विशेष योगदान रहा। अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए 'स्कूल चलो अभियान' को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

### दिव्यांग छात्रों के लिए बढ़नी के राजकीय अक्षम विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश शुरू

**प्रतापगढ़।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित प्रयास राजकीय शारीरिक रूप से अक्षम बालकों का विद्यालय, बढ़नी (मोहनगंज) में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 1 से कक्षा 9 तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विद्यालय में अस्थि बाधित दिव्यांग छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सभी आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाती है। विद्यालय में छात्रों को पठन-पाठन सामग्री, यूनिफॉर्म, चिकित्सा सुविधा, आधुनिक कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास और आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। प्रवेश के लिए 6 से 16 वर्ष आयु के दिव्यांग छात्र पात्र हैं। इच्छुक अभिभावकों को आवेदन करते समय यूडीआईडी कार्ड (दिव्यांगता प्रमाण पत्र), आय प्रमाण पत्र पिता/अभिभावक का (तहसील/प्रधान/जनप्रतिनिधि), आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अंक पत्र/टीसी तथा 4 पासपोर्ट साइज फोटो प्रस्तुत करने होंगे।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का हुआ शुभारम्भ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रतापगढ़।** जनपद में 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किये जाने वाले विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किये जाने वाले दस्तक अभियान का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से रैली निकाल कर किया गया है। रैली से पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद द्वारा सभी उपस्थित लोगों को संचारी रोगों के खिलाफ लड़ाई में सहभागिता के लिये शपथ दिलाई गई।अपने घर व आस-पास साफ-सफाई रखने, जल जमाव न होने देने तथा बुखार के लक्षण वाले मरीजों को शीघ्र अतिशीघ्र पास के सरकारी अस्पताल में चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिये प्रेरित किया गया। रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में शामिल लोग नारे लगाने के साथ लोगों को जागरूक करते हुये घण्टाघर चौक तक गये। रैली में शामिल लोग 'प्रतापगढ़ ने ठाना है, संचारी रोग मिटाना है', 'कचरा कचरेदानी में, सोये मच्छरदानी में, 'जीवन को नव मोड़ दो, गंदगी करना छोड़ दो तथा 'हर रविवार मच्छर पर वार आदि जैसे नारों के माध्यम से लोगों को अपने आस-पास साफ सफाई रखते हुये स्वच्छता का व्यवहार अपनाते हुये बीमारियों से बचने के लिये प्रेरित किया गया।संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के अन्तर्गत नगर विकास विभाग, पंचायतीराज विकास विभाग, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस विभाग एवं उद्यान विभाग सभी स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर लोगों को स्वच्छता का व्यवहार अपनाते हुये बीमारियों से बचाव के लिये जागरूक करेगें।कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण, आशा व एएनएम आदि उपस्थित रहे।

# सीसी रोड व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप

● **गुणवत्ता की कमी या किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता मिलने पर कार्यवाही के निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत शीशगढ़ में मनरेगा योजना के तहत करवाए गए सीसी रोड व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार और मानकों की अनदेखी का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय निवासी अशोक चौधरी ने खण्ड विकास अधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर मामले की जांच-पड़ताल कर कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि मनोज के घर से पीडब्ल्यूडी रोड और हरिजन बस्ती समेत कुल चार मुख्य मार्गों पर सीसी रोड तथा इंटरलॉकिंग के कार्य करवाए गए हैं जिसमें मानकों की अनदेखी करते हुए घोर अनियमितता बरती गई है। आरोप है कि सीसी रोड निर्माण कार्य में कंक्रीट के स्थान पर केवल गिट्टी और डस्ट का उपयोग कर सड़क की ढलाई की गई है जिसमें सीमेंट की मात्रा भी मानक से बेहद कम है। ग्रामीणों ने इस निर्माण पर कड़ा रोष जताते हुए भुगतान पर तुरंत रोक लगाने और पूरे कार्य की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए खण्ड विकास अधिकारी ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर निर्माण की गुणवत्ता परखने और सीघ्र जांच रिपोर्ट की आख्या प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र ने बताया कि निर्माण कार्य में अनियमितता का मामला संज्ञान में आया है। ऐसे में तकनीकी अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित कर निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए गए हैं। यदि जांच में गुणवत्ता की कमी या किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# अभियुक्त 04 जिन्दा देशी बम व मोटर साइकिल के साथ किया गया गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** वादी संजय शुक्ला पुत्र जगनारायण शुक्ला निवासी ग्राम कोडरी चंदुआडीह थाना कोहडौर जनपद प्रतापगढ़ द्वारा प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि 30 मार्च को कुलदीप पुत्र स्व0 रामस्नेही निवासी बाभनपुर जनपद जौनपुर व अजीत पुत्र राजकिशोर निवासी रामपुर खागल थाना पट्टी द्वारा धोखाधड़ी कर 50,000 रुपये ले लिए गए तथा नोटों का बंडल देकर देखने नहीं दिया गया और अतिरिक्त 1,00,000 रुपये की मांग करते हुए वादी के पुत्र को गोली मारने की धमकी दी गई। इस संबंध में थाना पट्टी पर धोखाधड़ी व जबरन वसूली का अभियोग दर्ज किया गया था।थाना प्रभारी पट्टी आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अनीश कुमार यादव मय हमराह द्वारा मुकदमे से संबंधित अभियुक्त अजीत पुत्र राज किशोर निवासी ग्राम रामपुर खागल थाना पट्टी प्रतापगढ उम्र करीब 24 वर्ष को 04 जिन्दा देशी नाजायज बम व एक मोटर साइकिल के साथ थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत देनवा दुबौली जंगल के पास बहद ग्राम देनवा दुबौली के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के पास से 04 जिन्दा देशी बम नाजायज की बरामदगी के संबंध में थाना पट्टी में धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त से बरामद मोटर साइकिल को धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया।

### सिपाही की तहरीर पर आठ के खिलाफ दर्ज हुआ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सिपाही की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली मे तैनात सिपाही अजीत कुमार को मंगलवार को पूरे खरगू कैथौला में रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट की सूचना मिली। जांच में एक पक्ष के कृपाशंकर तिवारी, बृजेश तिवारी पुत्रगण लालता तिवारी व पुष्पा पत्नी कृपाशंकर, माधुरी पत्नी बृजेश, गुड़िया पुत्री बृजेश तथा दूसरे पक्ष की आशा शुक्ला पत्नी स्व. रामलखन शुक्ल, आरती पुत्री स्व0 रामपाल, कौशल पुत्र रामलखन के बीच गालीगलौज मारपीट व धमकी की बात सही पायी गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# संदिग्ध दशा में लगी आग से अधेड़ झुलसा, गृहस्थी राख

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में लगी आग से अधेड़ झुलस गया।आगजनी में गृहस्थी के सामान राख हो गये। आगजनी में कई मवेशी भी झुलस गये। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। लालगंज कोतवाली के मेढ़ावां गांव निवासी पूर्व प्रधान भागीरथी यादव के रिहायशी छप्पर में मंगलवार की रात संदिग्ध दशा में आग लग गयी। इससे उसमें रखे खाद्यान्न व कीमती सामान आदि जलकर नष्ट हो गये। वहीं आग की तेज लपटें बगल स्थित पशुशाला तक पहुंच गयी। जिससे आग की चपेट में आने से दो मवेशी भी झुलस गये। मवेशियों को बचाने में पीड़ित पूर्व प्रधान भागीरथी यादव भी आग की चपेट में आने से झुलस गये। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### दिव्यांग दम्पत्तियों को शादी पर मिलेगा रूपये 35 हजार तक प्रोत्साहन पुरस्कार

**प्रतापगढ़।** दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत दिव्यांग दम्पत्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके वैवाहिक जीवन को प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत यदि युवक दिव्यांग है तो15000 रूपये युवती दिव्यांग होने पर 20000 रूपये तथा दोनों के दिव्यांग होने की स्थिति में 35000 रूपये की सहायता राशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ उन्हीं दम्पत्तियों को मिलेगा जिनकी शादी वर्तमान या पिछले वित्तीय वर्ष में हुई हो और जिनकी दिव्यांगता कम से कम 40 प्रतिशत हो। साथ ही युवक की आयु 21 से 45 वर्ष तथा युवती की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक लाभार्थी निर्धारित वेबसाइट http//divyangjan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# अखबार पढ़ो अभियान के साथ स्कूल चलो और संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर।** जनपद कानपुर नगर के कंपोजिट विद्यालय बेनाझाबर में बुधवार को 'अखबार पढ़ो अभियान', 'स्कूल चलो अभियान' तथा 'संचारी रोग नियंत्रण अभियान' का संयुक्त शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन उपस्थित रहीं। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई और विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को नियमित रूप से अखबार पढ़ने की आदत विकसित करना अत्यंत उपयोगी पहल है। अखबार बच्चों को देश-दुनिया की घटनाओं, विज्ञान, साहित्य, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और अपने शहर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों से जोड़ता है। इससे उनकी भाषा क्षमता, विश्लेषण क्षमता और समसामयिक समझ विकसित होती है। उन्होंने कहा कि अब जनपद के विद्यालयों में बच्चों को प्रतिदिन हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के प्रमुख अखबार पढ़ने का अवसर दिया जाएगा। इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थी समाचारों की महत्वपूर्ण कतरनों का संग्रह करेंगे और उन्हें विद्यालयी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। अखबार आधारित प्रश्नोत्तरी, ज्ञान प्रतियोगिताएं तथा चर्चा सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित होगी और उनकी अभिव्यक्ति क्षमता का विस्तार होगा। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, एडीआईओएस प्रशांत चतुर्वेदी सहित शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महिला एवं बाल चिकित्सालय के जरिए रामपुरखास में स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी बुनियादी मजबूती- मोना

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने बुधवार को स्वयं तथा सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से लालगंज में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजनान्तर्गत सात करोड़ सैंतालिस लाख की लागत से नव निर्मित महिला एवं बाल चिकित्सालय की क्षेत्रवासियों को सौगात सौंपी। पचास शैय्याओं के महिला एवं बाल चिकित्सालय में विधायक मोना की मौजूदगी में ओपीडी सेवा का भी शुभारंभ हुआ। स्वास्थ्य सेवा की आवश्यक सेवा की सौगात पाकर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं में खुशी भी देखी गयी। अस्पताल भवन के सामने आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि जिले में पचास बेड के इस पहले अस्पताल के संचालन से अब यहां प्रसव पूर्व जांच, परामर्श, महिलाओं के खून की जांच, नार्मल एवं सिजेरियन डिलेवरी सुविधा के साथ बच्चों के लिए एनआईसीयू व बेंटीलेटर एवं ब्लड बैंक की सुविधा मिल सकेगी।विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि रामपुरखास में स्वास्थ्य सेवाओं को बुनियादी मजबूती प्रदान कर गरीब तथा संसाधनविहीन वर्ग को सहूलियत मिलती रहेगी। सांसद प्रमोद तिवारी ने भी अपने वर्चुअल संबोधन में पचास बेड के महिला बाल चिकित्सालय को क्रियाशील कराए जाने में विधायक मोना की सराहना की। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि ट्रामा सेण्टर, ऑक्सीजन प्लांट और अब महिला एवं बाल चिकित्सालय के संचालन से लोगों की इलाज के लिए बेहतर मदद मिल सकेगी। इसके पहले विधायक मोना ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य अस्पताल भवन का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार गरिमा वर्मा व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 श्याम भार्गव व ईओ इन्द्र प्रताप ने भी स्वास्थ्य से जुड़ी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता ने यहां संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारियां प्रदान की। विधायक पुत्र राघव मिश्र ने स्वागत भाषण में जन सहयोग का आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी व संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया।

# कंपोजिट विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

● **बीईओ ने कहा शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज और राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव है**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत निपनिया स्थित कंपोजिट विद्यालय में बुधवार को नवारम्भ, वार्षिकोत्सव एवं स्कूल अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक यशोदा नंद भारती के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्रा और विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजू उर्फ लल्लू पासवान रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के अवसर पर विद्यालय में प्रवेश लेने वाले नवागत बच्चों का बीईओ हेमंत कुमार मिश्रा ने हल्दी-चंदन का तिलक लगाकर और कॉपी-कलम भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही कक्षा 8 के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वहीं इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रहा। खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्रा ने मौजूद छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज और राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे।

# बीईओ के दूसरे निरीक्षण में भी अनुपस्थित मिले सहायक अध्यापक

● **सोमवार और बुधवार दोनों दिन के निरीक्षण में बिना सूचना गायब मिले सहायक अध्यापक, बीईओ ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को किया प्रेषित**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा विकास खंड के ग्राम पंचायत सेवतरी स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात एक सहायक अध्यापक की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। आरोप है कि उक्त विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक नियमित रूप से विद्यालय नहीं आते हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। आईजीआरएस के माध्यम से मिली शिकायत के बाद बीते सोमवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्र ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया था। बीईओ के निरीक्षण में सहायक अध्यापक अनुपस्थित पाए गए थे। वहीं बुधवार को पुनः खण्ड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया तो दूसरे दिन भी सहायक अध्यापक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिले। बीईओ ने मौके पर अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर पर उक्त अध्यापक की अनुपस्थिति दर्ज कर मामले की विस्तृत रिपोर्ट कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी है। शिकायत के बाद बीईओ के लगातार दूसरी बार के निरीक्षण में सहायक अध्यापक की अनुपस्थित ने आरोप को सत्य साबित कर दिया।

इस संबंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्र ने कहा कि शिकायत के आधार पर विद्यालय का दो बार निरीक्षण किया गया है। दोनों ही अवसरों पर सहायक अध्यापक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

### कमिश्नरेट में संगठित अपराध पर सख्तीः गैंगस्टर एक्ट मामलों की उच्चस्तरीय समीक्षा गोष्ठी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर।** दिनांक 01.04.2026 को पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में गैंगस्टर एक्ट से संबंधित अभियोगों की समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा, अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध) संकल्प शर्मा व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तथा अभियोजन अधिकारी की उपस्थिति में लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही अभियोजन के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर साक्ष्यों के सुदृढ़ीकरण, गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं दोषसिद्धि दर बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त चिन्हित अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने हेतु निर्देश दिए गए, जिससे जनपद में संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ व्यक्ति घायल



**सिद्धार्थनगर ।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे शोहरतगढ़- बढ़नी के बानगंगा नदी पुल के निकट बुधवार शाम को किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से एक व्यक्ति घायल होकर सड़क किनारे पड़ा हुआ था। घटना की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ पर भर्ती कराया। घायल व्यक्ति की समाचार लिखे जाने तक पहचान नहीं हो सकी थी, इलाज अस्पताल में चल रहा है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदनशाह मोहल्ला निवासी लईक खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 मार्च की रात करीब 9.26 बजे उन्होंने अपनी डीलक्स मोटरसाइकिल (नंबर यू.पी. 94 यू 3262) को के.के. नर्सिंग होम के पीछे नहर के पास खड़ा किया था। करीब एक घंटे बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। काफी तलाश के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने आशंका जताई है कि अज्ञात चोर उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके पुत्र से मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में गाली-गलौज का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। दबंगों ने युवक और उसके पुत्र के साथ मारपीट कर दी तथा घर पर पथराव कर तोड़फ़ोड़ की। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नेहरू नगर निवासी सुखनंदन विश्वकर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 मार्च की रात करीब 8 बजे वह अपने पुत्र नरेंद्र के साथ मजदूरी कर घर लौटे थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही अलभ उर्फ छोटू, आकाश, रामसेवक और पुन्नू एकराय होकर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने सुखनंदन को जमीन पर पटककर लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उन्हें कई चोटें आईं। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उनके घर पर ईंट-पत्थर फेंककर तोड़फ़ोड़ भी की। घटना के दौरान उनके पुत्र नरेंद्र के साथ भी हाथापाई हुई, जिसमें छत से गिरने के कारण दोनों को चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित ने अपने पुत्र का इलाज जिला अस्पताल में कराया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी आए दिन धमकी देते रहते हैं। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 352, 115(2), 351(3) व 324(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ओबरा तापीय परियोजना गेट पर 22 सूत्री मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

**ओबरा/ सोनभद्र-** उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के आह्वान पर ओबरा तापीय विद्युत परियोजना में आंदोलन के प्रथम चरण की शुरुआत की गई। अपनी 22 सूत्रीय मांगों के समर्थन में परियोजना के कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने विरोध का एक अनोखा तरीका अपनाया। परियोजना के सीटीपीएस (CTPS) गेट और परियोजना अस्पताल सहित जनपद के विभिन्न कार्यस्थलों पर सभी कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। खास बात यह रही कि विरोध के बावजूद कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार नहीं किया और पूरी निष्ठा के साथ अपने-अपने कार्यस्थलों पर डटे रहे। कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए प्रबंधन और सरकार तक अपनी बात पहुँचाने का प्रयास किया। मुख्य रूप से ओबरा सीटीपीएस गेट और परियोजना चिकित्सालय में व्यापक असर देखा गया। कर्मचारी संघ की 22 सूत्रीय मांगें लंबित हैं, जिन्हें लेकर यह चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया गया है। इस विरोध प्रदर्शन में संघ के प्रमुख पदाधिकारियों सहित सैकड़ों साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य रूप से निम्नलिखित सदस्य सक्रिय नजर आए।

# उपेक्षा की राजनीति के खिलाफ युद्ध की घोषणा

**● एआईयूडीएफ उम्मीदवार अनुप कुमार दास तालुकदार ने जीत के लक्ष्य के साथ जोरदार तैयारी में जुटे।**

**रामकृष्णनगर में त्रिपक्षीय संघर्ष के स्पष्ट संकेत।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि:** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के चुनावी मैदान में इस बार नए राजनीतिक समीकरण के संकेत देते हुए अनुप कुमार दास तालुकदार ने दमदार एंट्री की है। लंबे समय तक इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड में जनरल मैनेजर के पद पर कार्य करने के बाद उन्होंने जनसेवा के उद्देश्य से सक्रिय राजनीति में कदम रखा। इंडियन नेशनल कांग्रेस से जुड़े रहने के बावजूद, 2026 के विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने पर उन्होंने आल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया। वर्तमान में वे जीत के लक्ष्य के साथ जोरदार तैयारी में जुटे हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान अनुप कुमार दास तालुकदार के स्वर में तीखा विरोध और असंतोष झलकता है। उन्होंने सीधे भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पूरे घाटी क्षेत्र में लंबे समय से कायवर्त समाज की उपेक्षा और अपमान किया गया है। इसी के विरोध में उन्होंने एआईयूडीएफ का दामन थामते हुए 'समाज और देश के विकास की लड़ाई' लड़ने का संकल्प लिया है। उन्होंने एक विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि कांग्रेस और भाजपा के बीच कोई बुनियादी वैचारिक अंतर नहीं है। उनके शब्दों में, 'दिन में कांग्रेस, रात में भाजपा असल में दोनों एक ही जड़ से जुड़े हैं। इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। इसके अलावा, उन्होंने भाजपा प्रत्याशी विजय मालाकार की नागरिकता को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'एक संदिग्ध नागरिक को उम्मीदवार बनाने में इतनी दिलचस्पी क्यों? क्या इस क्षेत्र में योग्य और शिक्षित लोगों की कमी है?' इस टिप्पणी के जरिए उन्होंने सत्ताधारी दल की उम्मीदवार चयन प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े किए। अपने लंबे प्रशासनिक अनुभव और



ईमानदारी की छवि को सामने रखते हुए अनुप कुमार दास तालुकदार ने रामकृष्णनगर के मतदाताओं से समर्थन और सहयोग की अपील की है। उनका मानना है कि जनता अब 'वादों की राजनीति' और 'जमीनी हकीकत' के बीच का अंतर समझने लगी है। कुल मिलाकर, रामकृष्णनगर में इस बार इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी और आल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के बीच त्रिकोणीय मुकाबले के संकेत साफ नजर आ रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अनुपबाबू की आक्रामक रणनीति चुनावी समीकरण को नया मोड़ दे सकती है। अब मतदाता का निर्णय अंतिम समीकरण तय करेगा, और राजनीतिक दलों की रणनीति का असली असर जनता की पसंद में ही देखा जाएगा।

## हनुमान जयंती पर मांस-मछली व शराब की दुकानों को बंद रखने की मांग

**श्रद्धालुओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, धार्मिक भावनाओं का रखा हवाला**

**ललितपुर।** आगामी 2 अप्रैल 2026 को मनाई जाने वाली हनुमान जयंती के मद्देनजर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर मनीष कुमार विश्वकर्मा को सौंपकर जनपद में मांस, मछली एवं मदिरा की दुकानों को बंद रखने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि हनुमान जयंती का पर्व पूरे देश में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। इस दिन बड़ी संख्या में भक्त मंदिरों में दर्शन-पूजन करते हैं तथा विभिन्न स्थानों पर शोभायात्राएं भी निकाली जाती हैं। ऐसे में धार्मिक भावनाओं और पर्व की पवित्रता को बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि इस दिन मांस और मछली की दुकानें बंद रहें। इसके साथ ही कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से शराब की दुकानों को भी पूर्ण रूप से बंद रखने की मांग की गई है। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस निर्णय से समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहेगा और त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न होगा। ज्ञापन देने वालों में मानव ऑर्गेनाइजेशन से पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड., पत्रकार अमित पाण्डेय, शेरसिंह यादव एड., आकाश कुमार झां एड., विकास झां एड., पत्रकार अमित लखेरा के अलावा अनेकों श्रद्धालुओं के हस्ताक्षर अंकित बताये गये हैं।

# रामकृष्णनगर में बीजेपी में बड़ा विभाजन, सैकड़ों पुरुष और महिलाएं कांग्रेस में शामिल





**● चुनाव से पहले सत्तारूढ़ पार्टी को बड़ा झटका।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि:** श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर क्षेत्र में चुनाव से पहले सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। एक साथ सैकड़ों पुरुष और महिला बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़कर इंडियन नेशनल कांग्रेस में शामिल होने का फैसला किया। इस घटनाक्रम से राजनीतिक हलकों में तेज हलचल मच गई है। गत सोमवार को कांग्रेस उम्मीदवार सुरुचि राय की उपस्थिति में औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल हुए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक विजय मालाकार के करीबी कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं के तानाशाही तथा अधिनायकवादी रवैये के कारण वे लंबे समय से उपेक्षित महसूस कर रहे थे। उनका कहना है कि कई बार इस मुद्दे को विधायक के संज्ञान में लाया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। दलबदल करने वालों के अनुसार, 'सत्तारूढ़ दल की इस तानाशाही और अधिनायकवादी कार्यशैली को हम अब और सहन नहीं कर सकते। इसलिए मजबूर होकर हमने यह निर्णय लिया। जहां सामान्य कार्यकर्ताओं और मतदाताओं की कोई अहमियत नहीं है, वहां बने रहने का कोई अर्थ नहीं है।' उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस में शामिल होने के बाद वे आगामी दिनों में पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में काम करेंगे और आम जनता के हित में संघर्ष जारी रखेंगे। गौरतलब है कि यह सामूहिक दलबदल रामकृष्णनगर क्षेत्र के दुल्लभछड़ा जीपी के वार्ड नंबर 7, मोकामछड़ा इलाके में हुआ। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस घटना से हिंदू वोट बैंक में संभावित विभाजन के संकेत मिल रहे हैं, जो चुनावी परिणामों को प्रभावित कर सकता है। दलबदल करने वालों का नेतृत्व राहुल चौहान, रंजीत पाल, मनोज कानू, शिव शंकर ग्वाला, संतोष कानू (गुड्डू), प्रदीप राय, प्रणय नाथ, अनुप नाथ सहित अन्य स्थानीय पुरुष और महिला ने योगदान क्या।

# खजनी-गोरखपुर मार्ग पर हादसों व जाम से राहत की मांग, जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खजनी**–गोरखपुर मार्ग पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं, टोल बचाने के कारण लगने वाले जाम और बाढ़ प्रभावित गांवों में बिजली आपूर्ति की समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान धुवहा ग्राम प्रधान रमेश सिंह, हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्याम मोहन उपाध्याय तथा भाजपा उनवल मंडल युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अमन सिंह ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि खजनी-गोरखपुर मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। टोल टैक्स बचाने के लिए बड़ी संख्या में ट्रक और अन्य भारी वाहन इस मार्ग का उपयोग करते हैं, जो तेज रफ्तार में चलते हैं। इससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं, जिनमें कई



परिवार प्रभावित हो चुके हैं। जनप्रतिनिधियों ने मांग की कि इस मार्ग पर सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाते हुए इसे 'नो एंट्री जोन' घोषित किया जाए।

उन्होंने यह भी बताया कि अवैध रूप से चल रहे इन भारी वाहनों के कारण सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, जबकि आम जनता घंटों जाम में फंसकर परेशान रहती है। मरीज, छात्र, कर्मचारी और मजदूर–सभी को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। बिजली आपूर्ति के मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र के कई गांव बाढ़ प्रभावित हैं और वर्तमान में विद्युत लाइन खेतों और जलभराव वाले क्षेत्रों से होकर गुजरती है। इससे मंझरिया, विनैका, रेक्सानारा, छताई और कटघर जैसे गांवों में बाढ़ के समय बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। साथ ही शॉर्ट सर्किट के कारण खेतों में खड़ी फसलों में आग लगने की घटनाएं भी सामने आती हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने जैतपुर से छताई तक सड़क मार्ग के किनारे विद्युत आपूर्ति लाइन स्थापित कराने की मांग रखी।इसके अतिरिक्त ग्राम प्रधान रमेश सिंह ने छताई पुल के पास स्थित मंदिर में बिजली व्यवस्था, ग्राम सभा में बहुउद्देशीय भवन निर्माण, मुख्य सड़क से आमी नदी तक नाला निर्माण और आंतरिक सड़कों के निर्माण की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

# 24 घंटे बाद सरयू में मिला किशोर का शव, घर में मचा कोहराम, गोला पुलिस ने भेजा पोस्टमार्टम, SDRF की कड़ी मशक्कत के बाद मिला शव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोला गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के सरयू तट स्थित गोडियाना घाट पर नहाने के दौरान डूबे 17 वर्षीय किशोर प्रिंस शुक्ला का शव करीब 24 घंटे बाद बरामद होने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को उस स्थान से लगभग आधा किलोमीटर दूर खोज निकाला, जहां वह डूबा था। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव का माहौल गमगीन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रिंस शुक्ला पुत्र संतोष शुक्ला मंगलवार को अपने दोस्तों के साथ नऊवाबाबा की कुटी के पास सरयू नदी में स्नान करने गया था। इसी दौरान तेज बहाव के कारण वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते लापता हो गया। साथियों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुटे और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही गोला पुलिस और तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ के एसआई निसार अहमद के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार शाम करीब सवा पांच बजे से ही नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। तेज बहाव और गहराई के कारण रेस्क्यू अभियान काफी चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन टीम ने हार नहीं मानी और लगातार तलाश जारी रखी। करीब 24 घंटे बाद बुधवार को दोबारा शुरू किए गए अभियान में टीम को सफलता मिली और किशोर का शव बरामद कर लिया गया। शव मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना पाकर दिल्ली में रह रहे पिता संतोष शुक्ला तत्काल घर पहुंच गए, जबकि हिमाचल प्रदेश में रह रहे दादा राधेश्याम भी गांव के लिए रवाना हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि प्रिंस अपने परिवार में सबसे छोटा था और हाल ही में उसने हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। उसकी असमय मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध है। शव मिलने के बाद पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया। हालांकि परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराने की मांग कर रहे थे, लेकिन थाना प्रभारी राकेश रौशन सिंह ने स्पष्ट किया कि कानूनी प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम कराना अनिवार्य है। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# खजनी में सनसनी: पोखरे से मिला कंकाल, कपड़ों से हुई मंदबुद्धि युवक नासिर की पहचान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खजनी गोरखपुर।** जनपद के गीडा थाना क्षेत्र स्थित खानीपुर गांव में बुधवार (01 अप्रैल 2026) को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक पोखरे में अज्ञात व्यक्ति का कंकाल बरामद हुआ। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। शुरुआती जांच में मिले कपड़ों के आधार पर कंकाल की पहचान नासिर नामक युवक के रूप में की गई, जो मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि नासिर की गुमशुदगी की रिपोर्ट करीब डेढ़ महीने पहले, 15 फरवरी 2026 को गीडा थाने में दर्ज कराई गई थी। यह रिपोर्ट अमर सिंह पुत्र स्व. प्रहलाद सिंह, निवासी खानीपुर द्वारा दर्ज कराई गई थी, जिनके यहां नासिर काम करता था। गुमशुदगी के बाद से ही परिजन और स्थानीय लोग उसकी तलाश में जुटे थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका था। बुधवार को गांव के कुछ लोग जब पोखरे के पास पहुंचे तो उन्हें पानी में कंकाल जैसी आकृति दिखाई दी। पास जाकर देखने पर मामला संदिग्ध लगा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कंकाल के पास मिले कपड़ों से उसकी पहचान नासिर के रूप में हुई है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम हेतु बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी कर ली गई है। इस घटना से पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नासिर शांत स्वभाव का था और गांव में ही मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था। उसकी अचानक गुमशुदगी और अब इस तरह कंकाल के रूप में मिलने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है, ताकि इस रहस्यमयी मौत की सच्चाई सामने लाई जा सके।

## धार्मिक कार्यक्रम के दौरान महिला की सोने की चेन चोरी

**ललितपुर।** शहर में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान महिला की सोने की चेन चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला आजादपुरा निवासी संगीता जैन 14 मार्च को एक धार्मिक अवसर पर स्टेट बैंक के पास मोबाइल दुकान के सामने आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके गले से सोने की चेन पार कर दी। पीड़िता ने काफी तलाश की, लेकिन चेन का कोई सुराग नहीं लग सका। जानकारी करने पर यह भी सामने आया कि कार्यक्रम में शामिल अन्य महिलाओं की चेन भी चोरी हुई है। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में जांच कर रही है और संदिग्धों की तलाश जारी है।

# श्री महावीरी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर रामचरितमानस पाठ

**●-भंडारे का आयोजन आज**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कुशीनगर।** पडरौना नगर स्थित श्री महावीरी मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य रूप से श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका विनय जायसवाल द्वारा विधिवत पूजन के साथ किया गया। इस दौरान उनके साथ कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी पूजा-अर्चना में भाग लिया, जिससे मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम एवं हनुमान जी से नगर की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। यह धार्मिक आयोजन न केवल आस्था का केंद्र बना, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करने का माध्यम साबित हुआ। कार्यक्रम का समापन 2 अप्रैल 2026 को भव्य भंडारे के साथ किया



जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर पुजारी गौरी शंकर, लाटा, दीपक त्रिपाठी, विवेक अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, जयप्रकाश वर्मा, वासु चौरसिया, पिंकू वर्मा, दीपक वर्मा, श्याम वर्मा, आदित्य गुप्ता, विराट त्रिपाठी, आलोक गुप्ता, कपिल चौबे, विवेक उपाध्याय, प्रमोद गोयल, सुमित गुप्ता, मनीष गुप्ता, अक्षय वर्मा, संजय गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, शंभू चौरसिया, बंटी गुप्ता, हर्ष मोदनवाल, विकास अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खेत में घुसी भैंस को लेकर विवाद

**लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला**

**ललितपुर।** खेत में भैंस घुसने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दबंगों ने युवक पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम बिजरौठा मजरा दिदौरा निवासी वृषभान ने शिकायत दर्ज कराई है कि 30 मार्च की शाम करीब 6 बजे वह अपने खेत में काम कर रहा था। तभी गांव के ही रामप्रसाद ने अपनी भैंसें उसके खेत में छोड़ दीं, जिससे फसल चरने लगी। वृषभान द्वारा भैंसों को खेत से भगाने पर रामप्रसाद, किशोरी, बृजेश और हरिओम एकजुट होकर लाठी-डंडों व हथियार लेकर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने वृषभान के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे रिश्तेदार को भी पीट दिया गया। आरोप है कि एक आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वृषभान को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 115(2), 118(1), 352 व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संचारी रोगों से बचाव पूरी तरह संभव: सीडीओ



**●विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (1 से 30 अप्रैल) तथा 11 से 30 अप्रैल तक चलने वाले दस्तक अभियान की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट, नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने रैली निकालकर लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों से बचाव पूरी तरह संभव है, इसके लिए साफ-सफाई और जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां मच्छरों के काटने से फैलती हैं, इसलिए लोगों को अपने आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए और जलभराव नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान के तहत एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग, नाला-नालियों की सफाई, तालाब और पोखरों के आसपास झाड़ियों की सफाई तथा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही ग्राम पंचायतों, नगर पालिका और नगर पंचायतों के वार्डों में साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जलभराव रोकने और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने बताया कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग है तथा कुल 13 विभाग मिलकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं। इस दौरान एसीएम डॉ. एस.के. सिन्हा, नोडल अधिकारी डॉ. हरेंद्र, डीटीओ डॉ. राजेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ. विपिन रंजन, जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी लालबचन चौधरी, सीफार संस्था के जिला प्रतिनिधि नीरज ओझा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बेसिक शिक्षा परिषद के पाठ्यक्रम पर आधारित सामान्य ज्ञान की पुस्तिका का विमोचन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र बार में ग्राम प्रधान एवं अध्यापकों की कार्यशाला में शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रधानाध्यापक डा.हेमंत तिवारी द्वारा लिखित बेसिक शिक्षा परिषद की पाठ्यक्रम पर आधारित सामान्य ज्ञान की पुस्तिका का विमोचन खंड शिक्षा अधिकारी शैलजा व्यास ब्लॉक प्रमुख गुणमाला राजपूत एवं ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष शेरसिंह यादव के विशिष्ट अतिथ्य में किया गया। बीईओ शैलजा व्यास ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं नई-नई तकनीक के प्रयोग होने से बच्चों को रुचिकर ढंग से पढने के सीखने के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा में तकनीकी का समावेश तो आवश्यक है लेकिन पुस्तकों का स्थान कोई तकनीकी नहीं ले सकती। विशिष्ट अतिथि शेरसिंह यादव ने कहा कि जिस प्रकार इस पुस्तिका में मानचित्रों का प्रयोग कर सरल तरीके से उत्तर प्रदेश के मंडल जनपद एवं देश-विदेश की विभिन्न जानकारियां को संकलित किया गया है वह छात्रों के लिए काफी उपयोगी है।

शिक्षक मोर्चा जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी ने कहा सामान्य ज्ञान की यह पुस्तिका परिषदीय विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास है, जिसका संशोधित संकरण संस्करण शीघ्र ही तैयार कर जनपद स्तर पर विमोचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी तीन बार जनपद स्तर की सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता कराकर राज्य स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से जनपद के विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने का कार्य उनके माध्यम से किया गया है। इस वर्ष भी इन पुस्तकों के प्रकाशन के उपरांत जनपद स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन की योजना है। इस दौरान आरपी विशाल नायक, आजाद वर्मा, राजेंद्र यादव, उदयभान सिंह, विशाल गुप्ता, अखिलेश श्रीवास्तव, अरविंद राजपूत, राजेंद्र सिंह, शिवप्रकाश राजौरिया, सुखदेवी, सेमी, फरजाना, ज्योति कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।